


राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- सम्मान और सुरक्षा के लिए शिक्षा जरूरी - 7



जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को - 10



यूक्रेन युद्ध के परोक्ष परिणाम ग्लोबल साउथ के देशों पर डाल रहे हैं असर - 11



यूएस ओपन में सबालेंका और अनिसिमोवा के बीच होगी खिताबी भिड़ंत - 12


आज का मौसम
32.0⁰ अधिकतम तापमान
26.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.53
सूर्यास्त 06.28

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 01:41 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

शनिवार, 6 सितंबर 2025, वर्ष 6, अंक 287, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### फर्जीवाड़ा को लेकर सेबी ने किया आगाह

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को निवेशकों को आगाह किया कि वे सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर उसके नाम से प्रसारित हो रहे धोखाधड़ी वाले संदेशों और सूचनाओं को लेकर सतर्कता बरतें। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों से कहा कि वे ऐसे संदेशों के आधार पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने या धनराशि देने से बचें। सेबी ने कहा कि उसके संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं जिनमें धोखेबाजों ने सेबी अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करने के साथ प्रतीक चिह्न (लोगो), लेटरहेड और मुहर का दुरुपयोग किया तथा फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर संदेश भेजे।

### वैष्णो देवी यात्रा 11वें दिन भी स्थगित

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए यात्रा शुक्रवार को लगातार 11वें दिन भी स्थगित रही। 26 अगस्त को भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी। इस भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए थे। हालांकि दस दिन की भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के बाद मौसम में काफी सुधार हुआ है और धूप निकली है, लेकिन अधिकारियों ने अभी तक यात्रा को फिर से शुरू करने पर कोई फैसला नहीं लिया है। इस बीच, माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर जम्मू और कटरा के बीच शुरू की गई लोकल ट्रेन सेवाएं निलंबित रहीं।

### छह माओवादियों पर प्राथमिकी दर्ज

**मेदिनीनगर।** झारखंड के पलामू में पुलिसकर्मियों के साथ हुई मुठभेड़ के संबंध में तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) के छह सदस्यों के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि इस मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए और एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, टीएसपीसी के स्वयंभू जोनल कमांडर शशिकांत गंझू, कार्यकर्ता मुखदेव यादव, उमेश सिंह खरवार, रोहिणी गंझू, कुलदीप और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल गांव में गुरुवार रात करीब साढ़े 12 बजे सुरक्षा बलों और प्रतिबंधित टीएसपीसी संगठन के सदस्यों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस के इंजन में आई खराबी, इमरजेंसी लैंडिंग

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

- विमान को इंदौर में एहतियातन उतारा गया, सभी 161 यात्री सुरक्षित



दिल्ली से इंदौर आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान को एक इंजन में तकनीकी खराबी की सूचना के बाद यहां देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे पर शुक्रवार को एहतियातन उतारा गया और इसमें सवार सभी 161 यात्री सुरक्षित हैं।

हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत सेठ ने बताया कि इंजन में तकनीकी खराबी की सूचना मिलने पर हमने तमाम एहतियात बरतते हुए इस वायुयान को इंदौर के हवाई अड्डे पर सुबह 09:55 बजे उतारा। निर्धारित समय के मुताबिक इस विमान को सुबह 09:35 बजे इंदौर हवाई अड्डे पर उतरना था। उन्होंने बताया कि उड़ान संख्या आईएक्स 1028 वाले इस विमान का चालक दल और इसमें सवार सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। विमान के पायलट ने एटीसी को पैन-पैन संकेत भेजा जिसके बाद एसओपी के तहत हवाई अड्डे पर अग्निशमन और चिकित्सा के इंतजाम किए गए।

# हमने भारत-रूस को चीन के हाथों खो दिया : ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- टैरिफ वॉर के बीच एससीओ समिट के बाद नरम पड़े अमेरिकी राष्ट्रपति के तेवर
- ट्रुथ सोशल पर लिखा- चीनी राष्ट्रपति पुतिन और किंग जोंग के साथ रच रहे साजिश



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, लगता है कि हमने भारत व रूस को चीन के हाथों खो दिया है। यह बात ऐसे समय में कही गई है जब टैरिफ को लेकर भारत और अमेरिका के संबंध पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय में संभवतः सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं। वहीं, भारत ने ट्रंप की इस नई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देने से इंकार कर दिया है।

सोशल मीडिया पर ट्रंप का यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब कुछ ही दिन पहले चीन के शहर तियानजिन में एससीओ के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति पुतिन के बीच गर्मजोशी से हुई बातचीत ने विश्व का ध्यान आकर्षित किया। अमेरिका के राष्ट्रपति ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। साथ में उनका भविष्य दीर्घकालिक और समृद्ध हो! ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिए जाने के बाद नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों में खटास आ गई है, पिछले कुछ दिनों में, व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो सहित ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारियों ने भारत पर निशाना साधने के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया है।

### अमेरिका के खिलाफ साजिश रचने का लगाया आरोप

ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति पर पुतिन और उत्तर कोरिया के किम जोंग उन के साथ मिलकर अमेरिका के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कृपया व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं दें, क्योंकि आप अमेरिका के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं।

### भारत ने पीटर नवारो की टिप्पणियां की खारिज


**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए नई दिल्ली पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को गलत और भ्रामक बताते हुए शुक्रवार को खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने नवारो द्वारा दिए गए गलत और भ्रामक बयानों को देखा है और हम उन्हें स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। पिछले सप्ताह, नवारो ने भारत पर क्रेमलिन के लिए तेल धन शोधन केन्द्र होने का आरोप लगाया था। भारत रूसी हथियार खरीदना जारी रखे हुए है, जबकि उसने अमेरिकी रक्षा कम्पनियों से संवेदनशील सैन्य प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित करने और भारत में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने का आग्रह किया था।

# आतंकवादी जहां भी होगा, उसे ढूंढ़कर मारा जाएगा: सीडीएस

## चौहान बोले- युद्ध व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता

- गोरखपुर में भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी में रखे विचार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



**अमृत विचार:** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने कहा कि युद्ध में सफलता प्राप्त करने के लिए सरप्राइज एक महत्वपूर्ण फैक्टर होता है। भारतीय सेनाओं ने हर बार दुश्मन को सरप्राइज कर अपना टारगेट पूरा किया। आतंकवादी कहीं भी हो, उसे ढूंढ़कर मारा जाएगा। उन्होंने आने वाले समय में नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी की जरूरत भी गिनाई। कहा कि युद्ध व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता।

गोरखपुर में शुक्रवार को भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां विषयक संगोष्ठी के मुख्य अतिथि सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि समग्र रूप से राष्ट्र की सुरक्षा के लिए तीन घटक भूमि की सुरक्षा, विचारधारा की सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षा महत्वपूर्ण होते हैं। कहा कि सैन्य तत्परता के लिए रक्षा संसाधनों, अनुसंधान एवं विकास के साथ रणनीतिक संस्कृति अहम होती है। जनरल चौहान ने एक जर्मन विद्वान के उद्धरण के हवाले से कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में युद्ध, राजनीति का ही विस्तार है। सैन्य क्षमता की मजबूती इस बात पर भी निर्भर होती है कि किसी राष्ट्र ने शांतिकाल में रक्षा क्षेत्र में कितना खर्च किया। सीडीएस ने बताया कि उरी सर्जिकल स्ट्राइक में भारत ने जमीन के रास्ते जाकर आतंकी ठिकानों को बर्बाद किया, बालाकोट में एयर स्ट्राइक का सहारा लिया जबकि पहलगाम हमले के बाद लो एयर स्पेस, ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। बालाकोट हमले के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों ने अलग अलग सीख ली। पाकिस्तान ने एयर डिफेंस पर ध्यान दिया तो भारत ने लंबी दूरी तक हमला करने वाले हथियारों पर। सीडीएस ने यह भी कहा कि 'न्यू नॉर्मल' नीति ऐसी स्थिति होती है जो संकट खत्म होने के बाद बनती है। जैसे कोविड के बाद वर्क फ्रॉम होम और नोटबंदी के बाद डिजिटल लेनदेन की अभ्यस्तता। पर, न्यू नॉर्मल में यह स्पष्ट है कि आतंकवाद और बातचीत, व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते।

### ऑपरेशन सिंदूर में कम थी आमने-सामने की लड़ाई

सीडीएस चौहान ने कहा कि राजनीतिक नेतृत्व से सैन्य बलों को दिशा मिलती है। ऑपरेशन सिंदूर में नेतृत्व से क्लियर कट दिशानिर्देश था कि आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाना है, नागरिक ठिकानों को नहीं। दुश्मन के किसी भी उकसावे पर सेना को जवाबी कार्रवाई की खुली छूट दी गई थी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का मकसद सिर्फ बदला लेना नहीं था, धैर्य का स्तर भी बढ़ाना था। ऑपरेशन सिंदूर ऐसा पहला युद्ध तहस जिसमें दुश्मन से आमने सामने की लड़ाई काफी कम थी। इसमें न फ्रंट था और न रियर। ऑपरेशन सिंदूर अभी ऑफिशियली टर्मिनेट नहीं किया गया है।

### सीमा विवाद राष्ट्र की सुरक्षा में पहली चुनौती

सीडीएस ने कहा कि भारत में राष्ट्र की सुरक्षा की पहली चुनौती सीमा विवाद की है। पाकिस्तान और चीन से हुई लड़ाइयां सीमा विवाद का ही परिणाम हैं। पाकिस्तान की तरफ से प्रॉक्सी वार, पड़ोसी देशों में अस्थिरता और युद्ध के बदलते स्वरूप अन्य चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध का स्वरूप अब विकेंद्रित होता जा रहा है। भविष्य में नई तकनीकी आधारित, रोबोटिक्स और मानवरहित युद्ध हो सकते हैं।

# दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में बाढ़, नोएडा के सेक्टरों में घुसा पानी

## बारिश से पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही

- दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही
- हिमाचल में 350 श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टरों से निकाला गया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नोएडा में यमुना नदी के उफान के कारण जलमग्न हुआ क्षेत्र।

बारिश के कारण पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही आ गई है। यमुना का उफनता पानी दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में तबाही मचा रहा है। दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जिससे यहां कई इलाकों में बाढ़ की चपेट में आ गए। नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 डूब गए हैं। कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भर गया। उत्तर दिल्ली के मजनू का टीला की तंग गलियों में पानी घुस आया, जिससे दर्जनों घर और दुकानें जलमग्न हो गईं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है ।

यमुना नदी में आई बाढ़ ने फरीदाबाद में भारी तबाही मचाई है और बाघपुर के मोहना पुल के पास सड़कें क्षतिग्रस्त होने के कारण गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। फरीदाबाद और पलवल जिलों के 20 से अधिक गांवों के लोगों का उत्तर प्रदेश में आवागमन बंद हो गया है। वहीं पंजाब में बाढ़ में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 43 हो गई। राज्य के 23 जिलों के 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1.71 लाख हेक्टेयर जमीन पर लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। हिमाचल में मणिमहेश यात्रा मार्ग पर फंसे करीब 350 श्रद्धालुओं को भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों के जरिए भरमौर से चंबा पहुंचाया गया। चंबा जिले के विभिन्न भागों में सैकड़ों तीर्थयात्री अब भी फंसे हुए हैं। क्षेत्र में अगस्त के अंतिम सप्ताह में भारी बारिश से हुए कई भूस्खलनों और अचानक आई बाढ़ की वजह से सड़क संपर्क टूट गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा कर हालात का जायजा लेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में शामिल हैं। कुछ राज्य सरकारों ने संकट से निपटने के लिए केंद्र से वित्तीय सहायता की मांग की है।

# बैंक ऑफ बड़ौदा का भी अनिल अंबानी पर धोखाधड़ी का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एसबीआई, बीओआई भी पूर्व में लगा चुके हैं आरोप



एसबीआई और बैंक ऑफ इंडिया के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित किया है। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे बैंक ऑफ बड़ौदा से दो सितंबर को एक पत्र मिला जिसमें कंपनी एवं उसके प्रवर्तक अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाला वर्गीकृत करने के उसके फैसले की जानकारी दी गई है।

इसमें कहा गया कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने कंपनी को 1,600 करोड़ रुपये और 862.50 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा स्वीकृत की थी। ऋणदाताओं के पत्र के अनुसार, कुल 2,462.50 करोड़ रुपये में से 28 अगस्त तक 1,656.07 करोड़ रुपये बकाया थे। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने कहा कि इस खाते को पांच जून 2017 से एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है। रिलायंस कम्युनिकेशंस कॉर्पोरेट दिवाला समाधान कार्यवाही से गुजर रही है और कंपनी को अपने नियंत्रण में लेने तथा अपनी देनदारियों को चुकाने के लिए उपयुक्त व्यक्ति की तलाश है। बैंक ने पत्र में कहा कि वर्तमान में एनसीएलटी द्वारा अनुमोदित कोई सक्रिय समाधान योजना नहीं है। धोखाधड़ी की घोषणा फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट में निष्कर्षों/टिप्पणियों पर आधारित है और यह वर्गीकरण न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप है। अनिल अंबानी के प्रवक्ता ने कहा कि बीओबी की कार्रवाई 12 साल से भी अधिक पुराने मामलों से संबंधित है।

### बीओबी की कार्रवाई से कारोबार पर असर नहीं

**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर ने कहा कि रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की कार्रवाई का उसके कारोबारी संचालन और वित्तीय प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। शेयर बाजार को बताया कि वह एक अलग और स्वतंत्र सूचीबद्ध इकाई है, जिसका रिलायंस कम्युनिकेशंस से कोई व्यावसायिक या वित्तीय संबंध नहीं है।

## विस्फोटक के साथ 14 अतंकियों के मुंबई में घुसने की धमकी

**मुंबई।** मुंबई यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष को एक संदेश मिला जिसमें दावा किया गया है कि 14 आतंकवादी 400 किलोग्राम आरडीएक्स के साथ शहर में घुस आए हैं और उन्होंने इसे वाहनों में रख दिया है, एक अधिकारी ने बताया कि गणेश उत्सव के 10वें दिन अनंत चतुर्दशी के लिए पुलिस सुरक्षा इंतजाम कर रही है, इस बीच यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष को गुरुवार को व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर धमकी भरा संदेश मिला। संदेश भेजने वाले ने इसमें 'लश्कर-ए-जिहादी'' नामक संगठन का नाम लिखा है। उसने दावा किया कि 14 आतंकवादी शहर में घुस आए हैं और 34 वाहनों में 400 किलोग्राम आरडीएक्स रखा है, जिससे देश दहल जाएगा।

## बंदरों ने सो रहे बच्चे को उठाकर पानी भरे ड्रम में डाला, मौत

**(मछरेहटा) सीतापुर।** सूरजपुर गांव में पलंग पर सो रहे दो महीने के बच्चे को बंदरों के झुंड ने पलंग से उठाकर पानी भरे नीले ड्रम में डाल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।



- परिजनों का दावा- चारपाई पर सोते समय उठाकर ले गए थे बंदर

मछरेहटा थाना क्षेत्र के सूरजपुर निवासी अनुज कुमार के मुताबिक गांव में पिछले कई दिनों से बंदरों के झुंड उत्पात मचा रहे हैं। घटना के समय वह गांव में मजदूरों से निर्माण कार्य को लेकर बातचीत करने निकला था। पत्नी सविता पलंग पर दो माह के बच्चे को सुलाकर नहाने चली गईं। तभी बंदरों का झुंड नीचे उतरा और बच्चे को ड्रम भरे पानी में डुबो दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## 60 करोड़ की धोखाधड़ी में शिल्पा और राज के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके व्यवसायी पति राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि शहर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एलओसी जारी किया, क्योंकि शिल्पा और उनके पति अंतर्राष्ट्रीय यात्राएं करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि अभिनेत्री और उनके पति के खिलाफ 14 अगस्त को जुहू थाने में एक कारोबारी से ऋण-सह-निवेश सौदे में कथित तौर पर लगभग 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया था।



**पहल** शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी की ऐतिहासिक घोषणा, शिक्षामित्र, अनुदेशक और रसोइयों को भी कैशलेस इलाज की सुविधा

# प्रदेश के नौ लाख शिक्षकों को मिलेगा कैशलेस इलाज

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के शिक्षकों को ऐतिहासिक सौगात दी। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश के सभी शिक्षकों को अब कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना का लाभ बेसिक, माध्यमिक, सहायता प्राप्त और उच्च शिक्षा संस्थानों के शिक्षकों के साथ-साथ शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों को भी मिलेगा।

उन्होंने विपक्ष के तमाम दुष्प्रचारों पर प्रहार करते हुए कहा कि एक समिति शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय पर विचार कर रही है।



लखनऊ के लोकभवन सभागार में इस्लामिया गर्ल्स इंटर कालेज बरेली की प्रधानाचार्या चमन जहां को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह व्यवस्था लगभग नौ लाख परिवारों को राहत देगी और शिक्षकों को इलाज के लिए अब आर्थिक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि तय समय सीमा में इस सुविधा को लागू किया जाए। लोक भवन में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने चयनित शिक्षकों को सम्मानित कर टैबलेट वितरित किए और स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल टेक्नोलॉजी के माध्यम से शिक्षा को नई दिशा देने का कार्य तेजी से हो रहा है। प्रदेश के 2204 विद्यालयों को टैबलेट, और 1236 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की शुरुआत हो चुकी है। योगी ने कहा कि 2017 से पहले यूपी बोर्ड परीक्षाएं नकल के लिए कुख्यात थीं। लेकिन आज सीसीटीवी निगरानी, पारदर्शिता और समयबद्ध परिणाम के चलते यूपी बोर्ड देश के श्रेष्ठ बोर्डों में गिना जाने लगा है। उन्होंने कहा कि एक माह में परीक्षा परिणाम देना अब यूपी की पहचान बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत प्रारंभ की गई 'बाल वाटिका' में अब तक 5000 केंद्रों पर 25,000 बच्चों का नामांकन हो चुका है। इसे पोषण मिशन और आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ा गया है, ताकि बच्चे शिक्षा के साथ स्वस्थ भी रहें। निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों की भाषा और गणितीय दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

### शिक्षामित्रों के मानदेय पर विचार

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में बढ़ोतरी के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति की रिपोर्ट आने के बाद सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि ये सभी कार्मिक शिक्षा अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं, ऐसे में सरकार उनके हितों की अनदेखी नहीं कर सकती।

### नवाचार करने वाले शिक्षकों का होगा प्रचार-प्रसार

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के अधिकारियों से कहा कि शिक्षकों के नवाचारों को प्रकाशित कर स्कूलों तक पहुंचाया जाए। इससे अन्य शिक्षक भी प्रेरित होंगे और सरकारी विद्यालयों की छवि बदलेगी। उन्होंने कहा कि आज कई सरकारी स्कूल कॉन्वेंट स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं।

**न्यूज ब्रीफ**

### प्रतापगढ़ के धार्मिक स्थलों का होगा विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों के विकास के लिए प्रतापगढ़ में 8 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन योजनाओं के तहत जिले के प्रमुख मंदिरों, धामों और बौद्ध स्थलों के आसपास पर्यटक सुविधाओं का विस्तार और विकास किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि स्वीकृत विकास कार्यों में नगर पालिका बेल्हा, सुगता नन्द बौद्ध बिहार, राम जानकी मंदिर, ग्राम सभा बुआपुर (रूपपुर), बौद्ध बिहार, बाबा घुईसरनाथ धाम, मां दुर्गा मंदिर, नरसिंह धाम मंदिर (गंगा तट), बाबा अवधेश्वरनाथ धाम मंदिर (गंगा तट) तथा मां ज्वाला देवी धाम सिद्धपीठ शामिल हैं। प्रत्येक धार्मिक स्थल को पर्यटन विकास के लिए एक-एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है।

### आज कई बड़ी सौगात देंगे सीएम योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को परिवहन विभाग के जरिए प्रदेशवासियों को कई सौगातें देंगे। आयोजन शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में होगा। कार्यक्रम में परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1.5 लाख जनसेवा केंद्रों (सीएससी) के माध्यम से परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने की भी शुरुआत करेंगे। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सरल परिवहन हेल्पलाइन 149 की भी करेंगे। आईआईटी खड़गपुर, परिवहन विभाग, परिवहन निगम व सीएससी के मध्य एमओयू होगा। इसके अलावा कई अन्य सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे।

### मेरे वाहन पर आठ लाख का जुर्माना : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पुलिस पर जनता से वसूली करने का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि मेरी गाड़ी का ओवर स्पीड में आठ लाख रुपये का चालान कर दिया है। सपा अध्यक्ष शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से जो गाड़ी हमें दी गई है, वो चलने की हालत में नहीं है। भाजपा सरकार जनता से वसूली कर रही है। बिना सुविधाएं जमकर टैक्स वसूला जा रहा है।

# मतदेय स्थलों पर अब लंबी नहीं होगी मतदाताओं की लाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **प्रत्येक मतदेय स्थल पर 1500 मतदाताओं के मानक को कम कर किया 1200**
- **मतदाता सूची भी बड़ी नहीं होगी और सत्यापन व रखरखाव हो जाएगा आसान**
- **85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का शत प्रतिशत सत्यापन हो**

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रति मतदेय स्थल पर 1500 मतदाताओं के मानक को कम कर अब 1200 मतदाता कर दिया है। इससे अब चुनाव के दिन मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की भीड़ कम होगी और लंबी लाइनें नहीं लगेंगी। अब चुनाव के दौरान मतदाता मतदेय स्थल पर ज्यादा देर तक प्रतीक्षा किए बगैर आसानी से अपना मत डाल सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने इस बाबत जानकारी साझा करते हुए कहा कि मतदाता सूची भी बड़ी नहीं होगी और बीएलओ के लिए मतदाता सूची का सत्यापन एवं रखरखाव करना आसान हो जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मतदेय स्थलों पर न्यूनतम आश्वासित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए, जिसमें पीने का साफ पानी, महिला एवं पुरुष मतदाताओं के लिए अलग-अलग शौचालय, पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था, मतदेय स्थल पर पर्याप्त


मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

बिजली की व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं की व्हीलचेयर के लिए मतदेय स्थल पर स्थायी रैम्प उपलब्ध हो।

उन्होंने कहा कि 83 साल की आयु से अधिक उम्र के सभी वयोवृद्ध मतदाताओं का शत प्रतिशत सत्यापन कराया जाय, जिससे ऐसे मतदाताओं की वास्तविक संख्या का पता चल सके, जिससे वर्ष 2027 के चुनाव में घर पर रहकर वोट डालने के लिए पात्र अधिकतम मतदाताओं की संख्या का सही आंकलन किया जा सके।

### त्रुटिरहित सूची समेत महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के निर्देश

**अमृत विचार :** आगामी विधान सभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित एवं शुद्ध बनाने की कवायद तेज होने वाली है। आयोग ने मतदाता सूचियों में मतदाताओं की धुंधली, काली, अस्पष्ट तथा मानक के अनुरूप न पाये जाने वाली फोटो को यथाशीघ्र हटा कर उनके स्थान पर स्पष्ट व मानकानुसार फोटो अपलोड करने और दोहरी प्रविष्टियों को हटाने व मतदाताओं के मकान संख्या को सही से अंकित कराये जाने के निर्देश दिये। दरअसल, वर्तमान मतदाता सूचियों में मतदाताओं के नामों में त्रुटि होने, मतदाता की फोटो त्रुटिपूर्ण होने, मकान नम्बर की जगह शून्य दर्ज होने जैसे उदाहरण सामने आए हैं, ऐसे में सभी बीएलओ को ऐसी त्रुटियों को सही कराने के लिए मतदाताओं से फार्म-8 भरवाकर एक माह के भीतर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के निर्देश दिये। खासकर अयोध्या जिले के लिए यह भी कहा गया है कि जनसंख्या के लिंगानुपात के अनुरूप मतदाता सूची में महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ायी जाए।

### 17 तक कर सकेंगे दावे और आपत्तियां

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मऊ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित सभी मतदाता अपना नाम मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र. लखनऊ की वेबसाइट (ceouttarpradesh.nic.in) पर देख सकते हैं। जो व्यक्ति अर्हता तिथि 1 जुलाई को या उससे पूर्व अर्ह हो चुके हैं और उनका नाम किसी कारणवश प्रकाशित आलेख्य नामावली में अभी शामिल नहीं हो पाया है, तो निर्वाचक नामावली में नाम शामिल किए जाने को अपना आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 356-मऊ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दावे और आपत्तियां 17 सितम्बर तक प्राप्त की जाएंगी।

### बलरामपुर और श्रावस्ती आईजीआरएस में अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईजीआरएस की अगस्त माह की रिपोर्ट में प्रदेशभर में बलरामपुर और श्रावस्ती ने बराबर अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि शाहजहांपुर ने दूसरा और हमीरपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। आईजीआरएस द्वारा हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और जन शिकायत की सुनवाई की रिपोर्ट जारी की जाती है। अगस्त माह की रिपोर्ट के अनुसार बलरामपुर और श्रावस्ती ने मानक पूर्णांक 140 के सापेक्ष 137 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह शाहजहांपुर ने दूसरा, हमीरपुर ने तीसरा और पीलीभीत ने चौथा स्थान प्राप्त किया है। वहीं सोनभद्र पांचवें पायदान पर है। वहीं टॉप टेन जिलों में बरेली, अमेठी, हाथरस, औरैया और चंदौली शामिल हैं।

# राज्य पुरस्कार से 81 शिक्षक सम्मानित

## शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री ने 2204 माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को वितरित किए टैबलेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ स्थित लोकभवन में शुक्रवार को बेसिक और माध्यमिक शिक्षा से जुड़े कुल 81 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान प्रदेश के 2204 माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को टैबलेट भी वितरित किए गए, जबकि 1236 स्कूलों में स्मार्ट क्लास का लोकार्पण कर डिजिटल शिक्षा की ओर बड़ा कदम बढ़ाया गया।

- **1236 स्कूलों में स्मार्ट क्लास से डिजिटल शिक्षा की ओर बड़ा कदम**

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के वाहक हैं। शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को मंच मिलना चाहिए। उन्होंने एससीईआरटी द्वारा तैयार की गई बाल कहानी संग्रह 'गुल्लक', हस्त पुस्तिका 'बाल वाटिका', नवाचारों की पुस्तिका 'उद्गम' का विमोचन किया। साथ ही 'उद्गम' के डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत भी की।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1236 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लास का भी लोकार्पण किया और पांच विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को इस बाबत मंच से प्रमाण पत्र प्रदान किया। इनमें बांदा के अजय प्रकाश सिंह, गाजीपुर के दिनेश यादव, गोरखपुर की किरणमई तिवारी, ललितपुर की अंजना वर्मा और गोरखपुर से विश्वप्रकाश सिंह शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य सचिव दीपक कुमार, महानिदेशक कंचन वर्मा सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।


लखनऊ में शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर सम्मानित शिक्षक व शिक्षिकाएं।

### सम्मानित शिक्षक

- **बेसिक शिक्षा :** संतोष कुमार सिंह (भदोही), रेनू सिंह (मेरठ), मोहिनी श्रीवास्तव (लखीमपुर), डॉ. रीना मिश्रा (प्रयागराज), प्रमोद कुमार सिंह (गोरखपुर)
- **माध्यमिक शिक्षा :** रामप्रकाश गुप्त (हमीरपुर), कोमल त्यागी (गाजियाबाद), चमन जहां (बरेली), जंगबहादुर (जौनपुर), डॉ. वीरेन्द्र पटेल (गोरखपुर)

### सम्मान कार्यक्रम के मुख्य बिंदु

- बेसिक शिक्षा के 66 और माध्यमिक शिक्षा के 15 शिक्षक सम्मानित।
- चयनित शिक्षकों को 25,000 की धनराशि, प्रशस्ति पत्र, मां सरस्वती की प्रतिमा और शाल भेंट की गई।
- गुल्लक पुस्तक के जरिए नैतिक मूल्यों और ज्ञान को सहज रूप से बच्चों तक पहुंचाने का प्रयास।
- समर कैंप और पौधरोपण पर आधारित शैक्षिक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन हुआ।

### बालिकाओं की शिक्षा प्राथमिकता : संदीप सिंह

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि स्मार्ट क्लास, आधुनिक पद्धतियों और समावेशी कंटेंट के जरिए सरकार हर बच्चे तक समान व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने में सफल हो रही है। बालिकाओं की शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### शिक्षक जीवन का मार्गदर्शक : गुलाब देवी

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन का मार्गदर्शक होता है। योगी सरकार ने नकल पर पूरी तरह नियंत्रण पाया है, अब नकल माफिया को आजीवन कारावास तक का प्रावधान है।

# दुष्टों के संहार से ही सुरक्षित रहेगा राष्ट्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **मुख्यमंत्री ने कहा- दुर्गति की ओर ले जाती है किसी भी राष्ट्र के भीतर की अराजकता**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नागरिकों के संरक्षण और दुष्टों का संहार करके ही कोई राष्ट्र सुरक्षित रह सकता है। सुरक्षा के माहौल में ही स्मृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

वे शुक्रवार को गोरखपुर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों पर आयोजित संगोष्ठी श्रृंखला के पहले दिन 'भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां' विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने आचार्य चाणक्य के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई राष्ट्र वाह्य रूप से सुरक्षित हो और आंतरिक रूप से सुरक्षित न हो तो उसे अराजक राष्ट्र माना जाता है। ऐसा अराजक राष्ट्र शीघ्र समाप्त होने के कगार पर होता है। पाकिस्तान इसी तरह के अराजक राष्ट्र का उदाहरण है। आंतरिक अराजकता से वह पूरी तरह खोखला हो चुका है। उन्होंने कहा कि अराजकता किसी भी राष्ट्र को दुर्गति की ओर ले जाती है। दुर्गति से अस्तित्व पर संकट होता है। भारत प्राचीनकाल से ही इस पर सजग और सतर्क रहा है।

### हर समस्या का कराएंगे समाधान : योगी

**अमृत विचार :** गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि घबराइए मत, आपकी समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराएंगे। सरकार सबकी समस्या दूर करने को संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

# लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर बिना ब्रेक सफर

## एनएचएआई ने तैयार की योजना, टोल प्लाजा से नहीं घटेगी रफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ से कानपुर तक की दूरी अब और तेज, सुगम व सुचारु होगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की बड़ी योजना के तहत लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वाहनों की गति पर टोल का कोई असर नहीं पड़ेगा। 63 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे के मुख्य मार्ग पर एक भी टोल नहीं होगा, जिससे लखनऊ से कानपुर की दूरी महज 40-45 मिनट में तय की जा सकेगी। इस एक्सप्रेसवे पर वाहन 120 किमी/घंटे की रफ्तार से चल सकेंगे, क्योंकि पांच टोल प्लाजा कनेक्टिंग रैंप पर होंगे, जिससे मुख्य एक्सप्रेसवे पर गाड़ियों की रफ्तार बिना रुके बरकरार रहेगी।



### टोल दरें रहेंगी राष्ट्रीय राजमार्ग से अधिक

प्रस्तावित दरों के अनुसार, लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली राष्ट्रीय राजमार्ग की तुलना में लगभग 25% अधिक होगी। इसका कारण है उच्च गुणवत्ता की सड़क और तेज गति की यात्रा।

यानी वाहन अगर एक्सप्रेसवे पर चढ़ेंगे या उतरेंगे तो उन्हीं पांच स्थानों पर टोल वसूली होगी। इससे बीच मार्ग पर न तो ट्रैफिक रुकेगा और न ही अनावश्यक विलंब होगा।

एनएचएआई ने जानकारी दी है कि 15 दिसंबर तक लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। ज्यादातर निर्माण कार्य हो चुका है, केवल कुछ छोटे पैच और बिजली विभाग की लो-टेंशन लाइन को हटाना बाकी है। यह कार्य 14 सितंबर से शुरू किया जाएगा।

| वाहन श्रेणी | एकल यात्रा | वापसी यात्रा |
|---|---|---|
| लाइट मोटर वाहन | 125 | 181 |
| मिनी बस/हल्के वाहन | 200 | 294 |
| बस और ट्रक (2 एक्सेल) | 413 | 619 |
| थ्री एक्सेल वाणिज्य वाहन | 450 | 675 |
| ओवरसाइज वाहन | 794 | 1187 |

एनएचआई सूत्रों के अनुसार, यह दरें (रुपये में) संभावित हैं और इन्हें नवाबगंज टोल प्लाजा की वर्तमान दरों के आधार पर तय किया गया है, जिसमें 25% अतिरिक्त शुल्क जोड़ा गया है। यदि यह शुल्क हटाया जाएं तो दोनों दरों में समानता आ सकती है।

### इन 5 स्थानों पर होंगे टोल प्लाजा

- मीरनपुर पिनवट (लखनऊ से चढ़ने के लिए)
- आजाद नगर (कानपुर से चढ़ने के लिए)
- खंडदेव (प्राधिकरण टोल बिंदु - काम में विलंब के बाद गति)
- बनी (लखनऊ के पास इंटरसेक्शन)
- अमरसस गांव (उन्नाव-लालगंज के समीप)

# जीएसटी जनता की संतुष्टि से बड़ा नहीं

## वित्त मंत्री व जीएसटी काउंसिल के सदस्य सुरेश खन्ना ने जानकारी की साझा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **कहा- सरकार पैसे कमाने के लिए नहीं बैठी**
- **जीएसटी दरें कम होने से होंगे दूरगामी परिणाम**

**अमृत विचार :** वित्त मंत्री व जीएसटी काउंसिल के सदस्य सुरेश कुमार खन्ना ने शुक्रवार को जीएसटी की दरें कम होने से राजस्व पड़ने वाले प्रभावों पर मीडिया से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इससे शुरुआत में राजस्व को चोट पहुंच सकती है, लेकिन दूरगामी परिणाम सुखद होंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की संतुष्टि से बड़ा जीएसटी नहीं है, क्योंकि सरकार पैसे कमाने के लिए नहीं बैठी है। लंबी अवधि में जीएसटी सुधारों से राज्य की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार होगा और रोजगार के भी नये अवसर सृजित होंगे। जीएसटी काउंसिल की बैठक से लौटने पर शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी में सुधार बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जरूरी था।


वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव आम आदमी के हित में की गई एक बड़ी राहत है। छोटे व्यापारियों को तीन दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन देने की बात की गई है, जो एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि अनुभव बताते हैं कि जब-जब कर की दर में कमी की गई है, तब तब वस्तुओं एवं सेवाओं का वॉल्यूम बढ़ा है यानी मांग बढ़ी है। मांग बढ़ने से अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। एक तरफ इनकम टैक्स में बड़ी छूट देने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से आम आदमी एवं व्यापारी काफी प्रसन्न है और सभी ने इसे सराहा है।

### काउंसिल ने यूपी सरकार के प्रस्तावों को स्वीकारा

वित्तमंत्री ने यह भी बताया कि जीएसटी काउंसिल ने यूपी सरकार के प्रस्तावों को स्वीकार किया है। विलासिता की वस्तुओं पर टैक्स बढ़ा है। सरकार नशाखोरी को हतोत्साहित करना चाहती है। काउंसिल की 11 घंटे तक चली बैठक के बाद सभी राज्यों ने जीएसटी में बदलाव को ध्वनिमत से स्वीकार किया। जीएसटी सुधार आम आदमी के हित में सरकार का बड़ा कदम है।

### सरकार ने अगस्त में करों से 606 करोड़ ज्यादा कमाए

लखनऊ। वित्तमंत्री के मुताबिक राज्य सरकार को अगस्त में मुख्य कर व करेत्तर राजस्व से 16,575.70 करोड़ रुपये मिले हैं। यह धनराशि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के अगस्त माह के मुकाबले 606.05 करोड़ रुपये अधिक है। वर्ष 2024-25 के अगस्त माह में कुल 15,969.65 करोड़ रुपये ही मिले थे। अगस्त में जीएसटी से 6,611.59 करोड़, वैट से 2,659.95 करोड़, आबकारी से 3,754.43 करोड, स्टांप तथा निबंधन से 2,538.00 करोड, परिवहन से 786.87 करोड़ तथा भूतत्व व खनिकर्म से 224.86 करोड़ रुपये मिले हैं। भूतत्व व खनिकर्म को छोड़ अन्य सभी मदों में अधिक राजस्व हासिल हुआ है।

### राम जन्मभूमि की नित्य परिक्रमा में बढ़ रहे श्रद्धालु

**अयोध्या, अमृत विचार :** राम जन्मभूमि मंदिर स्थापित रामकोट की नित्य परिक्रमा में प्रत्येक सुबह 5.30 बजे बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला की आराधना करते और भजन गाते हुए पांच किलोमीटर परिधि की परिक्रमा कर रहे हैं। राम मंदिर के मुख्य द्वार से प्रतिदिन रामकोट की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हो रहा है। धीरेश्वर वर्मा ने बताया कि राम मंदिर और रामकोट की परिक्रमा सबसे पवित्र और प्राचीन है।




# मेरठ में सरगना समेत 3 असलहा तस्कर गिरफ्तार, मुठभेड़ में 2 घायल

मेरठ, एजेंसी

जिले में ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत पुलिस ने शुक्रवार तड़के असलहा तस्करों के सरगना और हिस्ट्रीशीटर जॉनी उर्फ शोकेन्द्र भाटी सहित तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल हुए हैं। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार तड़के पुलिस टीम अपराधियों की धरपकड़ के लिए वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि एक संदिग्ध कार नहर पटरी की ओर भाग रही है जिसमें तीन शातिर अपराधी सवार हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा घेराबंदी करने पर बदमाशों ने फायरिंग की।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गुड्डू उर्फ युधिष्ठिर गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दो अन्य को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में खुलासा हुआ कि यह गिरोह मांग पर असलहा उपलब्ध कराता है। इसी गिरोह ने थाना खरखौदा पुलिस के साथ मुठभेड़ में पकड़े गए अभियुक्त मनीष को भी हथियार की आपूर्ति की थी। बाद में जॉनी उर्फ शोकेन्द्र को बरामदगी के लिए सैफपुर ले जाया गया, जहां उसने पुलिस टीम पर दोबारा फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में वह भी घायल हो गया।

पुलिस ने उनके कब्जे से तीन पिस्तौल, दो तमंचे, 14 कारतूस, दो खोखा और एक वैगनआर कार बरामद की है। अधिकारियों के अनुसार जॉनी उर्फ शोकेन्द्र थाना हस्तिनापुर का हिस्ट्रीशीटर और डी-97 गैंग का सरगना है। उस पर हत्या, लूट और गैंगस्टर अधिनियम सहित 14 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार अन्य अभियुक्तों के खिलाफ भी कई संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं।

### 17 नगर निगमों को 477 करोड़ जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ, कानपुर, बरेली समेत प्रदेश के 17 नगर निगमों को इस बार पंचम वित्त आयोग की सिफारिश पर 477 करोड़ सात लाख रुपये जारी हुए हैं। इस कड़ी में सबसे अधिक 72.72 करोड़ रुपये लखनऊ नगर निगम को जारी हुए हैं। वहीं कानपुर को 62.17 करोड़ और बरेली को 21.57 करोड़ रुपये, जारी हुए हैं। मेरठ को 30 करोड़ और सहारनपुर को 16.21 करोड़ रुपये जारी हुए हैं। इसी क्रम में गाजियाबाद को 39.89 करोड़ रुपये, प्रयागराज को 38.38 करोड़ रुपये, आगरा को 29.39 करोड़ रुपये, अलीगढ़ को 21.60 करोड़ रुपये, गोरखपुर को 20.59 करोड़ रुपये जबकि मुरादाबाद को 21.01 करोड़ रुपये जारी किए हैं। माना जा रहा है कि इस बार काफी राशि विकास कार्यों के लिए उपलब्ध होगी।

# नए आठ लाख वृद्धा पेंशनरों का होगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **अक्टूबर में आनी है वृद्धावस्था पेंशन, 15 दिन का समय**
- **ट्रांजेक्शन फेल 1.10 लाख पेंशनरों का भी होगा सत्यापन**

**अमृत विचार :** प्रदेश में वृद्धा पेंशन की दूसरी किस्त आने से पहले 15 दिन में कुल 67.50 लाख लाभार्थियों का घर-घर पारदर्शिता से सत्यापन करना समाज कल्याण विभाग के लिए चुनौती से कम नहीं है। समय को देखते हुए इस वर्ष बढ़े आठ लाख लाभार्थी और पहली किस्त का ट्रांजेक्शन फेल होने वाले 1.11 लाख लाभार्थियों का सत्यापन कराया जाएगा।

वृद्धा पेंशन का मई और जून में सत्यापन कराकर कुल 67.50 लाख लाभार्थियों को जुलाई में पहली किस्त मिली थी। अब इन्हें दूसरी किस्त अक्टूबर में मिलेगी। इससे पहले 15 सितंबर तक सभी लाभार्थियों का सत्यापन कराने के निर्देश मिले हैं। ऐसे में समाज कल्याण विभाग इस वर्ष शामिल हुए नये आठ लाख लाभार्थियों का ही सत्यापन कराने की तैयारी में है, क्योंकि नये लाभार्थी एक वर्ष के अंतराल में जुड़े हैं और उनका सत्यापन शुरुआती दौर में हुआ था। वहीं, पहली किस्त 1.11 लाख लाभार्थियों के गलत खाता नंबर, एनपीसीआई व आधार से लिंक न होने के कारण ट्रांजेक्शन फेल हो गए। इन लाभार्थियों का भी सत्यापन प्राथमिकता पर किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### शातिर ठक को जयपुर से किया गिरफ्तार

**देहरादून, अमृत विचार :** टिहरी गढ़वाल जनपद के एक व्यक्ति को कंपनी में निवेश का झांसा देकर ऑनलाइन ठगने वाले एक साइबर धोखेबाज को स्थानीय पुलिस ने राजस्थान की राजधानी जयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी और उसके सहयोगियों के खिलाफ देश के बारह राज्यों में कुल 21 मामले साइबर ठगी के पंजीकृत हैं। टिहरी गढ़वाल के पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि थाना कीर्तिनगर पर साइबर धोखाधड़ी के संबंध में पीड़ित सौरभ कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी।

### डीजे की धमक से युवक की मौत

**रामनगर, अमृत विचार :** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में शामिल एक युवक की डीजे की धमक के कारण तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, ग्राम शक्तिनगर निवासी कासिम सैफी पुत्र मुशर्रफ सैफी जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में शिरकत कर रहा था। कासिम की तबीयत डीजे की धमक के कारण बिगड़ गई। कासिम को तत्काल अस्पताल ले जाने की तैयारी की गई। लेकिन अस्पताल ले जाते समय कासिम ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

### बेटी के साथ किया दुष्कर्म, जेल भेजा पिता

**मुरादाबाद/ मूंढापांडे, अमृत विचार :** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में पिता ने 10 साल की बेटी से दुष्कर्म कर डाला। गुरुवार की शाम घटना के समय बच्ची का भाई घर से बाहर था। वह घर लौटा तो पिता की करतूत का पता चला, जिसके बाद उसने मां और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को कोर्ट से जेल भेज दिया गया।

### महिला के प्रेमी व बहन को भेजा जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** प्रेमी व बहन के साथ मिलकर पति पर जानलेवा हमला करने वाली आरोपी महिला, प्रेमी व बहन को कटघर थाना पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया। तीनों आरोपियों ने गुरुवार को पीड़ित पर जानलेवा हमला किया था। थाना कटघर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि रामपुर रोड स्थित डियर पार्क के पास रहने वाले ओम प्रकाश ने गुरुवार की शाम तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद आरोपियों की तलाश कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### कोर्ट के आदेश पर एमबीबीएस शुल्क का निर्धारण होगा

**लखनऊ, अमृत विचार :** निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस शुल्क का निर्धारण न्यायालय के आदेश पर होगा। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय ने उक्त सूचना वेबसाइट पर जारी कर दिया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने बताया कि शासन के निर्देश पर गैर अल्पसंख्यक निजी मेडिकल कॉलेजों के शुल्क का निर्धारण किया गया था। जिसके विरोध में अभिवावक न्यायालय चले गए थे, न्यायालय के निर्देशानुसार शुल्क निर्धारण न्यायालय के निर्देश पर होगा।

### कांवड़ियों का हंगामा अफसरों ने मांगी माफी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** औसानेश्वर मंदिर मार्ग पर शुक्रवार दोपहर उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक कांवरिए को पुलिसकर्मी ने थप्पड़ मार दिया। इस घटना के बाद सैकड़ों कांवरियों ने हैदरगढ़-कोठी मार्ग को जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। शाम एकत्र अफसरों ने कांवरियों से माफी मांगी और सिपाही के खिलाफ कार्रवाई का दिलासा दिया, तब मामला शांत हुआ।

# सेना का अधिकारी बताकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- आरोपी ने लखनऊ, आगरा और रुड़की जैसे कई शहरों में लोगों को ठगा

जिले में खुद को सेना का अधिकारी बताकर अग्निवीर भर्ती रैली में शारीरिक परीक्षा में असफल रहे एक अभ्यर्थी को ठगने वाले सुमित कुमार नामक एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों के मुताबिक आरोपी ने अभ्यर्थी अभिषेक कुमार को शारीरिक परीक्षा पास कराने का झांसा देकर उससे कथित तौर पर बड़ी रकम ऐंठ ली थी। पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि अभिषेक कुमार द्वारा 30 अगस्त को सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर यह गिरफ्तारी की गई।

जांच के दौरान, पुलिस ने सुमित कुमार को मेरठ जिले से गिरफ्तार किया। उसके पास से सेना की वर्दी, एक फर्जी पहचान पत्र, एक मोबाइल फोन और अपराध में इस्तेमाल किया गया एक स्कूटर बरामद किया गया।

पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी ने लखनऊ, आगरा और रुड़की जैसे शहरों में सेना की भर्ती रैलियों में असफल रहे कई अन्य व्यक्तियों को भी ठगा था। पुलिस ने बताया कि सुमित कुमार ने शिकायतकर्ता अभिषेक कुमार से तीन लाख रुपये की राशि में से एक लाख रुपये हड़प लिए। इस मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### उतारी आरती, भगवान भोले का किया जलाभिषेक, रामलला व मंदिर नक्काशी की खींची तस्वीर

# रामलला के सामने नतमस्तक हुई भूटान की सरकार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** पड़ोसी देश भूटान की सरकार शुक्रवार को राम लला के सामने नतमस्तक हुई। भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे ने तीन बार राम लला के सामने साष्टांग प्रणाम किया। आरती उतारी। प्रसाद ग्रहण किया। राम लला और राम दरबार की अपने मोबाइल से तस्वीरें खींची। राम मंदिर का इतिहास जाना। मंदिर की स्थापत्य कला से रू-ब-रू हुए। वह लगभग एक घंटे 40 मिनट मंदिर परिसर में रहे। दर्शन-पूजन किया। श्री राम मंदिर परिसर के विभिन्न क्षेत्रों का अवलोकन किया। टहले, सेल्फी ली, अविभूत दिखे।

भूटान के प्रधानमंत्री पत्नी टासी डोमा सहित लगभग 10 लोगों के प्रतिनिधिमंडल के साथ शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से पहुंचे। कड़ी सुरक्षा और शाही अंदाज में उनका कारवां अयोध्या श्रीराम मंदिर पहुंचा। यहां श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र सहित अन्य ने स्वागत किया। राम मंदिर पहुंचने के साथ ही पत्नी के साथ उन्होंने राम मंदिर की आभा को निहारना शुरू किया तो निहारते ही रहे। यहाँ की संस्कृति, वैभव और परंपरा से रू-ब-रू होते रहे। श्रीराम मंदिर में राम लला के सामने पहुंचे तो मुखाकृति देखने लायक थी। इसके बाद पीएम टोबे राम मंदिर परिसर स्थित प्राचीन कुबेर टीला पहुंचे। यहां पत्नी के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कुबेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर आराधना की। मंदिर परिसर में चरणवार मंदिर निर्माण को लेकर लगाई गई चित्र प्रदर्शनी से जानकारी ली। महासचिव राय ने उनको पूरी जानकारी दी।

श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि भूटान के प्रधानमंत्री ने करीब एक घंटा 40 मिनट राम मंदिर परिसर में बिताया। इस दौरान उन्होंने रामलला, राम दरबार, कुबेर टीला, जटायु और सप्त मंडप के दर्शन किए। मंदिर की नक्काशी व म्यूरल्स को गौर से देखा। स्वयं अपने मोबाइल से तस्वीरें खींचीं। भूटान के पीएम लगभग चार घंटे अयोध्या में रहे।


रामलला की आरती उतारते भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग टोबागे। ● अमृत विचार

### रामनामी ओढ़ पत्नी के साथ खिंचवाई फोटो, ली सेल्फी

भूटान के प्रधानमंत्री राम मंदिर में आनंद विभोर दिखे। पत्नी के साथ रामनामी गले में डाल दोनों ने मंदिर परिसर में फोटी खिंचवाई।साथ ही परिसर में मखमली घास पर सेल्फी लेते दिखे। उन्होंने ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के साथ भी फोटो खिंचवाई।

# अश्लील फोटो बनाकर ब्लैकमेल कर वसूलते थे रंगदारी, 5 पकड़े

### फ्लैश वॉलेट एप पर आसानी से लोन दिलाने का झांसा देकर ले लेते थे जानकारी

संवाददाता, संभल/बहजोई

**अमृत विचार :** पुलिस ने ऐसे गिरोह का खुलासा किया है जो पहले फ्लैश वॉलेट एप पर आसान लोन देने के बहाने एप पर पूरी जानकारी ऑनलाइन ले लेता था। फिर गैलरी से फोटो निकाल कर उसे अश्लील बनाकर लोगों से लोन रिकवरी का झांसा देकर रंगदारी मांगता था। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से छह मोबाइल बरामद किए हैं। इनका नेटवर्क पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, राजस्थान, तेलंगाना सहित पूरे देश में फैला हुआ है। आरोपियों ने अब तक दो करोड़ की रंगदारी ऑनलाइन वसूली है।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि थाना रजपुरा के कस्बा गवां की मास्टर कॉलोनी निवासी शिवांश गौड़ ने सूचना दी थी कि इंस्टाग्राम पर लोन एप का ऐड देखकर प्ले स्टोर से फ्लैश वॉलेट नमक एप डाउनलोड कर लिया था। फिर कुछ दिन बाद उसके मोबाइल नंबर पर मैसेज आया कि 5355 रुपये लोन बकाया है तथा अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर फोन का डाटा ले लिया था। उसको बदनाम करने के लिए मोबाइल नंबर से संपर्क के लोगों के मोबाइल नंबर पर उसका फोटो को एडिट करके अश्लील फोटो भेज दिया। एप कॉल के जरिए जान से मारने की धमकी देते हुए 5000 की रंगदारी मांगी गई थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस ने बाबू यादव इंदिरा कॉलोनी चंदौसी, दिनेश धनेटा सोतीपुर थाना हयातनगर, अभिषेक राघव निवासी ग्राम एछोली थाना हयातनगर, मोहित शर्मा निवासी ग्राम भानपुर थाना बिसौली जनपद बदायूं व नितुल को गिरफ्तार किया गया। है। जबकि मुख्य आरोपी मोनू यादव फरार है।


बहजोई में पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जानकारी देते एसपी केके विश्नोई ।

### अब तक 2 करोड़ की रंगदारी वसूलने का दावा

**बहजोई, अमृत विचार :** एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपी बाबू यादव के बरामद फोन से लोगों के रंगदारी मांगने के लिए बहुत लोगों के एडिटिंग किए हुए अश्लील फोटो पर व्हाट्सएप चैटिंग मौजूद है। इसके द्वारा फोटो भेजे जाते थे। वहीं मुख्य अभियुक्त मोनू यादव उर्फ सोनू यादव के बैंक खाता में केंद्र सरकार की एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज हैं। इसके बैंक खाते में 2 करोड रुपए की रंगदारी किए जाने का मामला सामने आया है।

### तेलंगाना, बंगाल राजस्थान सहित कई जगह फैला नेटवर्क

**बहजोई, अमृत विचार :** एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने बताया कि गिरोह का नेटवर्क देश के पश्चिम बंगाल, राजस्थान, कर्नाटक तेलंगाना सहित पूरे देश में फैला हुआ है। यह पूरे देश में ऐसे ही काम करते हैं। लोगों को कहीं से भी बैठकर ऑनलाइन फ्रॉड करके फंसाते हैं। एप के जरिए उनकी सभी जानकारी ले लेते हैं। फिर फोन की गैलरी से लोगों के फोटो निकाल कर उन्हें अश्लील बनाते हुए रंगदारी मांगते हैं। एक आरोपी नितुल जो अपनी आईडी से सिम खरीदता था। जिसे आरोपी प्रयोग करते थे।

# युवक पर प्रेमिका के भाई ने तेजाब डाला, रिपोर्ट दर्ज

**बलिया, एजेंसी :** जिले के बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के खेवसड़ गांव में एक युवक की उसकी प्रेमिका के भाई और अन्य लोगों द्वारा पिटाई करने और तेजाब फेंककर हमला करने का मामला सामने आया है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार शाम को हुसैनाबाद गांव निवासी राजकुमार तिवारी को पड़ोस के गांव बरियारपुर के एक युवक ने फोन से खेवसड़ स्थित पेवन का ढाला पर मिलने को बुलाया। राजकुमार जब बताए गए स्थान पर पहुंचा तो उसके उपर हमला करते हुए उसकी पिटाई की गई और इसके बाद उस पर तेजाब डाल दिया गया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए । गंभीर रूप से घायल राजकुमार को तत्काल बांसडीह स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बलिया और फिर वाराणसी के बीएचयू अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी राकेश उपाध्याय ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में घायल राजकुमार की दादी लहासो देवी की तहरीर पर मुकेश (परिवर्तित नाम) के विरुद्ध नामजद और तीन से चार अज्ञात लोग के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धारा में मामला दर्ज किया गया है।

# पंत विवि का शैक्षणिक कुक्कुट फार्म किया सीज

बर्ड फ्लू प्रकोप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पंतनगर के शैक्षणिक नगला कुक्कुट फार्म में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद कुक्कुट विभाग में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में हजारों मुर्गियों को मारने के बाद दफन कर दिया गया और फार्म को सील कर दिया। इसके बाद डॉक्टरों की टीम ने शेष मुर्गियों पर रिसर्च शुरू कर दिया और एहतियातन बर्ड फ्लू के वायरस एच-5 एन 1 की जांच शुरू कर दी है।

पंतनगर विश्वविद्यालय नगला में शैक्षणिक कुक्कुट फार्म है। जहां बड़े पैमाने पर कुक्कुट यानी मुर्गियों का पालन होने के साथ ही विद्यार्थी रिसर्च भी करते हैं। पिछले तीन सप्ताह पहले अचानक जब डेढ़ सौ मुर्गियां मारना प्रारंभ हुईं तो शीघ्र ही फार्म के डॉक्टरों की टीम ने मृत मुर्गियों की जांच के नमूने इंडियन वेटरनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट बरेली भेज दिए। जैसे ही रिपोर्ट में एच-5 एन1 यानी एवियन इन्फलूएंजा वायरल निगेटिव आई। वैसे ही विवि प्रशासन भी अलर्ट हो गया, लेकिन तब तक 500 से अधिक मुर्गियां मर चुकी थीं और मुर्गियों के मरने का सिलसिला जारी रहा। इसके बाद नमूने वेटनरी कॉलेज भोपाल भेजे गए। वहां भी मुर्गियों में बर्ड फ्लू संक्रमण पाए जाने की पुष्टि हुई और आनन-फानन में एक सितंबर को चीफ वेटनरी ऑफिसर डॉ. आशुतोष जोशी के नेतृत्व में टीम ने फार्म में बचीं 5432 मुर्गियों को वैज्ञानिक तरीके से मारकर दफन कर दिया और कुक्कुट फार्म को बैरिकेटिंग लगाकर सील कर दिया। साथ ही फार्म के अंदर आने जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया। अब डॉक्टरों की टीम ने एक बार फिर बची मुर्गियों पर शोध करना शुरू कर दिया और बर्ड फ्लू से छुटकारा पाने के लिए मशक्कत भी शुरू कर दी है, लेकिन यह तय है कि विवि कुक्कुट फार्म में बर्ड फ्लू वायरल की दस्तक के बाद डॉक्टरों को सोचने पर विवश कर दिया है कि कैसे बर्ड फ्लू के प्रकोप को रोका जा सके।


बंद पड़ा नगला कुक्कुट फार्म।

# कुत्तों के झुंड ने हमला कर 12 लोगों को जख्मी किया

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** कुत्तों का झुंड दहशत बढ़ाने के साथ हमले भी करने लगा है। लहरपुर कस्बे के तीन मोहल्लों में झुंड हमलावर हुआ और 12 लोगों को जख्मी कर दिया। सभी का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में हो रहा है। पालिका प्रशासन का दावा है कि कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा।

लहरपुर कस्बे के मोहल्ला छावनी की साबरीन पुत्री नाजिम खां अपने घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान कुत्ते ने छपटकर उसके हाथ को बुरी जख्मी कर दिया। शोर सुनकर बचाने आईं कय्यूम की 25 वर्षीय पत्नी सीमा जख्मी हो गईं। इसी क्रम में लोखरियापुर के रियाज (38), अब्दुल रहमान (4) और मोहम्मद अनीस को शरीर के कई हिस्सों पर काट लिया। अलबटनपुर निवासी 40 वर्षीय श्रीकेशन के मुताबिक, उस पर भी कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया, किसी तरह जान बच सकी। मोहल्ला चिक्की टोला निवासी 7 वर्षीय शोएब और मोहल्ला मीरा टोला निवासी 7 वर्षीय निहारिका को भी घायल किया। काजी टोला निवासी उत्कर्ष कुमार और सुल्तानापुर शाहपुर निवासी फैजान को भी काटकर घायल कर दिया। सभी का परिजनों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर उपचार कराया।



# एक नाम से नौकरी वाले छह टेक्नीशियनों की होगी जांच

**लखनऊ, अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में एक नाम से अलग-अलग जिलों में ड्यूटी कर छह एक्स-रे टेक्नीशियन मामले की जांच होगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जांच आदेश दिए हैं, उन्होंने कहा कि मामला गंभीर है, दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.रतन पाल सिंह सुमन ने कहा कि उप मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार टीम गठित कर दी गयी है।

मालूम हो कि साल 2016 में एक्स-रे टेक्नीशियन की भर्ती के दौरान अर्पित नाम के अभ्यर्थी की नियुक्ति हुई, जिसे हाथरस में नियुक्ति दी गयी, इसके बावजूद पांच अन्य लोगों ने विभिन्न जिलों में अर्पित नाम से ज्वाइन कर लिया है।

# मां नंदा-सुनंदा की विदाई पर उमड़ा आस्था का सैलाब

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल में चल रहे 123 वे नंदा-सुनंदा महोत्सव का समापन हो गया। बुधवार को प्रातः 6 बजे मां नंदा-सुनंदा की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद 9 बजे देवी पूजन और दोपहर 12 बजे देवी भोग लगाया गया।

नंदा-सुनंदा के डोले को नगर भ्रमण के लिए भक्ति मंदिर प्रांगण से लेकर निकले। इस दौरान भक्तों ने मां नंदा-सुनंदा के जयकारे लगाए। जिससे पूरा नगर नंदामय हो गया। हजारों की संख्या में लोग नैनीताल, भवाली, हल्द्वानी, कालाढूंगी, भीमताल मंगोली समेत आसपास के क्षेत्र से मां नंदा-सुनंदा के दर्शन के लिए नैनीताल पहुंचे। मां का डोला नैना देवी मंदिर से प्रारंभ होकर मल्लीताल, पंत पार्क, माल रोड होते हुए तल्लीताल बाजार पहुंचा। जहां मां के डोले की स्थानीय लोगों ने पूजा-अर्चना की। जिसके बाद डोले को मां वैष्णो देवी मंदिर लाया गया। जहां पर मंदिर समिति ने मां नंदा-सुनंदा की पूजा-अर्चना की। पूजा के बाद डोले को छावनी क्षेत्र ले जाया गया। डोले को माल रोड होते हुए चीन बाबा चौराहे तक लाया गया। स्थानीय लोगों ने मां नंदा-सुनंदा की पूजा अर्चना और आरती की। इसके बाद डोले को रामसेवक सभा लाया गया। रामसेवक सभा के बाद डोले को ठंडी सड़क स्थित गोल्ज्यू मंदिर लाया गया। यहां से डोले को नैनीझील में विसर्जित कर दिया गया। इस दौरान हजारों भक्तों के साथ ही नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटकों ने भी मां नंदा-सुनंदा का आशीर्वाद प्राप्त किया।



शुक्रवार को नैनीताल में मां नंदा-सुनंदा के डोले को भ्रमण कराया गया, इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

विकसित भारत @2047 | जेवर बनेगा देश का सबसे बड़ा एयर कार्गो और एमआरओ हब

# हर मंडल में एयरपोर्ट, हर शहर बनेगा स्मार्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 117 नए शहरी निकाय, 5 वर्ल्ड क्लास स्मार्ट सिटी के निर्माण का लक्ष्य

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विकसित भारत @2047' के संकल्प को मिशन मोड में बदलते हुए उत्तर प्रदेश को एविएशन और शहरी विकास में भारत का नेतृत्वकर्ता बनाने का रोडमैप तैयार किया है। सरकार का फोकस है कि आने वाले 22 वर्षों में यूपी देश का लॉजिस्टिक और एविएशन पावर सेंटर तो बने ही, साथ ही दुनिया के सामने शहरी विकास का भी आदर्श मॉडल बनेगा। हर मंडल में इंटरनेशनल एयरपोर्ट, हर जिले में हवाई संपर्क होगा। 117 नए शहरी निकाय, 5 वर्ल्ड क्लास स्मार्ट सिटी बनाने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट विजन है कि आने वाले 22 वर्षों में यूपी देश का लॉजिस्टिक और एविएशन पावर सेंटर बने। इसके लिए "एक मंडल, एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट" का संकल्प लिया गया है। इस समय प्रदेश में 4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे संचालित हैं, जबकि जेवर में बन रहा पांचवां एयरपोर्ट एशिया के सबसे बड़े और अत्याधुनिक हवाई अड्डों में शामिल होगा। जेवर एयरपोर्ट न केवल यात्री सुविधाओं बल्कि कार्गो और ट्रांजिट हब के रूप में भी भूमिका निभाएगा। यहां एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल) सेंटर की स्थापना से प्रदेश को वैश्विक विमानन मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी। प्रदेश में अब तक 16 घरेलू हवाई अड्डे संचालित हो चुके हैं और 5 निर्माणाधीन हैं। 2017 से पहले बेहद सीमित एयर कनेक्टिविटी वाले यूपी ने बीते साढ़े 8 वर्षों में ऐतिहासिक उड़ान भरी है।

इसी तरह पिछले आठ वर्षों में 117 नए शहरी स्थानीय निकाय बनाए गए और 123 का विस्तार किया गया। स्मार्ट सिटी योजना से 17 जिलों में अत्याधुनिक सुविधाएं पहुंची हैं। इसके अलावा राज्य राजधानी क्षेत्र (SRC) का गठन लखनऊ और आस-पास के 5 जिलों को मिलाकर किया गया है, जिससे योजनाबद्ध विकास की नई मिसाल कायम हो रही है।

सरकार का जोर स्वच्छ पेयजल, 24 घंटे बिजली, पक्के मकान, मेट्रो, लाइट मेट्रो और वैज्ञानिक सीवेज प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाओं पर है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा निस्तारण और रिसाइकलिंग की आधुनिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

### लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी बनेंगे वर्ल्डक्लास

रोडमैप में शहरी विकास को भी एक नया आयाम दिया गया है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक यूपी के हर शहर को स्मार्ट बनाना और पांच अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्मार्ट सिटीज़ तैयार करना है। लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी जैसे शहरों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।



"शहरी और हवाई विकास केवल ढांचा खड़ा करने की योजना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने का मिशन है। सरकार का यह विज़न यूपी को निवेश, कनेक्टिविटी और जीवन स्तर के मामले में देश का नहीं, बल्कि दुनिया का नेतृत्वकर्ता बनाएगा।

**-मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ**

# भारत को विश्वगुरु बनाने में शिक्षकों का योगदान निर्णायक होगा

**देहरादून, अमृत विचार :** शिक्षक दिवस पर राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के 16 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार से सम्मानित किया। इनमें प्रारंभिक शिक्षा के 9, माध्यमिक के 5, संस्कृत व प्रशिक्षक के 1-1 शिक्षक शामिल हैं।

शुक्रवार को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि यह सम्मान शिक्षक समाज की मेहनत और तपस्या का प्रतीक है। शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले ही नहीं बल्कि चरित्र, नैतिकता और जीवन मूल्यों के निर्माता होते हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार तक सीमित नहीं होना चाहिए, अध्यापक बच्चों को संस्कारवान, जिम्मेदार और राष्ट्रभक्त नागरिक बनाने में योगदान दें।

# मथुरा के दो गेस्टहाउस में देह व्यापार का भंडाफोड़ कई महलाओं को बचाया

मथुरा, एजेंसी

मथुरा में पुलिस ने शहर के दो गेस्टहाउस में कथित देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ किया और कई महिलाओं को बचाया। अधिकारियों ने बताया कि ये छापे गुरुवार शाम को कोतवाली और हाईवे थाना क्षेत्रों में की गई।

पुलिस उपाधीक्षक आशना चौधरी ने बताया कि पिछले दिनों ऐसे ही दो अतिथि गृहों से अवैध एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त 15 युवतियों को मुक्त कराया गया था। उन्होंने कहा कि पुलिस उन गेस्टहाउस की पहचान करने का प्रयास कर रही है जहां त्वरित लाभ के लिए अवैध और अनैतिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। चौधरी ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के सोंख रोड स्थित एक गेस्टहाउस में छापेमारी के दौरान पांच महिलाएं और एक ग्राहक मौजूद थे। गेस्टहाउस संचालक दीपक खंडेलवाल को भी हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार हाईवे थाना क्षेत्र में एक होटल से छह युवतियों को बचाया गया लेकिन छापे के दौरान होटल मालिक और ग्राहक भाग निकले, मौके से बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। पुलिस सभी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर पूछताछ कर रही है।

न्यूज ब्रीफ

### मारपीट में घायल ग्रामीण की मौत

**मीरगंज, अमृत विचार** : गांव समसपुर निवासी ओमप्रकाश शर्मा ( 45) की गांव के जोतपाल सिंह से 3 सितंबर को मारपीट हुई थी। जिसमें ओमप्रकाश घायल हो गए थे। शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में ओमप्रकाश की ओर से रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शुक्रवार को ओमप्रकाश के सीने में दर्द हुआ। उन्होंने गांव के ही चिकित्सक से दवा ली। कुछ समय बाद उनकी मौत हो गई। क्षेत्राधिकारी अजय कुमार व थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे।

### सियार ने कई लोगों को किया जख्मी

**राजपुर कला, अमृत विचार** : अनुरुद्धपुर गांव में सियार ने गुरुवार रात कई लोगों को काटकर जख्मी कर दिया। घायलों में मानो देवी पत्नी भोले राम, राजकुमारी पुत्री चंद्रसेन, दिलवरी पत्नी शफीक अहमद शामिल हैं। ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रभागीय वन अधिकारी अजय कुमार गंगवार को दी। शुक्रवार को वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में कांबिंग की, मगर कोई नतीजा नहीं निकला।

### चोर नकदी और जेवर चुराकर ले गए

**राजपुर कला, अमृत विचार** : ग्राम बरा सिरसा निवासी कुलदीप शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 30 अगस्त की रात परिजन किसी काम से बाहर गए हुए थे। तभी चोर घर का ताला तोड़कर अंदर आ गए। अलमारी से साठ हजार रुपये, सोने चांदी के जेवर चुराकर ले गए। घटना की जानकारी अगले दिन घर आने पर हुई।

### 75 शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**आंवला, अमृत विचार** : शिक्षक दिवस के अवसर पर कस्बे के रानी अवंतीबाई लोधी चौक के समीप एक निजी अस्पताल में कार्यक्रम हुआ। कस्बे के विद्यालयों के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कस्बा समेत आसपास क्षेत्र के करीब 75 शिक्षकों को सम्मानित किया।

### मानस स्थली स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया

**फरीदपुर, अमृत विचार** : मानस स्थली आवासीय विद्यालय में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी ने किया। शिक्षिका रंजन उपाध्याय ने डॉ. राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। छात्रा अनविका गोयल व सिमरनजीत कौर ने शिक्षक दिवस के महत्व पर विचार रखे। शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

### डॉ. राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला

**फरीदपुर, अमृत विचार** : प्रेरणा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। शिक्षक वैभव शर्मा, सपना, खुशी, दर्शना शर्मा, पारुल यादव, दिव्यांश, सपना मौर्य आदि ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। स्कूल प्रबंधक ज्ञानेश कुमार शर्मा ने भी विचार रखे। प्रधानाचार्या हेमलता शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# जिले भर में शानो शौकत से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

## ईद मिलादुन्नबी : सरकार की आमद मरहबा के गूंजे नारे, जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर जुलूस का किया स्वागत, कई स्थानों पर लगा लंगर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ईद मिलादुन्नबी पर जिले भर में शानो शौकत के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर जुलूस का भव्य स्वागत किया। इस दौरान सरकार की आमद मरहबा के नारे गूंजते रहे। लोग उत्साहित नजर आए।

**देवरनियां** : कस्बा रिछा में शुक्रवार को जुलूस-ए- मोहम्मदी मदरसा फैजुल रसूल, मदरसा दारुल उलूम शाहे उम्म, मोसरी मस्जिद, बिलाल मस्जिद आदि स्थानों से निकला। मदरसा दारुल उलूम शाहे उम्म से निकले जुलूस का नेतृत्व मदरसा के प्रबंधक मुईनउद्धीन ने किया। नगर पंचायत चेयरमैन के पुत्र सैफ तनवीर, सभासद जुल्फिकार अहमद आदि के साथ जुलूस में शामिल उलमा का स्वागत किया गया। जामा मस्जिद के इमाम, हाफिज तनवीर आदि मौजूद रहे। वहीं, देवरनियां में जुलूस जामा मस्जिद से शुरू होकर थाने वाले मियां की मजार पर आकर समाप्त हुआ। इसमें नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी, मोहम्मद अजीम अंसारी उर्फ टीटू, सुनैन खां उर्फ सेठी, हाफिज इकराम रजा खां, हसनैन रजा खां आदि शामिल रहे।

**बहेड़ी** : कस्बे में शिमला जरनल स्टोर के सामने से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जिसमें कस्बा समेत आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। जुलूस नैनीताल रोड मुख्य बाजार, कोतवाली, पुराना रोडवेज बस स्टैंड, केसर चीनी मिल गेट, रेलवे फाटक से होता हुआ ट्रक यूनियन रोड, पंजाबी कॉलोनी, इस्लाम नगर, होली चौराहा, शेखूपुर, माथुर रोड तिराहा होते हुए वापस शिमला जरनल स्टोर के सामने आकर समाप्त हुआ। जुलूस के बाद फतिहा ख्वानी हुई। इस दौरान एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार, इंस्पेक्टर संजय तोमर पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे।

**फरीदपुर** : कस्बे में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें तमाम अंजुमनों ने शिरकत की। जुलूस की शुरुआत दरगाह आला हजरत से मौलाना अदनान रजा कादरी ने परचम कुशाई के रस्म अदा कर की। जुलूस में अंजुमन गुलशन अख्तर रजा आदि शामिल हुईं। प्रो. अलाउद्दीन खान, सभासद अजीम मियां, सबीहउद्दीन, नुशरत शेख, मोहम्मद शाह, तहसीन रजा, खालिद अजहरी, आमिर हुसैन ,साजिद रजा ,अरशद रजा, तनवीर रजा, खालिद मास्टर, मोहम्मद रफी रजा आदि मौजूद रहे।



मीरगंज में जुलूस-ए-मोहम्मदी में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। ● अमृत विचार



फरीदपुर में जुलूस में शामिल हुए लोग। ● अमृत विचार

### जुलूस में 30 से अधिक अंजुमनों ने भाग लिया

**शीशगढ़** : जुलूस-ए-मोहम्मदी विलासपुर अड्डे से शुरू होकर मोहल्ला पड़ाव पहुंचा। जहां मौलाना तौफीक अहमद नईमी, अशीरुद्दीन, आफाक अहमद आदि की तकरीरें हुईं। जुलूस में 30 से अधिक अंजुमनों ने भाग लिया। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। लंगर का भी आयोजन किया गया।

### घरों और गलियों को रोशन किया

**बरेली, अमृत विचार** : गांव चंदपुर में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। वहीं, घरों और गलियों को रोशनी से जगमग किया गया। इस दौरान लोग उत्साहित दिखे। जाकिर हुसैन, नाजिम, आरिफ, अमर हुसैन, अनस अजहरी, आकिल रजा आदि मौजूद रहे।



शेरगढ़ क्षेत्र में बुलडोजर पर बैठकर जुलूस में शामिल हुए लोग। ● अमृत विचार

### कस्बा और गांवों में निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी, लोगों में दिखा उत्साह

**नवाबगंज, अमृत विचार** : कस्बे में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। अंजुमन इस्लामीन के सदस्य भी मौजूद रहे। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत किया। इसके अलावा गांव हरदुआ किफायतुल्ला और रिछोला किफायतुल्ला ( बरखन) में भी जुलूस निकाला गया। जावेद आलम, इन्तजार हुसैन, तैफूर जाफरी, आरिस अंसारी, रियासत अंसारी, सैफ, तौफीक, आफाक अहमद, फैजान, आमिर, सहीब , आशिफ, इरशाद अहमद प्रधान, मो . जकी अधिवक्ता, यासीन अहमद, मुमताज प्रधान आदि मौजूद रहे।



### मोती मियां हुजूर की दरगाह से शुरू हुआ जुलूस

**मीरगंज** : कस्बा समेत गांव दियोरिया अब्दुल्लागंज, सिंधौली, रईया नगला, शीशमखेड़ा, सुजातपुर, परौरा, चुरई दलपतपुर, नगरिया सादात, नगरिया कल्यानपुर, नौसना आदि स्थानों पर जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। कस्बे में मोती मियां हुजूर की दरगाह से जुलूस शुरू होकर डाकखाना चौराहा पर आकर संपन्न हुआ। लोगों ने घरों और मस्जिदों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया। इस दौरान खान अफसन, नावेद खां, नसीमुल हसन, पूर्व चेयरमैन इल्यास अंसारी, मुराद बेग, इमाम हरी मस्जिद सैय्यद इरफान, हाफिज सलमान खां, हारून अंसारी, हाफिज शाकिर, आरिफ मुतवल्ली, हाफिज आजम खां, नदीम अख्तर, जीशान अंशारी, जाहिद हुसैन शेरी, डॉ. नुसरत उल्ला खां आदि मौजूद रहे। नायब तहसीलदार अरविन्द कुमार, प्रभारी निरीक्षक प्रयागराज सिंह पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।

### जुलूस में शामिल हुए अकीदतमंद

**फतेहगंज पूर्वी** : कस्बे में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। पूर्व चेयरमैन शब्बीर अहमद, पूर्व अध्यक्ष रिजवान बेग, बबलू अंसारी, इकरार अंसारी, फारूक अहमद, रफीक अहमद, बली अहमद, मोफीद खान आदि मौजूद रहे। थाना प्रभारी संतोष सिंह पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे।

**क्योलड़िया** : जुलूस-ए-मोहम्मदी जामा मस्जिद से शुरू होकर दरिया शाह बाबा की दरगाह पर संपन्न हुआ। जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। गांव वहर जागीर, भौआ बाजार, परशुरामपुर, ठिरिया बन्नौजान, अटंगा चांदपुर, करुआ साहिबगंज आदि गांवों में भी जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। मोहम्मद बाबू अंसारी, मोहम्मद फुरकान, मोहम्मद जीशान, सफीक, मोहम्मद नूरी, सूफी समसुल हसन, जुबेर रजा, डंपी सिद्दीकी, मोहम्मद हसन अंसारी आदि मौजूद रहे।



आंवला में जुलूस में शामिल लोग। ● अमृत विचार

**फतेहगंज पश्चिमी:** कस्बे में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जामा मस्जिद के इमाम हाफिज इस्लाम बारिश ने हरी झंडी दिखाकर अंजुमनों को रवाना किया। जुलूस कपड़ा बाजार रजा चौक से लोधीनगर चौराहे से मेन रोड से होते हुए भोलेशाह बाबा की दरगाह से अपने अपने स्थानों पर पहुंचा। जुलूस में तमाम अंजुमनें शामिल हुईं। इमाम मौलाना अख्तर, हाफिज यूसुफ, शरीफ अहमद, सैफ अली, हाफिज जकी, हाफिज गुड्डू, वसीम, सैयद नाजिम अली, जावेद सलमानी, व्यापारी नेता अकरम खान, हाजी सईद सैफी, बाबू सकलैनी, सभासद शराफत हुसैन,समीर अंसारी आदि मौजूद रहे।

**दुनका** : गांव दुनका में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें अंजुमन कमेटियों ने भाग लिया। जुलूस विभिन्न स्थानों से होते हुए हजरत रहमत भूरे शाह की दरगाह पर पहुंचा। जहां देश की तरक्की के लिए दुआ हुई। दरगाह पर सदर कमेटी के आशिक हुसैन, आबिद बेग ने जुलूस शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी, दुनका चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार समेत पूरी टीम का स्वागत किया। अफसर अहमद, जुनैद अहमद, तौसीफ अहमद, मुजीब अहमद, आदिल बेग, कय्यूम बेग आदि मौजूद रहे।

**भमोरा** : गांवों में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। ग्राम देवचरा, क्योंना,गोटिया,मकरंदपुर, कुड्डा की अंजुमन भमोरा रेलवे स्टेशन पर इकट्ठी हुईं। जहां से अंजुमन कमाल अहमद के आवास पर पहुंचीं। सिरोही,हजरतपुर,मटकी चांदपुर, इसफपुर की अंजुमन भी भमोरा में एकत्र हुईं। गौटिया स्थित कर्बला में जुलूस का समापन हुआ। वहीं, ग्राम कैमुंआ में मदरसे में नमाज पढे.जाने की सूचना डायल 112 और पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को तीन व्यक्ति संदिग्ध नजर आए। पुलिस ने तीनों का शांति भंग में चालान कर दिया। एसओ सनी चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में जुलूस शांतिपूर्वक निकला।

**अलीगंज:** कस्बा और गांवों में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जामा मस्जिद, कुरैशी मस्जिद, दादा मियां वाली मस्जिद, कर्बला मस्जिद समेत अन्य स्थानों को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया। गांव खैलम, मंडोरा, गैनी आदि स्थानों पर जुलूस निकाला गया। ग्राम प्रधान शाकिर खान, मंडोरा ग्राम प्रधान वसीम खान, शवेश सिद्दीकी, शब्बू खान, असलम कुरैशी, साकिर कुरैशी, आफाक आलम बेग, सैयद मतलूब अली, शानू खान, कल्लू आदि मौजूद रहे।

**भोजीपुरा** : कस्बा धौंराटांडा सहित गांवों में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस दारुल उलूम फैजाने रजा ईसापुर रोड से प्रारंभ हुआ। मौलाना एजाज रजवी, डॉ. मोहम्मद फारूक सिद्दीकी, मौलाना मोहम्मद फारूक नूरी ,मौलाना तौफीक नूरी, इमाम जामा मस्जिद कारी गुलाम मोईनुउद्दीन चिश्ती, मौलाना उबैदुल्लाह हनफी, मौलाना साबिर, मौलाना अब्दुल कादिर आदि मौजूद रहे।

**आंवला** : कस्बे में परचम कुशाई के साथ जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। जुलूस का हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जुलूस की शुरुआत बारहबुर्जी मस्जिद से हुई। जहां 15 परिंदो को आजाद किया गया। जुलूस घेर अन्नू खां पर समाप्त हुआ। बंटी सभासद , प्रवीण सिंह उर्फ बिल्लू, दयाराम मौर्य, पप्पू यादव, अवनीश तिवारी, मुन्ने अली, जितेंद्र शर्मा , वैभव तिवारी, अभिषेक मिश्रा, प्रशांत शर्मा, असगर अली, सय्यद आकिल अली, यूसुफ अली, सय्यद फैज अली, आदिल शेख, नितिन महाराज, युसूफ हिंदुस्तानी, सुमित शर्मा, अंसार अंसारी, आदिल सैफी इंतकाब अहमद आदि ने जुलूस का स्वागत किया।

**बिशारतगंज:** कस्बे में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। जुलूस जामा मस्जिद से शुरू होकर झंडा शरीफ पर समाप्त हुआ। जुलूस का पूर्व चेयरमैन सूरजपाल मौर्य, रमेश यादव, महेश साहू आदि ने स्वागत किया। चेयरमैन मोहम्मद ताज उर्फ लाल मियां कुरैशी, पूर्व चेयरमैन मोहम्मद रियाज अंसारी, कल्बे अली खां, इस्तयाक अंसारी, इसरार खान, आरिफ तूफानी, डॉ. इमरान, डॉ. वसीम, आदि ने लंगर लगाया।

**शेरगढ़** : कस्बा और गांवों में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। नगरिया कलां गांव में बुलडोजर के साथ जुलूस निकाला गया। मौलाना सैयद इरफान मियां, मौलाना शाहिद रजा, मौलाना राशिद, मौलाना अनीस रजा, मौलाना मुस्तकीम नूरी, मौलाना फारुक रजा, जफर अली, इस्राइल मंसूरी, मुमताज अहमद, अब्दुल हसन अंसारी, सली मोहम्मद अंसारी आदि मौजूद रहे।

**भदपुरा:** अटगा चांदपुर, करूआ साहिबगंज, डडिया नजमुल निशा, बहीर जागीर, नकटी नारायण पुर आदि गांवों में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। इस दौरान सपा नेता अल्तमश हुसैन खान, अधिवक्ता तारिक हुसैन खान, जिला पंचायत सदस्य छेदालाल दिवाकर, अधिवक्ता शारिक खान, आरिफ खान, मोहम्मद यासीन आदि मौजूद रहे।

# रेप पीड़िता का गंभीर हालत में प्रसव, नवजात की मौत

संवाददाता, नवाबगंज

- परिजनों ने जिला महिला अस्पताल में कराया था भर्ती दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार** : गर्भवती किशोरी की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्रसव पीड़ा होने के चलते स्टाफ ने प्रसव कराया, लेकिन नवजात का वजन कम होने पर उसे एसएनसीयू भेजा गया, मगर इलाज के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। हालांकि किशोरी की हालत स्थिर है। वहीं, पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में लाइट मिस्त्री राशिद पड़ोस में रहने वाली किशोरी को आठ माह पहले बहाने से अपने घर ले गया था। उसने उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना ली थी। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वह किशोरी के साथ दुष्कर्म करता रहा। डर के कारण पीड़िता ने परिजनों को कुछ नहीं बताया। कुछ दिन पहले किशोरी के पेट में दर्द उठा। परिजन ने उसका इलाज कराया, मगर कोई फायदा नहीं हुआ। गुरुवार को चिकित्सक की सलाह पर परिजनों ने किशोरी की अल्ट्रासाउंड जांच कराई तो उसमें वह छह माह की गर्भवती निकली। किशोरी ने परिजनों को आपबीती बताई। आरोपी शादीशुदा है। उसके दो बच्चे भी हैं। वहीं, गुरुवार को परिजनों ने किशोरी को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

> स्टाफ ने बताया कि किशोरी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जरुरी जांचों होने पर मरीज का सामान्य प्रसव स्टाफ ने कराया, हालांकि नवजात का वजन सामान्य से काफी कम था इस पर उसे एसएनसीयू में भर्ती कर इलाज आरंभ किया गया, लेकिन बच्चे ने दम तोड़ दिया। **डा. त्रिभुवन प्रसाद**, सीएमएस, जिला महिला अस्पताल

## दिव्यांग बच्चों का भी संवार रहे भविष्य

**देवरनियां, अमृत विचार** : दमखोदा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय अभयपुर के इंचार्ज अध्यापक विनोद कुमार वर्मा स्कूल में पढ़ाने के साथ दिव्यांग बालक और बालिकाओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर रहे हैं। उनके प्रयास से गांव के कई बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो चुके हैं। विद्यालय में स्मार्ट कक्षा के साथ लर्निंग बीई डूइंग लैब है। इको क्लब भी बनाया गया है। स्कूल से एक बच्चा इंस्पायर और दो बच्चे आय आधारित परीक्षा में सफल हुए हैं। वह अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक भी कर रहे हैं।

# कांधरपुर में सड़क पर जलभराव के चलते आधा घंटा रुका रहा जुलूस

संवाददाता, कैंट

**अमृत विचार** : कांधरपुर मस्जिद से शुक्रवार को निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी कांधरपुर मुख्य मार्ग पर जलभराव की वजह से आधा घंटे तक रुका रहा। जुलूस में शामिल अंजुमन के लोगों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। मजिस्ट्रेट मनोज कुमार गुप्ता और इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने लोगों को समझाकर जुलूस रवाना किया।

कांधरपुर मुख्य मार्ग का सीसी निर्माण बीते साल पीडब्ल्यूडी ने लालफाटक से उमरसिया मोड़ तक कराया था। लेकिन दोनों तरफ नाला निर्माण न होने की वजह से गंदा पानी सीसी सड़क पर जमा हो रहा है। इस संबंध में अंजुमनों ने ब्लॉक अधिकारियों से कई बार शिकायत की थी। हर बार ग्राम सचिव तथा अन्य अधिकारियों ने यह आश्वासन देकर टरका दिया जुलूस से पहले जलभराव की समस्या दूर कर दी जाएगी, मगर ऐसा नहीं हुआ। लोगों को गंदे पानी से होकर निकलना पड़ा। जुलूस में चनेहटी, उलैहतापुर, कांधरपुर समेत तीन अंजुमन शामिल हुईं। मोहम्मद रजा, काजिम अली, अलीम अख्तर, रज़ा बख्श, पूर्व प्रधान फखरुद्दीन, हाजी लुकमान अली, साजिद अली, खुदा बख्श, उमैर खान, शोएब खान, इरफान सैफी, इमाम इन्तेजार हुसैन, इमाम सय्यद मशकूर अली, इमाम शाहबुद्दीन, बुंदन मंसूरी मौजूद रहे।



जुलूस के रास्ते में जलभराव होने पर लोगों ने रोष व्यक्त किया। ● अमृत विचार

### जुलूस में मची अफरातफरी, हमले का आरोप



कैंट थाने में तहरीर देने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

**कैंट, अमृत विचार** : जुलूस-ए-मोहम्मदी कांधरपुर मस्जिद से लालफाटक, प्रकाश कॉलोनी, चनेहटी होते हुए बरकलीगंज पहुंचा। तभी अचानक जुलूस में अफरा तफरी मच गई। आरोप है कि दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति ने जुलूस में शामिल युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। कांधरपुर बरकली गंज निवासी उमैर ने लोगों के साथ थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 1 बजे कांधरपुर बरकलीगंज मस्जिद के पास जुलूस समापन की ओर था। इसी बीच बरकली गंज निवासी दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति ने उनपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जुलूस में भगदड़ मच गई। कई लोग चोटिल हो गए। वहीं पुलिस आरोपी को हिरासत लेकर थाना ले आई। इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि जुलूस में शामिल लोग आरोपित व्यक्ति को जबरन पानी का पाउच देना चाह रहे थे। वह अपने दरवाजे पर खड़ा था। उसने पानी लेने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। जुलूस में शामिल लोगों में किसी को कोई चोट नहीं लगी है। मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षक दिवस का महत्व बताया

**आंवला, अमृत विचार** : केंद्रीय विद्यालय इफको में शिक्षक दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य अमिता सिंह ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस का महत्व समझाया। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक आरसी शर्मा ने भी विचार रखे। शिव शंकर सिंह ने आभार जताया। इस दौरान समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
7906732664, 8445507002

**सूचना**

मेरे पिता गज्जू सिंह का नाम आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में सही लेकिन आर्मी ECHS कार्ड में मेरे पिता का नाम हिन्दी में तो सही दर्ज है लेकिन अंग्रेजी में Gajju Singh लिख गया है जो कि गलत है जबकि उनका अंग्रेजी में सही नाम Gajjoo Singh है। उक्त सही नाम अंग्रेजी का संशोधित किया जाये। **रामनिवास यादव पुत्र गज्जू सिंह निवासी ग्राम रामपुर बुजुर्ग पो. देवचरा तहसील आंवला जिला बरेली (उ.प्र.)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने भाई मनोज कन्नौजिया व उसकी पत्नी विद्या देवी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अलग कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **संतोष कन्नौजिया पुत्र स्व. श्री लल्लू राम पता मेवा पट्टी तहसील फरीदपुर व थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज


हर्षिल हॉस्पिटल
क्रिटिकल केयर एण्ड पेन सेन्टर
डॉ. हिमांशू वर्मा
MBBS, MD, FICM, FIPM
क्रिटिकल केयर एवं पेन फिजिशियन
Advanced ICU & OT 24x7 Emergency Operation | TPA/कैशलेस की सुविधा उपलब्ध
पताः- प्लाट नं. 4 राघव पेट्रोल पम्प के सामने, बुखारा, बरेली
Mob : 9458702280, 8937810741

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जाँच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
TPA सुविधा उपलब्ध

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
8077344353
समय :- प्रात: 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# किला नदी उफनाई, बाकरगंज में बाढ़ जैसे हालात, लोग परेशान

## बाढ़ का पानी आने और जलभराव से 150 परिवार प्रभावित, डर में कट रहीं रातें, गलियों में गंदा पानी भरने से आवाजाही में दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर हो रही बारिश से रामगंगा नदी का जलस्तर इतना बढ़ गया है कि उसका पानी शहरी क्षेत्र की किला नदी तक पहुंच गया। इससे किला नदी में उफान आ गया। नदी का पानी बाकरगंज में घुस गया और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। करीब 150 मकानों के चारों तरफ दो से तीन फिट तक पानी भरा है। लोगों के निकलने के लिए भी रास्ता नहीं बचा। इन परिवारों में भय और दहशत का माहौल है।

पहाड़ के साथ मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बारिश से नदियां उफनाई हुई हैं। बाढ़ से मैदानी इलाकों के हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। किला नदी का जलस्तर बढ़ने से बाकरगंज क्षेत्र में भी बाढ़ के हालात पैदा हो गए हैं। लगातार बारिश से जलभराव के साथ ही किला नदी के बढ़े जलस्तर से स्थिति चिंताग्रस्त हो गई है। बाकरगंज क्षेत्र में एक सप्ताह से पानी भरा है। भय के बीच परिवार रात गुजार रहे हैं। बाकरगंज की नई बस्ती मोहल्ले सबसे ज्यादा हाल खराब हैं। पानी घरों के पास पहुंचा हुआ है। स्थानीय पार्षद आरिफ ने बताया कि बीते साल सिर्फ जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई थी। इस वर्ष लगातार बारिश हो रही है इससे करीब आधा दर्जन मोहल्लों में जलभराव है। साथ ही किला नदी का जलस्तर बढ़ने से अब मोहल्ले के पास तक पानी आ गया है। अगर दो दिन तक बारिश और हो जाती है तो घरों में पानी प्रवेश कर जाएगा। हालांकि नगर निगम को कई बार पत्र लिखकर समस्या का निस्तारण करने के लिए अवगत कराया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।


किला नदी के उफनाने से बाकरगंज नई बस्ती में घरों में भरा पानी। ● अमृत विचार

- रामगंगा नदी का पानी आने से किला नदी का जलस्तर बढ़ा, क्षेत्र में भीषण गंदगी का अंबार
- लगातार बारिश से जलभराव और गंदगी का अंबार, पार्षद के पत्रों का भी नहीं लिया संज्ञान

### संचारी रोगों का खतरा अधिक, लोग परेशान

बाकरगंज में नगर निगम का खड्ड है जहां कई सालों से कूड़े का पहाड़ लगा हुआ है। जन प्रतिनिधियों से लेकर नगर निगम प्रशासन ने इस कूड़े के पहाड़ के निस्तारण को लेकर दावे किए, लेकिन स्थिति जस की तस है। इस पहाड़ से इलाके में संचारी रोग समेत अन्य गंभीर संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई है वहीं अब किला नदी के उफान के चलते गंदा पानी भी घरों के बाहर तक आ गया है, ऐसे में लोगों की सेहत पर गंभीर प्रभाव पड़ना लाजमी है।

### किच्छा नदी का जलस्तर भी हो रहा कम

उत्तराखंड के गौला बैराज से पानी छोड़े जाने पर किच्छा नदी में पानी का जलस्तर काफी बढ़ गया था। नदी का पानी राजपुरा, नारायन नगला, गोटिया, रतनपुर आदि गांवों में भरने लगा था। बाढ़ खंड के एई अमित किशोर ने बतायाक किच्छा नदी का जलस्तर कम हो रहा है। रामगंगा भी खतरे के निशान से दूर है। देवहा, बहगुल समेत अन्य नदियों में भी शुक्रवार सुबह से पानी लगातार घट रहा है।

## बाढ़ का पानी कम हुआ, मगर नहीं टला गांवों में खतरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बहेड़ी, नवाबगंज समेत अन्य तहसीलों के सैकड़ों गांवों में अब भी भरा पानी
- केसरपुर से बरेली जाने वाले मार्ग को प्रशासन ने बल्ली लगाकर किया बंद

**अमृत विचार :** किच्छा, देवहा, रामगंगा समेत अन्य नदियों के पानी में कमी आई है। उसके बाद भी कई गांवों में खतरा कम नहीं हुआ है। जिले के सैकड़ों गांवों में पानी भरा हुआ है। वहीं, तमाम जगहों पर कटान जारी है। प्रशासन की ओर से गांवों में दौरा करने के साथ ही लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने की अपील की जा रही है। बाढ़ खंड का दावा है कि रामगंगा अब खतरे से ढाई मीटर दूर बह रही है।

भदपुरा की ग्राम पंचायत जरपा मोहनपुर गांव देवहा नदी में सैलाब आने के बाद से चारों तरफ से पानी से घिरा हुआ है। शुक्रवार को एसडीएम नवाबगंज उदित पवार, नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह लेखपाल के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम को लेकर गांव पहुंचे। यहां डॉ. अंशुमान पटेल ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित कीं। एसडीएम उदित पवार ने बताया कि अब सैलाब का पानी नहीं है। रास्ते में एक जगह गड्ढा होने के कारण वह ट्रैक्टर पर बैठकर गांव पहुंचे। ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली से राहत व खाद्यान्न सामग्री कोटेदार लेकर पहुंचे और लोगों को वितरित कीं। वहीं, भुता क्षेत्र के गांव केसरपुर से बरेली जाने वाले मार्ग को प्रशासन ने बल्ली लगाकर बंद कर दिया है। यहां बहगुल नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद से पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। ग्राम सिंगाई मुराबान, सकतपुरा, रहेपुरा, अधकटा, दासपुर, पारापुर समेत अन्य गांवों के लोग जान जोखिम में डालकर डनलप आदि पर सवार होकर निकल रहे थे। प्रशासन ने पानी की बहाव देख रास्ता बंद कर दिया। एसडीम सदर प्रमोद ने जाकर मौका मुआयना भी किया।


गांव जरपा मोहनपुर में ट्रैक्टर-ट्राली से जाते अफसर।


बहगुल नदी का जल स्तर बढ़ने पर भुता-केसरपुर मार्ग बल्ली लगाकर बंद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति का गठन


कुंवरपाल सिंह।


सुशील कुमार शर्मा।

**बरेली, अमृत विचार :** चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज गैनी में प्रबंध समिति का चुनाव एडीआईओएस गिरीश यादव की देखरेख में सफलतापूर्वक हुआ। चुनाव में एडवोकेट सुशील कुमार को अध्यक्ष और अख्तर वेग को उपाध्यक्ष चुना गया। कुंवरपाल सिंह प्रबंधक और डॉ. केके शर्मा सह-प्रबंधक बनाए गए, जबकि दीपक पांडेय को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। सोहन लाल शर्मा, ब्रजमोहन शर्मा, जुनैद जाहिद सिद्दीकी और अन्य सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार गंगवार ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर बधाई दी। राजेश कुमार आर्य, अभिमन्यु सिंह, अम्बरीश कुमार शमी, विनोद कुमार दिवित प्रताप सिंह, नीरज कुमार सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, पार्षद सतीश कातिब, सुधीर मोहन, श्यामदीप सक्सेना और अतुल सक्सेना ने संतोष कुमार सक्सेना, वीरेंद्र रायजादा, आशा सक्सेना और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त महेंद्र कुमार सक्सेना का मोमेंटो देकर और शॉल उढ़ाकर सम्मान किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि एक शिक्षक मार्गदर्शक ही नहीं होता बल्कि एक गुरु, एक मित्र एवं प्रेरणा का स्रोत होता है। कार्यक्रम में राजेश सक्सेना, विधान रॉय, माया सक्सेना, मंजू लता सक्सेना, अमित आनंद, मनोहर लाल जौहरी, चंद्र प्रकाश सक्सेना, संजीव कुमार सक्सेना, संतोष कुमार सक्सेना, शिवाजी सक्सेना, रजनी सक्सेना, स्नेह राज सक्सेना आदि शामिल हुए।

### स्कूल में शिक्षकों को सम्मानित किया

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय सिमरा हरचंद सिंह में प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा ने शिक्षकों को सम्मानित किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कामरान खान, कन्यावती, गोपाल जायसवाल, अरुण तोमर आदि अध्यापक मौजूद रहे।

## स्कूलों में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**मीरगंज, अमृत विचार :** स्कूलों में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। स्वामी दयानन्द डिग्री कालेज में प्रबंधक डॉ. सत्यवीर सिंह गंगवार डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला। सचिव पंकज कुमार ने समस्त स्टाफ को सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. पीएल गंगवार आदि मौजूद रहे। वहीं, स्वामी दयानन्द सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। निदेशक पंकज कुमार, प्रधानाचार्य आदेश पाल गंगवार, प्रवक्ता उमा शंकर गंगवार आदि मौजूद रहे। वहीं, बीडीएम पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने शिक्षक बनकर कक्षाओं में अध्यापन कार्य किया। सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं। डायरेक्टर अचल मिश्रा व प्रधानाचार्या नमिता दीक्षित ने शिक्षक दिवस का महत्व बताया।

## बरसात में बिलबिलाए सांप, दो माह में 50 से अधिक को डसा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मानसून में बिलों व अन्य जगहों पर पानी भरने से सांप बिलबिलाकर हमलावर हो रहे हैं। बीते दो माह में 50 से अधिक लोग सर्प दंश के शिकार हुए हैं। सर्वाधिक मामले अगस्त माह में सामने आए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के चलते बिलों में पानी भरने से सांप बाहर विचरण करते हैं और लोगों पर हमलावर होते हैं। इस दौरान लोगों को विशेष सतर्क रहने की आवश्यकता है।

जिला अस्पताल के इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. वैभव शुक्ला के अनुसार जुलाई में स्नैक बाइट के कुल 18 मरीज भर्ती हुए थे, लेकिन अगस्त में मरीजों की संख्या बढ़कर 28 तक पहुंच गई। वहीं सितंबर के आरंभ में ही अब तक 5 मरीज सर्प दंश की चपेट में आकर भर्ती हो चुके हैं। वहीं 6 गंभीर मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। बताया कि सांप काटने पर झाड़ फूंक जैसी भ्रांतियों के चक्कर में न पड़े समय पर अस्पताल पहुंचें। त्वरित इलाज और एंटी-वेनम इंजेक्शन लगने से मरीज की जान बचाई जा सकती है। जिला अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन की उपलब्धता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- सर्पदंश वाली जगह को स्थिर रखें, ताकि जहर ज्यादा न फैले।
- अंग पर हल्की पट्टी या कपड़ा बांधें, लेकिन रक्त प्रवाह बंद न करें।
- अंग पर दबाव न डालें और न ही मुंह से कुछ खिलाएं।
- पीड़ित को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुंचाएं।

## मनोसमर्पण ने युवक को परिजनों से मिलाया

**बरेली, अमृत विचार:** नकटिया क्षेत्र में भटकते मिले मानसिक रूप से कमजोर युवक की मनोसमर्पण संस्था ने काउंसिलिंग की और उसे उसके परिजनों से मिलाया।

छत्तीसगढ़ के परिजन शुक्रवार को बरेली पहुंचे और युवक को साथ लेकर गए। मनोसमर्पण के फाउंडर और साइकोलॉजिस्ट शैलेश शर्मा ने बताया कि 24 अगस्त को थाना कैंट क्षेत्र में यूपी 112 की पीआरवी को एक मानसिक रूप से बीमार युवक सड़क पर भटकता हुआ मिला। पीआरवी युवक को पुलिस चौकी नकटिया ले आई। एसआई रोहित कुमार तोमर ने युवक से कुछ पूछना चाहा लेकिन वह कुछ बता पाने की स्थिति में नहीं था। इस पर पुनर्वास और उचित देखभाल के लिए कैंट पुलिस ने युवक को रजऊ परसपुर के मनोसमर्पण सेवा संस्थान में दाखिल कर दिया।

## मुखबिरी के शक में घर से बुलाकर पीट-पीटकर मार डाला, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सीबीगंज

- सीबीगंज पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ की कार्रवाई, आरोपियों की तलाश में जुटी

**अमृत विचार :** मुखबिरी के शक में घर से बुलाकर ले जाने के बाद बुरी तरह से पिटाई करके अधमरा कर दिया। परिजनों ने गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर दो के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव तिलियापुर निवासी अजीम के मुताबिक गुरुवार की शाम पांच बजे गांव के ही इमरान पुत्र वली रजा, वसीम पुत्र लल्लू उसके घर आए और उसके पिता भूरे को अपने साथ बुलाकर ले गए। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने तिलियापुर और परधौली गांव के पीछे ले जाकर पिता पर स्मैक-चरस कारोबार की थाना पुलिस से मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद दोनों उनके पिता को मरणासन्न हालत में छोड़कर फरार हो गए। रात्रि में करीब आठ बजे खुशबुद्दीन उर्फ अंडा पुत्र शहाबुद्दीन का फोन आया कि तुम्हारे पिता तिलियापुर और परधोली गांव के बीच प्रधान के प्लॉट पर मरणासन्न हालत में पड़े हैं। इन्हें अफीम-चरस की तस्करी करने वाले इमरान और वसीम ने मुखबिरी करने के शक में बेरहमी से पिटाई की है।

अजीम ने इसकी सूचना इंस्पेक्टर सीबीगंज सुरेन्द्र पाल सिंह को दी। उन्होंने परिजनों को अस्पताल में उपचार कराने की सलाह दी, जहां शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर इंस्पेक्टर सीबीगंज सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## न्यूज डायरी

### आर्येंद्र मिश्रा और शोभा मिश्रा को मिला सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने शिक्षक दिवस के अवसर पर गोल्डन ग्रीन पार्क स्थित सभागार में आर्येंद्र मिश्रा और शोभा मिश्रा को सम्मानित किया। दोनों शिक्षकों को राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी, प्रदेश सचिव सचिन शर्मा, मंडल महामंत्री विशाल शर्मा, जिला अध्यक्ष संजीव अवस्थी और जिला उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने पूर्व शिक्षक इकबाल नारायण अवस्थी की स्मृति में सम्मानित किया। आर्येंद्र मिश्रा ने अपने कहा कि वह आज भी शिक्षक हैं और हमेशा शिक्षक रहेंगे, क्योंकि वह सीखने और सिखाने की प्रवृत्ति में विश्वास रखते हैं। जिलाध्यक्ष संजीव अवस्थी ने कहा कि आर्येंद्र मिश्रा उनके गुरु रहे हैं और आज उन्हें अपने पिताजी इकबाल नारायण अवस्थी की स्मृति में श्रेष्ठ शिक्षक के रूप में सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर शिवलेश पांडे, प्रतेश पांडे और लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक शर्मा, सुशील शर्मा ,अभिषेक शर्मा , सचिन शर्मा, राजीव शर्मा, रितु शर्मा, रोली पांडे और हैदर अली प्रमुख थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री विशाल शर्मा ने और अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजीव अवस्थी ने की।

### 55 सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** शिक्षक दिवस पर सौ फुटा रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई ने इस वर्ष सेवानिवृत्त हुए 55 शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार और विशिष्ट अतिथि डॉ. एमपी आर्य रहे। सांसद ने कहा शिक्षकों के बिना हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। वे हमें आत्मविश्वास और साहस प्रदान करते हैं। जो हमें जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मदद करता है। जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार ने कहा कि यह दिन हमारे जीवन में शिक्षकों के महत्व को पहचानने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक अवसर है। मांडलिक मंत्री केसी पटेल ने कहा कि शिक्षकों को शिक्षण से इतर अन्य कार्यों से दूर रखा जाए। अंत में सभी 55 सेवानिवृत्ति शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिला मंत्री बलबीर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष योगेश गंगवार, राजीव शर्मा, प्रेमपाल गंगवार, हरीश गंगवार, सूरज गंगवार, मनोज गंगवार, प्रमोद गंगवार, मोर किशोर, शिवम, सौरभ गंगवार, जगदीश कुमार, देशबंधु, मोहम्मद युनुस आदि उपस्थित रहे।



### रोटरी श्री पथ प्रदर्शक गुरुजन सम्मान कार्यक्रम आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली श्री की ओर से शुक्रवार को टीबरीनाथ सांगवेद संस्कृत महाविद्यालय में रोटरी श्री पथ प्रदर्शक गुरुजन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने शिक्षकों को सम्मानित किया। दुर्विजय सिंह शाक्य व प्रधानाचार्य बंशीधर पांडे को रोटरी श्री पथ प्रदर्शक गुरुजन से सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा कि यह दिन हमारे देश के उन महान शिक्षकों को समर्पित है, जिन्होंने हमारे देश की उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस अवसर पर चार्टर अध्यक्ष साकेत सुधांशु शर्मा, क्लब सचिव पवन गुप्ता, विकास अग्रवाल, साकेत सुधांशु शर्मा, पवन गुप्ता, रोहित अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, मयूरेश अग्रवाल, नवीन गोयल, मयंक अग्रवाल, पुनीत गोयल आदि रोटेरियंस उपस्थित रहे।




### एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने निकाला मशाल जुलूस

**आंवला, अमृत विचार :** लाठीचार्ज की घटना के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुक्रवार देर शाम स्टेट बैंक चौराहे से गंज त्रिपौलिया तक मशाल जुलूस निकाला। पदाधिकारियों ने बताया कि बाराबंकी में एबीवीपी कार्यकर्ताओं और छात्रों पर पुलिस ने बर्बरता पूर्ण लाठीचार्ज किया था। इस दौरान सुमित, आशीष हिंदू, विवेक, अनंत, ज्ञान बाबू, अंश ठाकुर, यश, अभय कश्यप, अंश पंडित, के.पी. राजपूत, हर्ष ठाकुर, ऋषभ शर्मा, अंकुर ठाकुर, हर्ष, सिद्धार्थ, आकाश, निखिल चौहान, वंश कठेरिया, विनोद मौर्य आदि मौजूद रहे।




## आरआरसी सेंटर पर नियुक्ति की मांग उठाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन के लिए लाखों की लागत से बनाए गए एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी सेंटर) के रखरखाव में स्वच्छाग्रहियों को शामिल करने की मांग कर स्वच्छाग्रही संघ ने डीपीआरओ को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि जिले में 400 से अधिक सक्रिय स्वच्छाग्रही वर्ष 2017 से ग्रामीण अंचलों में कार्य कर रहे हैं। वह शौचालयों की प्रगति रिपोर्ट, सत्यापन, जियो टैगिंग आदि कार्य कर चुके हैं। स्वच्छता मिशन ग्रामीण फेस-2 योजना में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत गांवों में बनाए गए आरआरसी के रखरखाव और संचालन के लिए अन्य जिलों में स्वच्छाग्रहियों को नियुक्ति किया गया है, जबकि बरेली में अभी तक नियुक्त नहीं किया गया। जिलाध्यक्ष नेमचंद्र ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से सभी सक्रिय स्वच्छाग्रहियों को आरआरसी सेंटरों पर नियुक्त किए जाने का आदेश जारी किया गया है। इसी आदेश के तहत दूसरे जिलों की तरह बरेली में भी स्वच्छाग्रहियों ने आरआरसी सेंटर पर नियुक्ति की मांग की है। डीपीआरओ कमल किशोर का कहना है कि स्वच्छाग्रहियों की मांग पर विचार किया जा रहा है। सभी एडीओ पंचायतों को पत्र जारी कर कहा गया है कि आरआरसी सेंटर पर स्वैच्छिक रूप से कार्य करने वाले जिन सक्रिय स्वच्छाग्रही का नाम एसबीएम की साइट पर है, उनके प्रस्ताव तीन दिन में कार्यालय में उपलब्ध कराया जाए ताकि इनको जिम्मेदारों दी जा सके। जसवीर कश्यप, अनिल कुमार आकाश, मुकेश बाबू, सुरेश बाबू, अतीश कुमार, संतोष कुमार, हरेंद्र, विजय कुमार, ओमेंद्र आदि मौजूद रहे।


विकास भवन में मौजूद स्वच्छाग्रही। ● अमृत विचार

## जेएलए में ट्रेनिंग पर आए नायब सूबेदार की हार्ट अटैक से मौत

**बरेली/कैंट,अमृत विचार :** सैन्य क्षेत्र के जूनियर लीडर एकेडमी (जेएलए) में लीडरशिप मैनेजमेंट का कोर्स का प्रशिक्षण लेने आए जम्मू कश्मीर के सुंदरमणि यूनिट में तैनात नायब सूबेदार मंगलेश सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सूचना दे दी है।


मंगलेश सिंह।

बरेली जेएलए में कार्यरत सूबेदार मोती सिंह ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के जिला व थाना हमीरपुर के गांव लौहारिया के मूल निवासी नायब सूबेदार मंगलेश सिंह (42) जम्मू कश्मीर की सुन्दरमणि जेएलए यूनिट में तैनात थे। वह तीन अगस्त को लीडरशिप मैनेजमेंट कोर्स के लिए बरेली आए थे। वह शुक्रवार की दोपहर में करीब 12 अचानक गिर गए। उन्हें सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कैंट थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हार्ट अटैक से मौत होने की पुष्टि हुई। परिजनों को जानकारी दे दी गई है।

## जमीन में मुनाफे का झांसा देकर रुपये ठगे

**बरेली,अमृत विचार :** भमोरा के गांव कटका रमन पोस्ट बल्लिया निवासी हिमांशु कुमार सिंह ने बताया कि पिपरिया भोजीपुरा निवासी दिनेश उर्फ सतेन्द्र यादव, सिमरिया मीरगंज के अवधेश कुमार, अतुल यादव उर्फ अंकित, रविन्द्र और दिनेश उर्फ लालू उससे और उसके साझेदार सौरभ सिंह से मिले। आरोप है कि सभी ने ग्राम अभयपुर भोजीपुरा निवासी किसान देव सिंह राना की 18.50 बीघा जमीन गांव प्रहलादपुर में होना बताया और कहा कि जमीन का सौदा तय कर लिया है, लेकिन इन लोगों के पास एग्रीमेंट कराने के लिए रुपये नहीं हैं। रविन्द्र ने कहा कि जमीन का सौदा नोएडा के एक सेठ से तय हो गया है। इस पर उसने 3.80 लाख रुपये दे दिए। इस बीच नोयडा का मैनेजर बनाकर एक व्यक्ति को लाए। बाद में पता चला कि वह इन्हीं लोगों के बीच का है। जिसका नाम महिपाल सिंह यादव है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## फ्यूचर यूनिवर्सिटी में घनश्याम का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** फ्यूचर यूनिवर्सिटी में अभिनंदन पर्व कार्यक्रम में बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल को उत्तर प्रदेश राज्य कृषि परिषद का चेयरमैन चुने जाने पर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर घनश्याम खंडेलवाल ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए युवाओं को उद्यमशीलता की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए परंपरागत सोच से बाहर निकलना और आउट ऑफ द बॉक्स सोच अपनाना आवश्यक है। चेयरमैन मुकेश गुप्ता ने घनश्याम खंडेलवाल का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया और कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य कृषि परिषद का चेयरमैन चुना जाना बरेली और समूचे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उनका अनुभव और नेतृत्व क्षमता प्रदेश की कृषि नीतियों को नई दिशा देगा। प्रो वाइस चांसलर डॉ. पंकज कुमार मिश्रा ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



उद्योगपति घनश्याम खंडेलवाल को सम्मानित करते यूनिवर्सिटी के चेयरमैन मुकेश गुप्ता। ● अमृत विचार

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :- 7906732664 9897885429 8445507002

सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा रेलवे स्टेशन से पूर्व की ओर
Contact No. 9412287776, 9412288876, 9412288878, 9457507777
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. (Home Science) B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. (Home Science) M.A. (Home Science) M.A. (Drawing & Painting)
D.PHARMA BTE CODE 2143 B.Ed. BTC D.El.Ed. B.EL.ED
सरदार वल्लभ भाई पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी
भोजीपुरा, बरेली BTE CODE - 2143
B.El.Ed. (इंटरमीडिएट के पश्चात 4 वर्षीय बी.टी.सी.) College Code 148
डी.एस.आर. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
BTE CODE-2079
रिछा-जहानाबाद रोड पिपरानाकार बहेड़ी, बरेली
Contact No. 9719807777, 9719817777, 9719827777, 9719837777, 9719847777
चेयरमैन डा. हरीशंकर गंगवार, Mob No : 9412287777

न्यूज ब्रीफ

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मैनेजर और कैशियर से लूटपाट

**कलान, अमृत विचार :** बैंक आफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक और कैशियर से मारपीट कर लूटपाट की शाखा प्रबंधक ने थाने में तहरीर दी। शाखा प्रबंधक रतनेश जोशी व कैशियर एक ही बाइक पर सवार होकर ड्यूटी कर कलान में अपने रूम पर जा रहे थे। कलान थाना क्षेत्र में श्रीनगर व बाराकलां के बीच पहुंचे। तभी घात लगाए बैठे सात बदमाशों ने बाइकों को रोक कर लूटपाट की। बदमाश 5000 रुपये नकद व एक सोने की अंगूठी छीन ली। रतनेश जोशी ने बताया कि एक इको गाड़ी रोड के किनारे खड़ी हुई थी। गाड़ी के अंदर से आधा दर्जन लोग निकले और मेरी बाइक रोक ली। घटना के दौरान बदमाशों ने 5000 नकद व एक सोने की अंगूठी छीन ली।

## साइबर अपराधियों ने उड़ाए 25,600 रुपये

**सिंगाही,अमृत विचार :** गांव खैरीगढ निवासी कमलेश कुमार ने बताया कि हाल ही में उन्होंने स्टेट बैंक निघासन शाखा से अपना नया एटीएम कार्ड बनवाया था। गुरुवार को उनके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक कर्मी बताते हुए कहा कि आपका एटीएम कार्ड इंडियन हो रहा है, इसलिए बैंक डिटेल देना जरूरी है। विश्वास में आकर कमलेश कुमार ने अपनी पूरी बैंक से संबंधित जानकारी बता दी।

## ससुराल में युवक ने पेट्रोल डालकर लगाई आग, मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फरधान क्षेत्र के गांव दुघड़ा में अपनी पत्नी को विदा कराने गए इसी थाना क्षेत्र के गांव चिनहार निवासी युवक और उसके ससुराल वालों के बीच विदाई की बात को लेकर विवाद हो गया। बताते हैं इससे नाराज युवक ने खुद पर पेट्रोल डाल कर आग लगा ली, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे पहले सीएचसी फिर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# नेपाल विचारकों और सुधारकों की भूमि: गवई

काठमांडू,एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश बी.आर गवई ने भगवान बुद्ध के जन्म स्थान नेपाल को शुक्रवार को विचारकों और सुधारकों का उद्गम स्थल बताया, जिन्होंने विद्वान मानदंडों को चुनौती दी, नैतिक चिंतन को प्रेरित किया और समाज को बेहतर बनाने का प्रयास किया। सीजेआई गवई यहां नेपाल के उच्चतम न्यायालय द्वारा न्यायशास्त्र और न्याय क्षेत्र सुधारों पर आयोजित नेपाल-भारत न्यायिक वार्ता 2025 को संबोधित कर रहे थे।

सीजेआई गवई ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने संबोधन में कहा कि भगवान बुद्ध की जन्मस्थली होने के नाते नेपाल उन विचारकों और सुधारकों का उद्गम स्थल रहा है, जिन्होंने मौजूदा मानदंडों को चुनौती दी, नैतिक चिंतन को प्रेरित किया और समाज को बेहतर बनाने का प्रयास किया। उन्होंने नेपाल के संविधान की इस आधार पर सराहना की कि इसमें संसद में महिला प्रतिनिधियों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण की गारंटी दी गई है। नेपाल के प्रधान न्यायाधीश प्रकाश मान सिंह रावत ने कहा कि पिछले दो दशकों में, नेपाल ने मानव संसाधन विकास, सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग और बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से न्याय वितरण में महत्वपूर्ण सुधार हासिल किया है।

उन्होंने कहा कि न्यायपालिका में हाल के संस्थागत सुधारों से नेपाल को विधि शासन सूचकांक में बेहतर स्थान प्राप्त करने में मदद मिली है।

## सराफ से 11.93 लाख की ठगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जमीन बेचने के नाम पर महिला समेत तीन लोगों ने सिविल लाइंस क्षेत्र निवासी सराफा दुकानदार से 11.93 लाख लेकर हड़प लिए।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के मोरा मुस्तकम निवासी मनोज कुमार वर्मा ने डीआईजी को शिकायती पत्र देकर बताया कि डिलारी के गांव काजीपुरा में उसकी सराफ की दुकान है। दुकान के पास ही मुस्तरा पत्नी रशीद, अलशेर हाफिज और ईनाम अली रहते हैं। यह तीनों आपस में रिश्तेदार है। इन सभी से उसकी जान पहचान हो गई। एक दिन अलीशेर हाफिज व ईनाम अली उसके पास आए और कहां कि हमारी रिश्तेदर मुस्तरी को अपनी दो बेटियों की शादी करनी है, जिसके लिए रुपयों की जरूरत है। वह जमीन बेचना चाहती है।

# 7 को रात 9:57 बजे से पूर्ण चंद्र ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- सूतक काल 7 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 26 मिनट से प्रारंभ होगा
- पूर्णिमा का श्राद्ध दोपहर 12 बजकर 26 मिनट के पहले अवश्य कर लें

**अमृत विचार।** साल का दूसरा और भारत में साल का पहला चंद्र ग्रहण भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि को 7-8 सितंबर की रात में लगेगा। यह पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। भारत में इसे देखा जा सकेगा। यह काफी लंबा चंद्र ग्रहण भी होगा। चूंकि, यह भारत में देखा जा सकेगा इसलिए इसका सूतक भी मान्य होगा। भाद्रपद पूर्णिमा को चंद्र ग्रहण रहेगा इसलिए पूर्णिमा का श्राद्ध दोपहर 12 बजकर 26 मिनट के पहले अवश्य कर लें।

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि भारतीय समयानुसार ग्रहण की शुरुआत रात 9:57 बजे से होगी। ग्रहण का मध्य काल रात 11:41 बजे और मोक्ष काल रात 1:27 बजे होगा। ग्रहण का स्पर्श, मध्य व मोक्ष संपूर्ण भारत में दृश्यमान रहेगा। यह ग्रहण भारत के अतिरिक्त पश्चिमी प्रशांत महासागर, हिंद महासागर, पूर्वी अटलांटिक महासागर, अंटार्कटिका, एशिया, आस्ट्रेलिया, यूरोप आदि में दिखाई देगा। ग्रहण शुरू होने से लगभग 9 घंटे पहले सूतक काल की शुरुआत हो जाती है। इस बार सूतक काल 7 सितंबर को दोपहर 12 बजकर 26 मिनट से प्रारंभ होगा और पूरे ग्रहण काल तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान शास्त्रों के अनुसार देव-प्रतिमाओं का स्पर्श, पूजा-पाठ और हवन जैसे कार्य वर्जित माने गए हैं। हालांकि, जप और ध्यान करना इस समय कई गुना फलदायी होता है।

### सभी 12 राशियों पर पड़ेगा असर

चंद्रग्रहण का प्रभाव सभी 12 राशियों पर देखा जाएगा। यह ग्रहण कुंभ राशि और पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में लग रहा है। शनि की राशि में घटित हो रहा है। ऐसे में हर किसी को सतर्क रहने की जरूरत है। चंद्र ग्रहण का समय परिवर्तन का समय होता है। चंद्रमा मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव डालता है। यही कारण है कि चंद्र ग्रहण भवनात्मक रूप से बहुत प्रभावित करता है। चंद्र ग्रहण के दौरान हमारे मन में बहुत उथल-पुथल मचा रहता है। इस दौरान लिए कई निर्णय गलत और भविष्य को प्रभावित करने वाले हो सकते हैं। चंद्र ग्रहण में जप और ध्यान से नकारात्मक भावनाओं को अपने अवचेतन मन से बाहर निकालने का अच्छा समय होता है। पूर्ण चंद्र ग्रहण में नकारात्मक चीजें काफी बलशाली हो जाती हैं लेकिन जो लोग ध्यान,जप करते हैं, वो अपनी ऊर्जा को बलशाली बना सकते हैं। चंद्र ग्रहण के दौरान मंत्र जाप करने और दान-पुण्य करने से भी विशेष लाभ प्राप्त होता है।

# डिजिटल अरेस्ट कर 57.89 लाख ठगे

## एक साल बाद आरोपी पकड़े, दिल्ली, फर्रुखाबाद और नोएडा के रहने वाले हैं पकड़े गए बदमाश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** डिजिटल अरेस्ट कर 57.89 लाख की ठगी करने वाले पांच जालसाज एक साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ गए। एसपी के निर्देश पर तलाश में जुटी तीन टीमों ने पूरनपुर रोड पर एक पेट्रोल पंप के पास से पांचों को पकड़ लिया। इनके पास से 3.50 लाख रुपये, 9 मोबाइल, 10 फर्जी आधार कार्ड, दो चेक बुक बरामद की गई। आरोपियों को जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपी दिल्ली, फर्रुखाबाद और नोएडा के रहने वाले हैं।

बता दें 21 दिसंबर 2024 को जेल लाइन के रहने वाले जगमोहन सैनी की ओर से साइबर क्राइम थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें बताया था कि 9 से 22 अगस्त के बीच उनके और पत्नी के साथ ठगी की गई। खुद को सीबीआई, ईडी, सुप्रीम कोर्ट और क्राइम ब्रांच मुंबई का अधिकारी बताते हुए जालसाजों ने कॉल की और बताया पीड़ित के आधार कार्ड ने सिम जारी हुए हैं और उनका प्रयोग गैरकानूनी गतिविधियों में किया गया है। ऐसे में कार्रवाई का डर दिखाकर कई बार में 57 लाख 89 हजार 776 रुपये विभिन्न खातों में जमा कराए गए। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने 27 अगस्त 2024 को साइबर पोर्टल एनसीआरपी पर शिकायत ऑनलाइन भी दर्ज कराई थी। इस मुकदमे की विवेचना साइबर थाना पुलिस ने शुरू की।

एसपी अभिषेक यादव ने साइबर थाना निरीक्षक खुर्शीद अहमद के साथ ही एसओजी व साइबर सेल टीम को भी सुरागरसी में लगाया। एक साल बाद पुलिस डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से डरा धमकाकर ठगी करने वाले गिरोह तक पहुंच गई। पुलिस ने शुक्रवार को गिरोह के पांच सदस्य ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्धनगर) क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर कसाना मार्ग निवासी मनीष कुमार पुत्र प्रेमराज, ईश्वर नगर साबेरी निवासी राजेंद्र शर्मा उर्फ राजन पुत्र घनश्याम शर्मा, बख्तावरपुर सेक्टर 127 नोएडा निवासी संजय बोबी देशवाल पुत्र वीरपाल सिंह, तीमारपुर नॉर्थ ईस्ट नई दिल्ली के हनुमान चौक जगतपुर एक्सटेंशन निवासी विकास वर्मा और फर्रुखाबाद जनपद के थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम सीगनपुर पोस्ट जैतपुर निवासी प्रशांत चौहान को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया।



पकड़े गए आरोपियों से बरामद सामान।

### कंबोडिया के लाओस में बैठा गिरोह का सरगना

पकड़े गए जालसाजों ने पुलिस पूछताछ में संगठित गिरोह के रूप में वारदात करने की बात स्वीकार की। बताया वह आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों से उनके चालू खाते की पासबुक, एटीएम कार्ड, चेक बुक ले लिया करते थे, जिसके बदले में तीन से चार प्रतिशत कमीशन दिया जाता। इन खातों का साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि को स्थानांतरित करने के लिए प्रयोग किया जाता। संबंधित व्यक्तियों का वास्तविक आधार कार्ड, पैन कार्ड का प्रयोग कर फर्जी फर्म बनाकर विभिन्न बैंकों में करंट एकाउंट खुलवाते थे। नए मोबाइल नंबर लिया करते थे। गिरोह के सदस्य कई राज्यों में नये-नये खाते खुलवाया करते थे। इन्हीं खातों में डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, निवेश धोखाधड़ी आदि से आने वाली धनराशि डलवाई जाती थी और फिर म्यूल खातों में ट्रांसफर कर नकदी निकासी कर ली जाती थी। घटना करने के बाद मोबाइल नंबर बंद कर दिए जाते थे। पूछताछ में ये भी बताया कि उनका सरगना ईस्ट एशियन कंट्री कम्बोडिया लाओस में बैठा है। उसे भी अपराध से प्राप्त धनराशि का कुछ प्रतिशत अपने पास कमीशन के तौर पर रखते हुए बकाया स्थानांतरित कर दी जाती थी।

# सचिव लापता, बाइक से मिला सुसाइड नोट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- परिवार ने जताई आत्महत्या की आशंका
- दो अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप लगा है



सचिव अजय मिश्र कपूर।

**अमृत विचार:** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति परसपुर के सचिव अजय मिश्र कपूर गुरुवार से रहस्यमयी हालात में लापता हो गए। उनकी बाइक, मोबाइल फोन, हेलमेट व बैग शारदानगर बैराज पुल के समीप मिले। बाइक की डिग्गी से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें दो अधिकारियों पर मानसिक प्रताड़ना और पैसों की डिमांड का जिक्र किया गया है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस और एनडीआरएफ की टीम शादरा बैराज में उनकी तलाश कर रही हैं, लेकिन देर शाम तक उनका कोई पता नहीं चल सका है।

लापता सचिव के बड़े बेटे अभिषेक मिश्र ने बताया कि प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी पिता ने पूजा पाठ की। उसके बाद नाश्ता कर सुबह करीब आठ बजे समिति जाने की बात कहकर रोज की तरह बाइक से निकले थे। शाम 6 बजे तक घर वापस न आने पर मां संगीता ने फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। फोन न उठाने पर मां ने ने दोबारा कॉल किया तो शारदानगर पुलिस ने रिसीव कर जानकारी दी कि बाइक, डिग्गी में बाइक के कागज, एक सुसाइड नोट, चाभी, मोबाइल और हेलमेट पुल के किनारे मिला है।

## फेसबुक पर दोस्ती के बाद युवती से किया दुष्कर्म

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवती को प्रेम जाल में फंसाने और फिर आपत्तिजनक फोटो-वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। परिजन की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सुनगढ़ी क्षेत्र के एक ग्रामीण ने बताया कि उसकी बहन की पहचान फेसबुक पर आकाश नाम के युवक से परिचय हुई थी। बाद में पता चला कि उसका असली नाम आलम उर्फ गुड्डू है, जो बरेली के थाना इज्जत नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 48 बैरियर नंबर दो का रहने वाला है। आरोपी एक साल से युवती से मिलने पीलीभीत आता रहा और कई बार उसे शहर के एक रेस्टोरेंट में ले गया। आरोप है कि युवक ने युवती के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाकर लगातार ब्लैकमेल किया।

## बदायूं में बाढ़ की चपेट में दो लाख लोग

**बदायूं, अमृत विचार :** शुक्रवार को नरौरा से दो लाख क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया। जिससे उसहैत हुसैनपुर के बांध भी रिसने लगे हैं। बाढ़ से करीब दो लाख लोग प्रभावित हुए हैं। जिला प्रशासन बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री मुहैया करा रहा है। फिर भी हजारों लोग भुखमरी से जूझ रहे हैं। सहसवान में महावा नदी ने आसपास के कई दर्जन गांवों को सैलाब में धकेल दिया है। स्थिति दिनो दिन बदतर होती जा रही है। बाढ़ खंड की मुश्किलों भी अब बढ़ने लगी हैं।

पहाड़ों पर हो रही मूसलाधार का असर मैदानी इलाकों में साफ दिख रहा है। पहाड़ों का पानी हरिद्वार और बिजनौर से होकर सीधा नरौरा बैराज में आ रहा है। जिससे नरौरा बैराज में पानी का फ्लो ओवर हो रहा है। पानी बढ़ने से नरौरा बैराज से लगातार पानी गंगा नदियों में डिस्चार्ज किया जा रहा है। शुक्रवार को नरौरा से दो लाख क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया है जो इस साल अब तक का सबसे अधिक पानी है। हालांकि डेढ़ लाख क्यूसेक से अधिक पानी कई दिनों से आ रहा है जिससे तटवर्ती इलाकों में बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। बाढ़ की स्थिति यह है कि अब कहीं कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। केवल पानी नजर आ रहा है। उसहैत के ग्राम असमिया रफतपुर, जटा और प्रेमी नगला में चार चार फुट पानी भरा हुआ है।

# शाहजहांपुर में 90 को रेस्क्यू कर शेल्टर होम भेजा

कार्यालय संवाददाता,शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एक बार जनपद के शहरी क्षेत्र में बाढ़ जैसै हालात बनते हुए साफ नजर आ रहे हैं, यूं कहे कि बाढ़ ने कुछ तटीय इलाकों में दस्तक दे दी है। जिससे कि आमजन जीवन अस्त व्यस्त होते हुए नजर आ रहा है।

महानगर से होकर निकलनी वाली गर्रा व खन्नौत नदी खतरे के निशान से 15-20 सेमी ऊपर बह रही है। जिसके नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 8 वार्ड में पानी भर जाने की जानकारी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रिपोर्ट से मिली है। इन मोहल्लों के 200 लोग बाढ़ प्रभावित हुए हैं और इनको सदर तहसील प्रशासन द्वारा नाव से निरंतर रेस्क्यू कर एनटीआई, छोटी बिसरात, कल्याण सिंह सामुदायिक भवन व बचपन स्कूल शेल्टर होम में ठहराया जा रहा है। अब तक 90 लोग को रेस्क्यू कर सुरक्षित शेल्टर होम में ठहराया गया है। जिला प्रशासन की ओर से एसडीआरएफ, पीएसी, आपदा मित्र व राजस्व कर्मचारी निरंतर पानी भरे स्थानों पर जाकर लोगों को नावों से सुरक्षित लाकर शेल्टर होम या रिश्तेदार के घरों में जाने दिया जा रहा है। जिससे कि किसी तरह की जनहानि या पशुहानि जैसी स्थिति उत्पन्न न हो पाए। वही ककरा क्षेत्र में गर्रा नदी के रौद्र रुप देखने को मिल रहा है, जिससे वहां बने सरकारी भवन पूरी तरह पानी की चपेट में आ चुके हैं। निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय, शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण, एनिमल बर्थ कन्ट्रोल सेंटर , नंदीशाला आदि भवन जोकि पानी भर जाने से बाढ़ की तस्वीर को बयां कर रहे हैं। ककरा पुल को पूरी तरह बेरीकेडिंग कर आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। अजीजगंज से उमरगंज जाने वाले रोड पर पानी आ जाने रोड को आमजन के लिए बैरीकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया। जिससे कि कोई अनहोनी न हो पाए।

उधर ककरा में ही नगर निगम का ई-बस चार्जिंग स्टेशन भी गर्रा नदी के पानी की चपेट में पूरी तरह आ गया है। जिस कारण सिटी बस प्रबंधन द्वारा ई-बसों को पहले से ही वहां निकालकर खिरनीबाग रामलीला मैदान में खड़ा कर दिया गया है। क्योंकि पिछली बार अचानक बाढ़ आ जाने से तीन ई-बस पूरी तरह पानी भर जाने से खराब हो गई थी।

**शारदा नहर खंड कन्ट्रोल रुम की रिपोर्ट:** शारदा नहर खंड कन्ट्रोल रुम की बाढ़ प्रभारी अधिकारी द्वारा जारी की गई जलस्तर रिपोर्ट में बताया गया है कि शुक्रवार को अजीजगंज पुल गर्रा नदी का जलस्तर 148.950 मीटर खतरे के निशान से 0.150 मीटर ऊपर एवं लोधीपुर पुल पर खन्नौत नदी का जलस्तर 145.850 मीटर खतरे के निशान से 0.100 मीटर ऊपर रिकार्ड किया गया है।



ककरा स्थित निर्माणाधीन नगर निगम कार्यालय जलमग्न। ● अमृत विचार


# कार्यालय उप जिलाधिकारी, पलिया-खीरी।

पत्रांक : /सात-आवंटन विज्ञाप्ति/मत्स्य आवंटन-पलिया/रा0नि0कार्या0, दिनांक : 26.08.2025

प्रेस विज्ञप्ति

उ०प्र० राजस्व संहिता 2006 (यथासंशोधित) की धारा 61 के अनुपालन में तहसील पलिया में मत्स्य पालन हेतु उपयुक्त तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से किये जाने हेतु तहसील सभागार में शिविर का आयोजन किया गया है। उ०प्र० राजस्व संहिता 2006 (यथा संशोधित) में वर्णित नियमों के अनुरूप मछुआ समुदाय, पिछडी जाति, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं सामान्य व्यक्तियों के मध्य नीलामी पद्धति से तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा किया जायेगा। 2 हे0 से बड़े क्षेत्रफल के तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से पंजीकृत मत्स्यजीवी समितियों के मध्य किया जायेगा। उक्त नीलामी उ०प्र०राजस्व संहिता, उ०प्र० राजस्व संहिता नियमावली, शासनादेशों, परिषदादेशों के कम में की जोयगी। शर्ते इस प्रकार है –

1– इच्छुक पात्र व्यक्ति खसरा, खतौनी तथा जाति, आय व निवास प्रमाण पत्र जो विज्ञापन की तिथि से 6 माह पुराना न हो वह प्रार्थना पत्र के साथ नियत तिथि समय व स्थान पर उपस्थित होकर आवंटन की कार्यवाही में भाग ले सकता है। आवेदक द्वारा जाति, आय व निवास प्रमाण पत्र 6 माह से अधिक समय के आवेदन के साथ प्रस्तुत किये जाने पर आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा अर्थात ऐसे आवेदक को नीलामी प्रकिया में भाग लेने से निषेधित कर दिया जायेगा।

2–राजस्व संहिता नियमावली 2006 के अनुसार 2हे0 से कम क्षेत्रफल वाले तालाब पट्टा नीलामी की न्यूनतम धनराशि मु० 5,000 प्रति हे० प्रतिवर्ष की दर से निर्धारित की गयी है। 2हे0 से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों के लिये न्यूनतम धनराशि 10,000 प्रति हे0 प्रतिवर्ष की दर से निर्धारित है।

3–मत्स्य पालन के इच्छुक व्यक्तियों/मत्स्य पालन समितियों के अध्यक्ष/सचिव को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त विज्ञापित/प्रकाशित गाटा संख्याओं के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण कर लें अथवा क्षेत्रीय लेखपाल से सम्पर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त कर लें। आवंटन योग्य होने पर ही शिविर में आवेदन करें। आवंटन/नीलामी के उपरान्त किसी व्यक्ति का उक्त सम्बन्ध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

4–नीलामी होने की स्थिति में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति को जमानत धनराशि बोली बोलने से पूर्व जमा करनी होगी तथा नीलामी सम्पन्न होने के पश्चात सर्वाधिक बोली दाता को नीलामी के उपरान्त तत्काल 10 वर्षीय लगान की सम्पूर्ण धनराशि का 25 प्रतिशत (1/4) भाग जमा करना होगा तथा शेष 75 प्रतिशत धनराशि (3/4) भाग नीलामी तिथि के 15 दिवस के अन्दर जमा करना होगा। 15 दिवस के अन्दर सम्पूर्ण धनराशि जमा करने के उपरान्त नीलामी स्वीकृति की रजिस्ट्री उ०प्र०रा०संहिता,2006 में विधिक प्राविधानों के तहत की जायेगी। नियत समयावधि में धनराशि जमा नही करने पर 1/4 धनराशि राज्य के पक्ष में सम्प्रहत/जब्त कर ली जायेगी।

5–नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार एवं अन्तिम निर्णय उपजिलाधिकारी पलिया–खीरी में निहित है।

नीलामी स्थल :– तहसील सभागार, पलिया, जिला–खीरी

प्रातः 10 बजे से 12:00 बजे तक आवेदन प्राप्त किये जायेग। नीलामी का समय–1 बजे से शाम 4 बजे तक।

नीलाम अधिकारी–नायब तहसीलदार, पलिया

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | आवंटन योग्य तालाबों का विवरण | | न्यूनतम वार्षिक लगान (रू0 में) | 10 वर्षीर्य लगान | नीलामी से पूर्व जमानत के रूप में अग्रिम जमा की जाने वाली धनराशि | नीलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | गाटा संख्या | क्षेत्रफल (हे0 में) | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ध्यानपुर | 433ख<br>442ख | 0.894हे0<br>0.712हे0 | 4470<br>3560 | 44700<br>35600 | 1000<br>1000 | 10.09.2025 |
| 2 | बन्दरभरारी | 313<br>118 | 0.251हे0<br>0.372हे0 | 1255<br>1860 | 12550<br>18600 | 1000<br>1000 | 10.09.2025 |
| 3 | कृष्णानगर कालोनी | 72मि0 | 0.709हे0 | 3545 | 35450 | 1000 | 10.09.2025 |
| 4 | मझरा पश्चिम | 122<br>131 | 4.201हे0<br>1.416हे0 | 42010<br>7080 | 420100<br>70800 | 1000<br>1000 | 10.09.2025 |
| 5 | मझगई | 1157<br>1354 | 0.825हे0<br>0.745हे0 | 4125<br>3725 | 41250<br>37250 | 1000<br>1000 | 10.09.2025 |
| 6 | भीरा | 1517 | 0.401हे0 | 2005 | 20050 | 1000 | 10.09.2025 |
| 7 | मलिनिया | 380मि0 | 2.890हे0 | 28900 | 289000 | 1000 | 10.09.2025 |

UP – 237498 **दिनांक:** 04/09/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

उप जिलाधिकारी,
पलिया–खीरी।



## निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अस्थायी गौआश्रय स्थल इटौआ सुखदेवपुर के संचालन हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। जिसमें गौसेवक/गौरक्षा समितियों को वरीयता दी जायेगी। गौवंश के भरण-पोषण एवं रखाव हेतु सरकार द्वारा निर्धारित 50 रू. प्रति गौवंश/प्रतिदिन देय होगा। गौवंश के भरण पोषण, सुरक्षा चिकित्सा साफ सफाई आदि की व्यवस्था के अलावा मृत गौवंश के शव निस्तारण की जिम्मेदारी संचालक/इच्छुक संस्था की होगी। सभी शर्ते संलग्न है। निविदा डाक अपना व्यक्तिगत रूप से ग्राम पंचायत इटौआ सुखदेवपुर में दि. 10.9.2025 की सायं 4 बजे तक जमा की जा सकती है जिन्हें दि. 10.9.25 को 5 बजे खोला जायेगा।

**प्रधान-सोनिका यादव** **सचिव-विश्वजीत सिंह**



## किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर, लखीमपुर-खीरी (उ0प्र0)

### अल्प-कालीन ई-निविदा सूचना

केवल अनुभवी ठेकेदारों से इस मिल समिति में निम्न कार्यों हेतु ई-निविदा निर्धारित तिथि को सायंकाल 6:55 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्रम0 सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ई-निविदा की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Foundation for 10x30 size two new Weighbridge (for cattle tare and Gross) | रू० 20000/- | रू० 590/- | 12.09.2025 |
| 2 | Construction of Boundry Wall lenght 185x2 mtr. New Sugar Godown to Cane Office. | रू० 48000/- | रू० 590/- | 12.09.2025 |
| 3 | Repair and painting work for canteen | रू० 12000/- | रू० 590/- | 12.09.2025 |

उपरोक्त कार्य हेतु विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। समस्त निविदा प्रक्रिया ई-निविदा के माध्यम से पूर्ण की जायेंगी आवश्यकतानुसार निगोशिएसन भी किया जा सकता है।

अधोहस्ताक्षरी को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सर्वसुरक्षित होगा।

**प्रधान प्रबन्धक**



## क्षेत्रीय कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स सोसाइटीज तथा चिट्स

193-ए, सिविल लाइन्स, बरेली मण्डल, बरेली

पत्रांक: 1084 I **सार्वजनिक सूचना** दिनांक: 29.08.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नेतराम उर्फ राजेश कुमार द्वारा संस्था कान्हा गौशाला सेवा समिति, ग्राम रिछा पो. भुता तह. फरीदपुर जिला बरेली के अध्यक्ष की हैसियत से पंजीकरण हेतु सोसा. रजि. अधि. 1860 के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीकरण शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये हैं। उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है:-

| क्र. | नाम/पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री नेतराम उर्फ राजेश कुमार पुत्र श्री राम स्वरूप | अध्यक्ष |
| 2 | श्री केशव कुमार पाण्डेय पुत्र श्री राजेश पाण्डेय | प्रबन्धक |
| 3 | श्री देवेश पाण्डेय पुत्र श्री ओम नारायण | कोषाध्यक्ष |
| 4 | श्री अजीत अवस्थी पुत्र श्री हरदेव अवस्थी | सदस्य |
| 5 | श्री शिवम पाठक पुत्र श्री सुरेश पाठक | सदस्य |
| 6 | श्री ओम नारायण पुत्र श्री राजेश पाण्डेय | सदस्य |
| 7 | श्री कृष्णा पाण्डेय पुत्र श्री शिवम पाठक | सदस्य |
| 8 | श्रीमती सीमा देवी पत्नी श्री केशव कुमार पाण्डेय | सदस्य |
| 9 | श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री ओम नारायण | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा. रजि. अधि. 1860 की धारा 3(1) के "परन्तुक" के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**सहायक रजिस्ट्रार, बरेली**



## पब्लिक नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री रामदुलारे व कुमारी भारती देवी पत्नी देवेन्द्र सिंह, निवासीगण गंगासदन रहपुरा रोड अर्सना रेजीडेंसी, बरेली ने एक प्लाट रकबई 167.07 वर्ग मी0 वाकै ग्राम विल्वा सेंट्रल पार्क पर0 तह0 व जिला बरेली को इकरारी श्रीमती प्रगति गोयल व सचिन गोयल से क्रय करने हेतु एस.एम.एफ. जी. इण्डिया होम फाईनेंस कम्पनी लि0 से लोन ले रहे हैं व उक्त सम्पत्ति को एस.एम. एफ.जी. इण्डिया होम फाईनेंस कम्पनी लि. में बंधक कर रहे हैं, उक्त सम्पत्ति के बाबत एक किता रजिस्टर्ड पिछला मूल बैनामा जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 27.04.2013 वही सं0-1 जिल्द संख्या-6225 पृष्ठ संख्या-231 से 246 क्रमांक 6046 स0र0 बरेली में हुई कहीं खो गया है। जिसकी सूचना दिनांक 04.09.2025 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त मूल बैनामे की अनुउपलब्धता के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो वह इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

**अमिताभ भंज, एडवोकेट**
**कार्यालय-चैम्बर नं0 11 बड़ा वकालतखाना**
**सिविल कोर्ट, बरेली।**
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**एस.एम.एफ.जी. इण्डिया होम फाईनेन्स कम्पनी लि0**


# पीटीआर की जैव विविधता को समृद्ध बना रही गिद्धों की मौजूदगी

विश्व गिद्ध जागरूकता दिवस

कार्यालय संवाददाता, पीलभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की विशिष्ट जैवविविधता अन्य टाइगर रिजर्वो से अपना अलग मुकाम रखती है। यहां की जैवविविधता को समृद्ध बनाने में गिद्धों की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह बात दीगर है कि जैवविविधता में योगदान देने वाले गिद्धों की संख्या में पिछले कुछ दशकों में भारी कमी आई है। मगर पिछले कुछ सालों में गिद्ध प्रजाति धीरे-धीरे फिर से अस्तित्व की ओर लौटती दिखाई दे रही है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत जनपद की बात करें तो यहां गिद्धों की सात प्रजातियां पाईं जाती है। खास बात यह है कि इसमें दुर्लभ राजगिद्ध भी शुमार हैं जो कि बहुत कम देखने को मिलता है। वन्यजीव विशेषज्ञों की मानें तो इस पक्षी प्रजाति के संरक्षण के गंभीर और सामूहिक प्रयास करने होंगे, ताकि पर्यावरण सुरक्षित रह सके।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व बाघों की बढ़ती संख्या को लेकर अंतरराष्ट्रीय टीएक्सटू अवार्ड के अलावा बाघ संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान पर कैटस जैसे प्रतिष्ठित अवार्ड हासिल कर चुका है। वन्यजीवों के साथ अब पक्षियों को भी यहां की आबोहवा रास आने लगी है। वर्तमान में पक्षियों की 350 से अधिक प्रजातियां पीटीआर में मौजूद हैं। इसमें वैश्विक स्तर की 10 प्रजातियां भी शामिल है जो शेड्यूल वन से भी ऊपर है। टाइगर रिजर्व में पक्षियों के संसार की बात करें तो इनमें कभी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी गिद्ध प्रजाति भी शुमार हो चुका है।



विलुप्त प्राय प्रजाति का रेड हेडेड वल्चर।

## नेशनल ब्रीफ

### अमृतसर ग्रेनेड हमले का वांछित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने अमृतसर के एक मंदिर पर ग्रेनेड से हमला करने के मामले में एक वांछित आतंकवादी को शुक्रवार को बिहार से गिरफ्तार किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पंजाब के गुरदासपुर जिले के भैणी बांगर गांव के निवासी शरणजीत कुमार उर्फ सनी को गया जी से गिरफ्तार किया गया। बयान के अनुसार, शरणजीत, इस वर्ष 14 मार्च की रात अमृतसर के शेरशाह रोड स्थित मंदिर पर हुए ग्रेनेड हमले की साजिश रचने और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल था।

### उत्तर-पूर्वी दिल्ली में गोलीबारी, दो की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के प्रताप नगर इलाके में शुक्रवार शाम अज्ञात लोगों ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। हर्ष विहार थाने को शाम में करीब सवा सात बजे गोलीबारी की सूचना मिली। पुलिस की एक टीम प्रताप नगर के सी-ब्लॉक पहुंची, जहां पता चला कि गोली लगने से घायल दो लोगों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल ले जाया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि 35 वर्षीय सुधीर उर्फ बंटी और 30 वर्षीय राधे प्रजापति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सिक्किम: भाजपा के प्रवक्ता ने इस्तीफा दिया

**गंगटोक।** भाजपा की सिक्किम इकाई के प्रवक्ता पासांग चाली शेरपा ने शुक्रवार को पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राज्य के नेतृत्व की निर्णय न ले पाने की स्थिति पर नाराजगी जताई। शेरपा ने बयान में कहा, मैंने भाजपा सिक्किम के राज्य प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्य के नेतृत्व की लगातार निर्णय न ले पाने की स्थिति और परस्पर विरोधी संदेशों ने हमारी विश्वसनीयता को कमजोर किया, कार्यकर्ताओं को भ्रमित किया और जनता को गुमराह किया है। उन्होंने राज्य भाजपा नेतृत्व से यह स्पष्ट करने की मांग की कि पार्टी सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के साथ गठबंधन में है या विपक्ष में है।


### यूएपीए मामले की जांच के तहत वाहन जब्त

**श्रीनगर।** यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले की जांच के तहत शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में एक वाहन जब्त किया गया। एक पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि वाहन का मालिक अनंतनाग जिले के श्रीगुफवारा इलाके के ताकिया हुगाम निवासी मुजाकिर मोहिउद्दीन शाह है। उन्होंने बताया कि शाह मट्टन थाने में दर्ज यूएपीए मामले में आरोपी फिरदौस अहमद भट का भतीजा है।

# दहेज में 1951 की रोल्स रॉयस मांग रहा था पति, सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला, टूट गई शादी

## नेहरू ने बड़ौदा की महारानी के लिए मंगवाई थी अपनी तरह की अनूठी कार, जिसे हाथों से बनवाया था एचजे मुलिनर एंड कंपनी ने

नई दिल्ली, एजेंसी



- वर्तमान में ढाई करोड़ से भी ज्यादा है कार की कीमत, पति की इच्छा पूरी न होने पर दोनों के बीच शुरू हुई कानूनी लड़ाई

सुप्रीम कोर्ट ने एक-दूसरे से अलग रह रहे दंपती के विवाह को समाप्त कर दिया है। उनके रिश्ते में रोल्स रॉयस की 1951 मॉडल की एक कार को लेकर खटास आ गई थी, जिसे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने बड़ौदा की तत्कालीन 'महारानी' के लिए मंगवाया था।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते को रिकॉर्ड में दर्ज किया, जिसके अनुसार महिला को पुरुष 2.25 करोड़ रुपये का भुगतान करेगा। इसके बाद उनके बीच सभी दावों का निपटारा हो जाएगा। पीठ ने 29 अगस्त को कहा, हम याचिकाकर्ता महिला और प्रतिवादी पति के बीच विवाह को समाप्त करते हैं। अब उनके बीच कोई भी रिश्ता, चाहे वह वैवाहिक हो या अन्य, नहीं रहेगा। समझौते के अनुसार, व्यक्ति 31 अगस्त तक एक करोड़ रुपये का भुगतान करेगा और शेष 1.25 करोड़ रुपये 30 नवंबर तक अदा किए जाएंगे। इस व्यवस्था के तहत, महिला अपने पति द्वारा दिए गए उपहारों को अपने पास रखेगी तथा पति उसे और उसके परिवार को मिले सभी उपहार जैसे सगाई की अंगूठी और अन्य कीमती सामान लौटा देगा, जिसे वह एक करोड़ रुपये के डिमांड ड्राफ्ट के साथ सौंपेगा। उनके बीच के सभी मामलों को रद्द करते हुए, पीठ ने इसे पूर्ण और अंतिम समझौता माना। शीर्ष अदालत ने पक्षों को आगाह किया कि संबंध विच्छेद के बाद वे सोशल मीडिया सहित किसी भी रूप में एक-दूसरे को बदनाम न करें।

ग्वालियर में रहने वाली महिला ने दावा किया कि वह एक काफी प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखती है, उसके पूर्वज छत्रपति शिवाजी महाराज की नौसेना में एडमिरल थे और उन्हें कोंकण क्षेत्र का शासक घोषित किया गया था। दूसरी ओर, उसका पति सैन्य अधिकारियों के परिवार से ताल्लुक रखता है और मध्यप्रदेश में एक शैक्षणिक संस्थान संचालित करता है। उसके परिवार के पास 1951 मॉडल की एक हस्तनिर्मित क्लासिक रोल्स रॉयस कार है, जो आज तक एक ही मॉडल है। इसकी वर्तमान कीमत ढाई करोड़ रुपये से अधिक है। महिला ने याचिका में कहा कि इसे प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने बड़ौदा की तत्कालीन महारानी के लिए मंगवाया था।

महिला ने दावा किया कि अलग हो चुके उसके पति और ससुराल वालों ने दहेज में रोल्स रॉयस तथा मुंबई में एक फ्लैट की मांग करके उसे लगातार परेशान किया। पति ने इस आरोप से इनकार किया। पति ने अलग हुई पत्नी, उसके माता-पिता और अपने ससुराल के लोगों के खिलाफ विवाह प्रमाण पत्र तैयार करने में धोखाधड़ी व जालसाजी करने का मामला दर्ज कराया था।

### मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में नहीं सुलझ पाया पति-पत्नी का विवाद

महिला ने अपनी याचिका में कहा, हाईकोर्ट इस बात पर विचार करने में विफल रहा कि उसके पति और ससुर की रॉल्स रॉयस कार मांगने की शुरू से ही गलत मंशा थी, जो अपनी तरह की एक अनूठी कार है और इसे 'एचजे मुलिनर एंड कंपनी' ने महारानी बड़ौदा चिमना बाई साहिब गायकवाड़ के लिए हाथों से बनवाया है। मांगें पूरी नहीं हुईं तो पति और ससुर ने शादी से इन्कार करना शुरू कर दिया और उस पर झूठे और तुच्छ आरोप लगाकर चरित्र हनन करना शुरू कर दिया। हाईकोर्ट के 5 दिसंबर 2023 के आदेश का उल्लेख करते हुए याचिका में कहा गया, पति और ससुर ने उसके पिता की रोल्स रॉयस कार के प्रति लगाव दिखाया। उन्हें यह कार उपहार में मिलने की उम्मीद थी, साथ ही मुंबई में एक फ्लैट भी दहेज की इस मांग को पूरा न करना उसे उसकी ससुराल न ले जाने का कारण बना। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ के महिला के पति के खिलाफ दहेज और क्रूरता का मामला खारिज किए जाने के बाद अलग रह रहे दंपती का विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा।

# यूपी-बिहार में बाढ़ की सबसे गंभीर स्थिति

## राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात समेत कई राज्यों में अगले कुछ दिनों में हालात खराब होने की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार को कई राज्यों में व्यापक बाढ़ की चेतावनी जारी की, जिसमें 22 नदी निगरानी केंद्रों ने 'बाढ़ की गंभीर स्थिति' और 23 अन्य ने 'सामान्य से ऊपर जल स्तर' की सूचना दी।

दैनिक बाढ़ स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, बिहार और उत्तर प्रदेश में आठ-आठ केंद्र तथा गुजरात, दिल्ली, झारखंड, ओडिशा, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में एक-एक केंद्र 'गंभीर बाढ़' श्रेणी में हैं। असम, जम्मू कश्मीर, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित 23 अन्य केंद्रों पर जल स्तर 'सामान्य से अधिक' दर्ज किया गया। केंद्रीय जल आयोग ने कहा कि 46 बांधों और बैराज के लिए जल प्रवाह पूर्वानुमान जारी किए गए हैं, जिनमें कर्नाटक में 12, तेलंगाना में छह, आंध्र प्रदेश में पांच, तथा मध्यप्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु, ओडिशा, महाराष्ट्र और उत्तराखंड में कई बांध शामिल हैं।

अधिकारियों को सलाह दी गई है कि वे बांधों के संचालन को मानक प्रोटोकॉल के अनुसार, सख्ती से नियंत्रित करें, ताकि निचले इलाकों में बाढ़ को रोका जा सके। दिल्ली के पुराने रेलवे पुल के नीचे यमुना नदी का जलस्तर घट रहा है। गुजरात में नर्मदा, तापी, दमनगंगा और साबरमती जैसी नदियों के अगले दो से तीन दिनों तक उफान पर रहने की संभावना है, जिसके कारण भरूच, सूरत, वडोदरा, साबरकांठा, बनासकांठा और राजकोट जिलों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान में माही, साबरमती, चंबल और बनास जैसी नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है तथा प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, उदयपुर, कोटा, बूंदी और झालावाड़ में गंभीर बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। महाराष्ट्र में धुले, नंदुरबार, पालघर, ठाणे और पुणे में भारी बारिश की संभावना है, जिससे तापी, वैतरणा, भीमा और कोयना जैसी नदियों का जल स्तर गंभीर बाढ़ के स्तर तक पहुंच सकता है।



पंजाब : अमृतसर के इलाकों में बाढ़ के भीषण प्रकोप के कारण आवाजाही बेहद मुश्किल हो गई है।

### पंजाब: होशियारपुर में 250 सड़कें क्षतिग्रस्त

**होशियारपुर।** होशियारपुर में बाढ़ के कारण भारी तबाही हुई है। पीडब्ल्यूडी की 101 किलोमीटर से अधिक की संपर्क सड़कें, पीडब्ल्यूडी के 54 किमी योजना मार्ग और 117 किमी मंडी बोर्ड सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। जिले के अधिकारियों के मुताबिक कम से कम 141 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को नुकसान पहुंचा हैं, जहां छत, फर्श, प्लास्टर, चारदीवारी और शौचालय क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा 23 गांवों में घरेलू सामान को नुकसान पहुंचने की खबर है, जिनमें से अधिकांस क्षति गढ़शंकर उपमंडल में हुई है।

### दिल्ली : बाढ़ प्रभावित लोग अब संक्रमण की चपेट में

**नई दिल्ली।** यमुना में आई बाढ़ के कारण जलमग्न हुए इलाकों से परिवारों को राहत शिविरों में तो स्थानांतरित कर दिया गया है, लेकिन अब ये लोग बुखार, चकत्ते और 'फंगल इंफेक्शन' की शिकायत लेकर चिकित्सकों के पास पहुंच रहे हैं। राहत शिविरों में दवाइयां वितरित की जा रही हैं और नियमित स्वास्थ्य जांच की जा रही है। चिकित्सा शिविर के साथ-साथ राहत शिविर के बाहर एक एम्बुलेंस भी तैनात है। कश्मीरी गेट के पास सर्वोदय विद्यालय में स्थापित शिविरों में लगभग 322 लोग शरण लिये हुए हैं। वे पहले यमुना बाजार राहत शिविर में शरण लिये हुए थे, जिसे बाढ़ के कारण खाली कराना पड़ा। शिविर में सेवा दे रहे एक चिकित्सक ने बताया कि और स्थिति नियंत्रण में है। हालांकि, उन्होंने बताया कि बाढ़ के पानी के संपर्क में आने से खुजली, त्वचा में जलन और हल्के संक्रमण के कई मामले सामने आए हैं।



दिल्ली के यमुना बाजार में बिजली के केबल पर रास्ता तय करता बंदर।



कुल्लू में बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए राशन सामग्री ले जाते सैन्यकर्मी।

### हिमाचल: एक हजार से ज्यादा सड़कें बंद

**शिमला।** राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, राज्य में कुल 1091 सड़कें बंद हैं। इनमें से 276 सड़कें मंडी में, 226 कुल्लू में, 201 शिमला में और 166 सड़कें चंबा जिले में हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग-3 (मंडी-धरमपुर रोड), एनएच-5 (पुराना हिन्दुस्तान-तिब्बत रोड), एनएच-305 (औट-सैंज रोड) और एनएच-505 (खाब से ग्राम्फू) बंद कर दिए गए हैं। शिमला-कालका रेल लाइन पर भूस्खलन के कारण इस पर चलने वाली रेलगाड़ियां शुक्रवार तक रद्द कर दी गई हैं। इस बीच, राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई और मंडी जिले के बग्गी में बृहस्पतिवार शाम से 61.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

# श्रीनगर की हजरतबल मस्जिद पर अशोक स्तंभ चिह्न लगाने को लेकर विवाद और तनाव

श्रीनगर, एजेंसी



- वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने पट्टिका तोड़ने वालों के खिलाफ पीएसए के तहत कार्रवाई की मांग की

श्रीनगर की मशहूर हजरतबल मस्जिद में नवीनीकरण पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ चिह्न लगाए जाने से बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इससे स्थानीय नेताओं और नमाज़ियों में नाराजगी फैल गई और अज्ञात लोगों ने उस पट्टिका को तोड़फोड़ दिया। जवाब में, जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष दरख्शां अंद्राबी ने प्रतीक चिह्न हटाने वालों के खिलाफ पीएसए के तहत कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

यह घटना उस मस्जिद के हाल में जीर्णोद्धार के बाद हुई जिसमें पैगंबर मोहम्मद के पवित्र चिह्न रखे हैं। मस्जिद के भीतर लगे पत्थर की उद्‌घाटन पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक अंकित था, जिसकी मुस्लिम समुदाय ने आलोचना की। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) सहित राजनीतिक नेताओं और नमाजियों ने तर्क दिया कि इबादतगाह में मूर्ति प्रदर्शित करना एकेश्वरवाद के इस्लामी सिद्धांत का उल्लंघन है, जो मूर्ति पूजा को सख्ती से प्रतिबंधित करता है। जुमे को दोपहर की सामूहिक नमाज के ठीक बाद अज्ञात लोगों ने पत्थर की पट्टिका तोड़ दी और राष्ट्रीय प्रतीक हटा दिया।

इस कृत्य से स्पष्ट रूप से नाराज अंद्राबी ने मस्जिद में एक प्रेस वार्ता आयोजित की और पट्टिका को तोड़ने वालों को आतंकवादी और गुंडे करार दिया। उन्होंने प्राथमिकी दर्ज करने और आरोपियों पर पीएसए (जन सुरक्षा कानून) के तहत मामला दर्ज करने की मांग की। पीएसए एक कठोर कानून है, जो बिना सुनवाई के किसी आरोपी को दो साल तक हिरासत में रखने की अनुमति देता है।

### एनसी के मुख्य प्रवक्ता के लोगों पर पट्टिका को तोड़ने का आरोप

अंद्राबी ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब राष्ट्रीय प्रतीक का प्रयोग देश भर में निर्वाचित नेताओं द्वारा किया जाता है तो यह विवाद का विषय क्यों बन जाता है। उन्होंने एनसी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक तनवीर सादिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की और कहा कि जिन लोगों ने यह कृत्य किया, वे उनके गुंडे थे। एनसी ने 'एक्स' पर एक बयान जारी कर टकराव के बजाय आपसी सम्मान और विनम्रता पर जोर दिया। पार्टी ने माना कि पट्टिका के डिजाइन को लेकर चिंताएं जताई गई थीं। कहा कि हजरतबल जैसे पवित्र स्थान के भीतर किसी भी गतिविधि में श्रद्धालुओं की आस्था के सिद्धांतों का सम्मान किया जाना चाहिए।

# विद्यार्थी याद रखें, यही शिक्षकों का सर्वोच्च पुरस्कार

## राष्ट्रपति ने कहा - सुविधाओं का अपना महत्व है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण स्मार्ट शिक्षक

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर यहां एक समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति मुर्मु ने इस मौके पर कहा कि भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करते हैं। उन्होंने एक शिक्षक के रूप में अपने वक्त को याद किया और उस समय को अपने जीवन का एक बहुत ही सार्थक काल बताया।

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है। शिक्षा की शक्ति से गरीब से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी उन्नति के आसमान को छू सकते हैं। बच्चों की उड़ान को बल देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है। एक अच्छे शिक्षक में भावनायें और बुद्धि दोनों होती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि स्मार्ट ब्लैकबोर्ड, स्मार्ट कक्षायें और अन्य आधुनिक सुविधाओं का अपना महत्व है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है स्मार्ट शिक्षक। उन्होंने कहा कि स्मार्ट शिक्षक वे शिक्षक होते हैं जो अपने विद्यार्थियों के विकास की सभी आवश्यकताओं को अच्छी तरह समझते हैं।



राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान के विशेष दौरे के दौरान शिक्षकों से बातचीत करतीं राष्ट्रपति।

### प्रो. गणेश को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने विज्ञान भवन में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त निदेशक प्रो. गणेश तिम्मण्ण पण्डित को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रो. गणेश उच्च शिक्षा में राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होने वाले अकेले शिक्षक होने के साथ पूरे भारत से अकेले संस्कृत शिक्षक हैं।

### एनसीएलटी के अदालत कक्ष पानी टपकने के कारण बंद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) बार एसोसिएशन ने दिवाला अधिकरण की प्रधान पीठ के तीन अदालत कक्षों को छत से पानी टपकने के कारण बंद किए जाने पर चिंता जताई है।

एनसीएलटी बार एसोसिएशन ने लोधी रोड स्थित 'सीजीओ कॉम्प्लेक्स' के ब्लॉक-तीन की आठवीं मंजिल को न्यायिक कामकाज के लिए असुरक्षित घोषित किए जाने के बाद कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय को पत्र लिखा है। इससे पहले एनसीएलटी ने 3 सितंबर को एक नोटिस जारी कर कहा था कि ब्लॉक-3 की आठवीं मंजिल तब तक बंद रहेगी, जब तक मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य नहीं हो जाते हैं।

### बिहार को लेकर टिप्पणी पर विवाद केरल कांग्रेस को मांगनी पड़ी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा ने कहा- बिहार के अपमान का मौका नहीं चूकती कांग्रेस

केरल कांग्रेस ने बीड़ी पर जीएसटी कम किए जाने को बिहार में चुनावी हथकंडा बताते हुए जो तंज किया उस पर भाजपा हमलावर हो गई और सियासत के बीच केरल कांग्रेस ने अपने विवादास्पद पोस्ट के लिए माफी मांग ली और पोस्ट को एक्स से हटा लिया।

केरल कांग्रेस ने अपनी इस टिप्पणी पर माफी मांगते हुए कहा, हम देख रहे हैं कि जीएसटी दरों को लेकर मोदी के चुनावी हथकंडे पर हमारे तंज को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। अगर आपको ठेस पहुंची हो तो हमें खेद है। पार्टी ने अपनी पोस्ट में बताया कि बीड़ी पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटा कर 18 प्रतिशत और सिगरेट पर 28 से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दी गई है। बिहार भाजपा ने सबसे पहले कांग्रेस के इस बयान को 'घृणित और घटिया सोच' करार देते हुए कहा कि जब भी कांग्रेस को मौका मिलता है, वह बिहार और बिहारवासियों का अपमान करने से नहीं चूकती।

इंडिया गठबंधन के घटक एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस बारे में पत्रकारों के सवाल पर कहा जो भी गलत ट्वीट था और इसका हम समर्थन नहीं करते। किसी को भी इस तरह की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए और अगर की गई है, तो माफी जरुर मांगनी चाहिए।

### तीन साल बाद सबसे लंबा चंद्रग्रहण कल

**बेंगलुरु।** वर्ष 2022 के बाद भारत में दिखाई देने वाला सबसे लंबा पूर्ण चंद्रग्रहण सात सितंबर की रात को होगा। खगोलविदों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 27 जुलाई, 2018 के बाद यह पहली बार होगा जब देश के सभी हिस्सों से पूर्ण चंद्रग्रहण देखा जा सकेगा। नेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे में एसोसिएट प्रोफेसर दिव्या ओबेरॉय ने कहा, आपको इसके बाद इतने लंबे चंद्रग्रहण को देखने के लिए 31 दिसंबर, 2028 तक इंतजार करना होगा। ग्रहण दुर्लभ होते हैं तथा हर पूर्णिमा या अमावस्या को नहीं होते, क्योंकि चंद्रमा की कक्षा सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की कक्षा से लगभग पांच डिग्री झुकी हुई है। चंद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है।

# बच्चे का डीएनए परीक्षण मातृत्व का अपमान: कोर्ट

भुवनेश्वर, एजेंसी

- हाईकोर्ट ने कहा - डीएनए परीक्षण के लिए मजबूर करने से निजता का अधिकार प्रभावित होता है

उड़ीसा उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के उस आदेश बरकरार रखा है जिसमें एक पुरुष के डीएनए परीक्षण की मांग को अस्वीकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति बी.पी. राउत्रे की एकल पीठ ने कहा कि बच्चे के डीएनए परीक्षण का निर्देश देना एक महिला के मातृत्व का अपमान होगा जो साक्ष्य अधिनियम की धारा 112 में वर्णित कानून के खिलाफ है।

न्यायमूर्ति ने सिविल विविध याचिका को खारिज करते हुए कहा कि यह ध्यान में रखना चाहिए कि किसी व्यक्ति को डीएनए परीक्षण के लिए मजबूर करने से उसकी निजता का अधिकार प्रभावित होता है। यह मुक़दमा एक संयुक्त परिवार की संपत्ति के बंटवारे के मुकदमे को लेकर शुरू हुआ जिसमें प्रतिद्वंदी पक्ष के माता-पिता का पता लगाने के लिए डीएनए परीक्षण की मांग की गई थी। कुचिंडा के दीवानी मामलों के न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड) ने इस मांग को ठुकरा दिया था। न्यायमूर्ति राउत्रे ने अपने फैसले में कहा कि यह समझ से परे है कि बंटवारे के मामले में डीएनए परीक्षण कैसे प्रासंगिक होगा।

सुप्रीम आदेश

शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय को पुन: सुनवाई करने को कहा

# जमानत रद्द करने की 40 याचिकाओं में एक जैसे आदेश, सुप्रीम कोर्ट नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने एक कड़े आदेश में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से नाराजगी जताई कि उसने पिछले दो वर्षों से जमानत रद्द करने के लिए कम से कम 40 याचिकाओं में पूर्व निर्धारित आदेश (साइक्लोस्टाइल्ड टेम्पलेट ऑर्डर) पारित किए हैं, जिसमें शिकायतकर्ताओं को गवाह संरक्षण योजना, 2018 के तहत उपाय तलाशने के लिए कहा गया है।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कई आदेश मिले हैं, जो कानून की गलत धारणा पर आधारित हैं, खासकर यह कि गवाह संरक्षण योजना जमानत रद्द करने का एक विकल्प है। उच्च न्यायालय के अनुसार, यह एक वैकल्पिक उपाय है। पीठ ने कहना था कि हमें यह जानकर दुख हो रहा है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, हमें कम से कम 40 हाल के आदेश मिले हैं, जो पिछले एक साल में ही पारित किए गए हैं। न्यायमूर्ति पारदीवाला के नेतृत्व वाली पीठ ने ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रशांत कुमार की एक दीवानी विवाद मामले में आपराधिक कार्यवाही की अनुमति देने के लिए आलोचना की थी तथा सेवानिवृत्ति तक उनसे आपराधिक मामलों को वापस ले लिया गया था।



- आदेश में कहा- गुणदोष के आधार पर याचिका पर उच्च न्यायालय को लेना चाहिए था निर्णय

इस विवादास्पद आदेश को बाद में प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई के आदेश पर संशोधित किया गया था। इस मामले में, न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कड़े शब्दों में फैसला सुनाया और उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें हत्या के मुकदमे का सामना कर रहे एक आरोपी की जमानत रद्द करने से इनकार कर दिया गया था, और इसके बजाय शिकायतकर्ता को गवाह संरक्षण योजना के तहत सहायता लेने के लिए कहा गया था। मूल शिकायतकर्ता फिरेराम ने इस आधार पर आरोपी की जमानत रद्द करने का अनुरोध किया कि उसने हत्या के एक मामले के गवाहों को धमकी देकर जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया है। उच्च न्यायालय ने जमानत रद्द करने से इनकार कर दिया और इसके बजाय शिकायतकर्ता को गवाह संरक्षण योजना के तहत आवेदन करने का निर्देश दिया।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि हम इस तथ्य पर गौर करते हैं कि उच्च न्यायालय ने एक बहुत ही अजीब आदेश पारित किया है... उच्च न्यायालय का कहना है कि अपीलकर्ता के मामले में पीड़ित व्यक्ति के रूप में मूल प्रथम सूचनाकर्ता होने के नाते उपाय गवाह संरक्षण योजना के तहत है। दूसरे शब्दों में, इस आदेश को पढ़कर हम यही समझ पाए हैं कि उच्च न्यायालय चाहता है कि अपीलकर्ता इस योजना के प्रावधानों का लाभ उठाए। यही कहते हुए उच्च न्यायालय ने जमानत रद्द करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय को 'कानून के सुस्थापित सिद्धांतों को लागू करते हुए' गुण-दोष के आधार पर जमानत रद्द करने की याचिका पर निर्णय लेना चाहिए था। शीर्ष अदालत ने आरोपी को जमानत देने संबंधी उच्च न्यायालय के पिछले आदेश का हवाला दिया था।



यह नियम बना लीजिए कि आप कभी भी अपने बच्चे को ऐसी किताब न दें, जिसे आप खुद न पढ़ें।
**–जॉर्ज बर्नार्ड शॉ**, नोबेल साहित्य पुरस्कार विजेता

## पर्यावरणीय अनुशासन जरूरी

उच्चतम न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड तथा पंजाब में बार-बार हो रहे अभूतपूर्व भूस्खलनों एवं प्रलयंकारी बाढ़ के संदर्भ में पहाड़ों पर हो रही पेड़ों की अंधाधुंध अवैध कटाई को जिम्मेदार ठहराया है। उसने इसके लिए एसआईटी जांच कराने का आदेश दिया और केंद्र सरकार तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण जैसी एजेंसियों को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी कि हमारी संबंधित एजेंसियां पारिस्थितिकी और हिमालयी क्षेत्र में जमीन तथा नदियों को क्षरण से बचाने में विफल रही हैं। यह चेतावनी समयोचित भी है और आवश्यक भी, क्योंकि इस कठोर सच्चाई से हम आंखें नहीं मूंद सकते कि हमारी विकास नीतियों और उपभोग की प्रवृत्तियों ने प्रकृति के संतुलन को लगातार अस्थिर किया है। अब अति हो जाने के बाद वह जवाब देने लगी है, हालांकि केवल वनों की कटाई ही इसका कारण नहीं है। मैदानी इलाकों में नदी के पाटों या उसके मार्ग का अतिक्रमण, जल निकासी तंत्र का लोप, अवैज्ञानिक बांध निर्माण, अतिक्रमणकारी शहरीकरण और औद्योगिक प्रदूषण भी बाढ़ की गंभीरता को कई गुना बढ़ाते हैं। इसी तरह पहाड़ों में अनियंत्रित सड़क निर्माण, बिना भूगर्भीय अध्ययन के सुरंग और बांध परियोजनाएं, अनियोजित पर्यटन ढांचा और निर्माण सामग्री के लिए अनवरत खनन भूस्खलनों को आमंत्रित करते हैं। पर सतत विकास भी एक अनिवार्य तत्व है, उसकी अनदेखी कैसे की जा सकती है? पर्यटन, सड़क और बिजली जैसी आधारभूत सुविधाएं पहाड़ी राज्यों की प्रगति के लिए आवश्यक हैं। सवाल यह है कि संतुलन कैसे बने!

इसका उत्तर नीतिगत अनुशासन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समन्वित प्रबंधन में निहित है। सबसे पहले, केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर दीर्घकालिक पर्यावरणीय योजना बनानी होगी, जिसमें स्थानीय भौगोलिक स्थिति के अनुसार निर्माण मानक तय किए जाएं और उन्हें सख्ती से लागू किया जाए। पहाड़ी क्षेत्रों में भूगर्भीय सर्वेक्षण के बिना किसी बड़ी परियोजना को अनुमति न दी जाए। पर्यटन को 'कैरीइंग कैपेसिटी' के सिद्धांत पर आधारित किया जाए, यानी जितनी संख्या तक पर्यावरण वहन कर सकता है, उतनी ही अनुमति हो। दूसरा, वनों की पुनर्स्थापना और जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन को गंभीरता से लागू किया जाए और नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित करने वाले अतिक्रमणों को हटाकर शहरी जल निकासी तंत्र को दुरुस्त किया जाए। तीसरा, आपदा प्रबंधन एजेंसियों की जवाबदेही और क्षमता दोनों को मजबूत करना होगा। केवल चेतावनी देने वाली व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि स्थानीय समुदायों की भागीदारी से त्वरित प्रतिक्रिया और पुनर्वास तंत्र को भी सशक्त किया जाना चाहिए, निःसंदेह इसके लिए जन जागरूकता अत्यावश्यक है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सरकारें और एजेंसियां विकास को पर्यावरणीय अनुशासन और संतुलन के अनुरूप रखें। स्थायी विकास प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण होता है। सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी हमें याद दिलाती है कि हम या तो समय रहते इस संतुलन को साध लें, या फिर बार-बार आपदाओं की कीमत चुकाते रहें। यह वक्त है जब नीति और नियमन की सख्ती को विकास की गति के साथ जोड़ा जाए, तभी पहाड़ों की मजबूती और मैदानों की सुरक्षा व समृद्धि दोनों सुनिश्चित हो पाएंगे।

### प्रसंगवश

## गिद्धों की कमी से हर साल एक लाख लोगों की मौत

गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा होते हैं, जो अन्य मांसाहारी जीवों, जैसे कि कुत्तों और चीलों की जनसंख्या को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। जब गिद्ध कम हो जाते हैं, तो अन्य मांसाहारी जीवों की संख्या बढ़ जाती है, जो असंतुलन पैदा कर सकती है। गिद्ध, मृत जानवरों का अवशेष सहजता से नष्ट कर पारिस्थितिकी को स्वच्छ बनाए रखते हैं। पिछले कुछ दशकों में, गिद्धों की कई प्रजातियां जैसे कि व्हाइट-बैक्ड गिद्ध, लॉन्ग-बिल्ड गिद्ध और स्लेंडर-बिल्ड गिद्ध विलुप्त होने की कगार पर आ गई हैं।




डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

इनके अनुपस्थित रहने से न सिर्फ जैव-विविधता खतरे में पड़ती है, बल्कि मानव स्वास्थ्य और सामाजिक तंत्र पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। उनकी संख्या में गिरावट से उत्पन्न यह संकट अब एक आपातकालीन सवाल बन चुका है। भारत में, एक अध्ययन के अनुसार गिद्धों की गिरती संख्या के कारण 2000 से 2005 के बीच हर साल लगभग एक लाख अतिरिक्त लोगों की मृत्यु हुई।

1980 के दशक में भारत में गिद्धों की संख्या करोड़ों में थी, लेकिन 1990 के दशक के अंत तक यह संख्या तेजी से गिरने लगी। गिद्धों की गिरती संख्या के पीछे सबसे बड़ा कारण डाइक्लोफेनैक नामक एक दर्द निवारक दवा है, डाइक्लोफेनाक का प्रयोग शुरू में मनुष्यों के लिए किया गया था, लेकिन पशुपालन में इसके प्रयोग ने अनजाने में गिद्धों की जनसंख्या को भारी नुकसान पहुंचाया। यह मानवीय भूल प्रकृति के इस अनमोल घटक के लिए एक गंभीर संकट साबित हुई। इसके परिणामस्वरूप, पिछले तीन दशकों में गिद्धों की जनसंख्या में लगभग 95% तक की गिरावट आई है। भारत सरकार ने 2006 में पशु उपयोग के लिए डाइक्लोफेनैक पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में डाइक्लोफेनैक अब भी गैर कानूनी रूप से उपलब्ध है और इसका उपयोग जारी है। गिद्धों की संख्या में गिरावट का एक अन्य प्रमुख कारण उनका आवास नष्ट होना है। शहरीकरण, सड़क निर्माण, वनों की कटाई और औद्योगिक विकास ने इनके प्राकृतिक घोंसला बनाने वाले स्थानों को नष्ट कर दिया है। साथ ही, कीटनाशकों के प्रयोग ने इनके अंडों की खोल पतली हो गई है, जिससे इनका प्रजनन प्रभावित हुआ है।

गिद्धों की विलुप्ति को रोकने के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार, वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और जनता के बीच समन्वय आवश्यक है। गिद्धों के स्वास्थ्य, प्रजनन, और पर्यावरणीय भूमिका पर अधिक अनुसंधान किया जाना चाहिए। इससे हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि गिद्धों को कैसे बेहतर रूप से संरक्षित किया जा सकता है। डाइक्लोफेनाक जैसे खतरनाक दवाओं के बजाय मेलोक्सीकैम जैसी सुरक्षित दवाओं का उपयोग बढ़ावा देना चाहिए। इसके लिए किसानों और पशुपालकों को जागरूक किया जाना चाहिए। गिद्धों के संरक्षण में स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उनके बिना, गिद्धों के प्राकृतिक आवास की रक्षा करना और उनके संरक्षण प्रयासों को सफल बनाना मुश्किल होगा। सरकारों को सख्त नीतियां और कानून बनाने चाहिए। गिद्ध संरक्षण सिर्फ एक पक्षी की सुरक्षा नहीं, यह मानव जीवन, स्वास्थ्य, संस्कृति, और पारिस्थितिकी की रक्षा का सवाल है। यह एक भविष्यगत आवश्यकता है, जो हमें तत्काल कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करती है। अब समय है कि वैश्विक समुदाय मिलकर साझेदारी करे ताकि गिद्ध फिर से आकाश में निरंतर मंडराते दिखें।

## बदलती विश्व की राजनीति और क्वाड का भविष्य





दिग्विजय सिंह
कानपुर

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका की अगुवाई में गठित क्वाड का भविष्य अनिश्चितता की तरफ बढ़ चला है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने, समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद के निरोध, साइबर सुरक्षा और आर्थिक व बुनियादी ढांचा बढ़ाने में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास करने के उद्देश्य से अमेरिकी नेतृत्व वाली सबसे महत्वपूर्ण बहुपक्षीय पहल चतुर्भज सुरक्षा संवाद (क्वाड) के अस्तित्व पर संकट मंडराता दिख रहा है। क्वाड में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। इसे चीन की आक्रामकता पर संतुलन बनाने के लिए साल 2007 में गठित किया गया था, हालांकि फिर कुछ सालों के लिए इसे रोक दिया गया।

साल 2017 में क्वाड के महत्व को दोबारा संजीवनी दी गई। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने तक लगातार क्वाड देशों की बैठकें और शिखर सम्मेलन होते रहे हैं। यहां तक कि ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने पर उनके प्रशासन ने सबसे पहले क्वाड की ही बैठक बुलाई थी, जिसमें चारों सदस्य देशों के विदेश मंत्री शामिल हुए थे, लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ विवाद के बाद भारत में होने वाली क्वाड की बैठक को लेकर फिलहाल असमंजस के हालात बने हुए हैं।

टैरिफ विवाद को लेकर अमेरिका के जापान और भारत के साथ रिश्ते लगातार बिगड़ते नजर आ रहे हैं। भारत ने अमेरिका के सामने न झुकने का जो संकल्प लिया है, उससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चिढ़े हुए हैं। अब ऐसी खबरें हैं कि भारत में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन में ट्रंप शामिल नहीं होंगे। अमेरिका के प्रमुख अखबार न्यूयार्क टाइम्स में प्रकाशित लेख में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप 2025 के अंत में भारत में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेंगे, हालांकि इस तरह की मीडिया रिपोर्ट को ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर दबाव की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। रूस से तेल खरीद के नाम पर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा थोपे गए मनमाने टैरिफ के आगे भारत नहीं झुका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर अलग-अलग मंचों पर कह चुके हैं कि भारत के किसानों, मछुआरों का हित उनके लिए सर्वोपरि है। राष्ट्रपति ट्रंप को यह भलीभांति पता है कि मोदी जो कहते हैं करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी दौरे के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्हें 'टफ नेगोशिएटर' कहा था। यह भी माना था कि प्रधानमंत्री मोदी उनसे कहीं ज्यादा बेहतर वार्ताकार हैं और अपने देश के हित को सबसे ऊपर रखते हैं।

ट्रंप अभी तक भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा चुके हैं। यही नहीं उनके सलाहकार जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, उससे आशंका है कि ट्रंप टैरिफ के दबाव को और आगे ले जाने की मंशा रखते हैं। जापान पर भी ट्रंप ने 15 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। यही नहीं, ऑस्ट्रेलिया पर स्टील/एल्युमिनियम टैक्स लगाकर साफ कर दिया है कि उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति से अमेरिका की 'ग्लोबल स्ट्रैटजी' गायब हो चुकी है। यह कहना गलत नहीं होगा कि आर्थिक राष्ट्रवाद के कठोर रास्ते पर चलते हुए ट्रंप ने अमेरिका की विदेश नीति को इंडो-पैसिफिक के रास्ते से उतार दिया है।

इन हालात में हालिया एससीओ शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन की जुगलबंदी भी ट्रंप को रास नहीं आई है। भारत के टैरिफ पर कड़े रुख को देखते हुए जापान ने भी अपने शीर्ष वार्ताकार को अंतिम समय में अमेरिका जाने से रोक दिया है। ट्रंप टैरिफ की मार से जापान की आटोमोबाइल व स्ट्रील इंडस्ट्री पर बुरा प्रभाव पड़ा है। दो प्रमुख सदस्य देशों की टैरिफ को लेकर अमेरिका से तनातनी के बढ़ने के बाद अब आर्थिक विशेषज्ञ यह कहने लगे हैं कि ट्रंप की जिद के कारण क्वाड का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा का रुख चीन के प्रति नरम है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि भारत की तरह जापान से भी चीन रिश्ते मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

अगर ऐसा होता है तो क्वाड का अस्तित्व बना रहेगा, कहना थोड़ा मुश्किल है, क्योंकि क्वाड का गठन ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को चुनौती देने के लिए किया गया था। राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों ने न सिर्फ क्वाड के सदस्य देशों में अमेरिका के प्रति अविश्वास की खाई को गहरा किया है बल्कि नए विकल्प तलाशने पर उन्हें मजबूर भी किया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पर्दे के पीछे से पाकिस्तान की मदद करने वाले चीन ने अमेरिका और भारत के बीच उत्पन्न अविश्वास की खाई का ही लाभ उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एससीओ सम्मेलन में रेड कॉर्पेट बिछाया था।

इस सम्मेलन पर अमेरिका लगातार बारीक नजर रखे था। अब सम्मेलन की समाप्ति पर अमेरिकी प्रशासन मोदी, जिनपिंग और पुतिन की केमिस्ट्री को लेकर नफा और नुकसान का नए सिरे से आकलन करने को बाध्य हो गया है। ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो तो इतना बौखला गए कि एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में भारत पर अमर्यादित जातिगत टिप्पणी तक कर बैठे। रूस से भारत द्वारा किए जा रहे तेल आयात के संदर्भ में उनका यह कहना कि भारतीयों की कीमत पर ब्राह्मण मुनाफा कमा रहे हैं, दर्शाता है कि भारत की बढ़ती साख और चीन से गाढ़ी होती दोस्ती अमेरिका को रास नहीं आ रही है। ऐसे में जबकि नए समीकरणों की बिसात बिछ रही है, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन को काउंटर करने के लिए बनाया गया क्वाड अपने ही संस्थापक देश अमेरिका की अस्थिर विदेश नीति की वजह से खतरे में नजर आ रहा है।

### आमने सामने



अखिलेश यादव हर किसी से हिसाब मांगते रहते हैं, लेकिन अपनी टोटियों का कभी हिसाब नहीं दिया। टोटियां उठाकर जो ले गए हो साहब, वो यूपी की जनता को वापस करो। जनता खोज रही है।
**–केतकी सिंह**
भाजपा विधायक

अपनी बेटी का दु:ख है, तो दूसरे की बेटियों का भी सम्मान करें। टोटी चोरी का आरोप मैं नहीं भूल सकता। एक अखबार ने स्टिंग किया। ये बात हम लोग भूलने वाले नहीं हैं। ये सरकार भी जान ले और सरकार चलाने वाले भी जान लें।
**–अखिलेश यादव**
पूर्व मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश



## जीएसटी 2.0: अर्थव्यवस्था को गति की उम्मीद



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

दरों में कटौती से जीएसटी संग्रह में लगभग 15,000 करोड़ रुपये की कमी आ सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ी हुई बिक्री और खपत से यह कमी आंशिक रूप से पूरी हो जाएगी।

भारत की अर्थव्यवस्था इस समय कई चुनौतियों से गुजर रही है। वैश्विक स्तर पर टैरिफ युद्ध, महंगाई का दबाव, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और घरेलू स्तर पर उपभोग की सुस्ती। ऐसे में सरकार ने त्यौहारों से पहले कुछ आवश्यक और उपभोक्ता वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर की दरों में कटौती का फैसला लिया है। यह कदम न केवल आम आदमी की जेब पर बोझ को कम करेगा, बल्कि खपत और मांग को भी बढ़ा सकता है। सवाल यह है कि क्या यह वास्तव में भारतीय मध्यमवर्ग के लिए बड़ी राहत साबित होगा और क्या इससे अर्थव्यवस्था को अतिरिक्त गति मिल पाएगी।

जीएसटी काउंसिल की हालिया बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरण, मिठाई एवं मिठाई बनाने वाले उत्पाद, परिधान और कुछ ऑटो एक्सेसरीज पर कर दरों को घटाया गया है। उदाहरण के लिए, छोटे टेलीविजन (32 इंच तक) पर जीएसटी को 28% से घटाकर 18% कर दिया गया, वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर पर कर दर 28% से घटाकर 18%, मिठाई और नमकीन पर 12% से घटाकर 5%, और बच्चों के कपड़ों पर कर दर 12% से घटाकर 5% कर दी गई है। सरकारी अनुमान के अनुसार, इन कटौतियों से उपभोक्ताओं को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की सीधी वार्षिक राहत मिलेगी। वहीं, घरेलू उपकरण निर्माताओं का कहना है कि इस कदम से त्यौहारों के सीजन (अक्टूबर–दिसंबर) में उनकी बिक्री में 10–15% तक की बढ़ोतरी संभव है।

भारत की आबादी में मध्यमवर्ग की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है और यह समूह अर्थव्यवस्था की 60% से अधिक खपत का चालक है। 2023–24 में निजी अंतिम उपभोग व्यय- भारत के जीडीपी का 57% रहा, जिसमें त्यौहारों का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। हाल के वर्षों में बढ़ती महंगाई और लगातार बढ़ते ब्याज दरों के कारण मध्यमवर्ग की वास्तविक आय पर दबाव बढ़ा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, 2022–23 में ग्रामीण और शहरी परिवारों की वास्तविक उपभोग वृद्धि मात्र 2.5% रही, जबकि 2015–16 से 2019–20 के बीच यह औसतन 6–7% थी। ऐसे में जीएसटी कटौती से उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती होकर इस दबाव को कम कर सकती हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था में खपत की मांग एक अहम इंजन है। विश्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि भारत में घरेलू खपत का जीडीपी में योगदान चीन (39%) और ब्राजील (53%) से कहीं अधिक है। जब खपत घटती है तो इसका सीधा असर विनिर्माण, सेवा क्षेत्र और रोजगार पर पड़ता है। त्यौहारों के मौसम में उपभोग स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। अनुमान है कि 2024 के त्यौहार सीजन में खुदरा बिक्री 8–10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। यदि जीएसटी कटौती से वस्तुएं सस्ती होती हैं और मांग में 5–7% अतिरिक्त वृद्धि आती है, तो यह चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर को 0.2–0.3% तक बढ़ा सकती है।

हालांकि, कर दरों में कटौती से सरकार के राजस्व पर असर पड़ना तय है। वित्त मंत्रालय का अनुमान है कि जीएसटी संग्रह में लगभग 15,000–18,000 करोड़ रुपये की कमी आ सकती है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ी हुई बिक्री और खपत से यह कमी आंशिक रूप से पूरी हो जाएगी। पिछले वर्ष 2023–24 में जीएसटी संग्रह का औसत 1.68 लाख करोड़ प्रति माह रहा था। यदि खपत में वृद्धि होती है तो यह औसत बरकरार रह सकता है। इस प्रकार, सरकार अल्पकालिक राजस्व हानि उठाकर दीर्घकालिक वृद्धि को प्रोत्साहित करने का जोखिम ले रही है।

वैश्विक स्तर पर अमेरिका और यूरोप द्वारा लगाए गए नए टैरिफ, कच्चे तेल के ऊंचे दाम और रुपये की गिरावट ने भारत में आयात लागत को बढ़ा दिया है। इससे महंगाई पर दबाव बना है। ऐसे में जीएसटी कटौती एक संतुलित नीति कदम है, जो घरेलू खपत को बढ़ाकर बाहरी झटकों से उत्पन्न दबाव को कम करने का प्रयास करता है। बढ़ती खपत का एक अन्य लाभ यह है कि इससे उत्पादन और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में कंपनियां उत्पादन बढ़ाने की योजना बना रही हैं। इससे न केवल 2–3 लाख अतिरिक्त मौसमी रोजगार सृजित हो सकते हैं, बल्कि विनिर्माण क्षेत्र की क्षमता उपयोग दर भी बेहतर होगी।

त्यौहारों से पहले की गई जीएसटी दरों में कटौती को केवल एक कर राहत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे अर्थव्यवस्था में मांग और विश्वास पैदा करने वाले कदम के रूप में समझा जाना चाहिए। मध्यमवर्ग के लिए यह कदम निश्चित रूप से जेब पर सीधी राहत है। घरेलू उपकरणों से लेकर परिधानों और खाद्य पदार्थों तक की चीजें सस्ती होंगी। साथ ही, बढ़ी हुई खपत से विनिर्माण और सेवा क्षेत्र को सहारा मिलेगा और सरकार को अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में अतिरिक्त बढ़त मिल सकती है। यदि महंगाई और वैश्विक टैरिफ दबाव जारी रहे तो इस राहत का प्रभाव सीमित हो सकता है। इसलिए, सरकार को दीर्घकालिक रूप से कर ढांचे को स्थिर रखने, आय बढ़ाने और टिकाऊ उपभोग बढ़ाने वाली नीतियों पर भी काम करना होगा।

### सोशल फोरम

## वो मूंगफलियों वाले दिन

देश का मूंगफली-प्रेम अब भी यथावत है क्या? क्योंकि एक समय था, जब भुनी हुई मूंगफलियां चबाना भारतीयों का प्रिय शगल हुआ करता था और मूंगफलियों के छिलके यत्र-तत्र-सर्वत्र दिखलाई देते थे। सिनेमाघर और रेलगाड़ी के फर्श पर तो सबसे अधिक। कूड़े में ये ही तब सबसे अधिक बुहारे जाते होंगे। गरीबों का बादाम कहलाने वाला यह मेवा उन दिनों का पॉपकॉर्न था, पर इन 'उचक्की-मकई' में वो बात कहां? कोई रामलीला या दशहरे का रावण दहन देख रहा हो, गणेशोत्सव की झांकी में जा रहा हो, नदी के घाट पर जाकर अकेला बैठा हो या किसी बागीचे में लेटा ट्रांजिस्टर सुन रहा हो, पैदल ही बेसबब कहीं चला जा रहा हो या किसी से बतिया रहा हो- एक समय था, जब इस सबके साथ में मूंगफलियां अकसर खाया करता था।



सुशोभित
ब्लॉगर

मूंगफलियों के साथ एक शब्द जुड़ गया है- 'टाइमपास'। मुझे इस शब्द से विरक्ति है। एक बार मैं रेलगाड़ी से चला जा रहा था। एक मूंगफली वाला 'टाइमपास मूंगफली' की हांक लगाते हुए आया। मैं एक किताब पढ़ रहा था, उसे मैंने रखा और उसे अपने पास बुलाकर कहा- "ये कहो कि गर्मागर्म मूंगफलियाँ लाया हूं, ये मत कहो कि टाइमपास मूंगफली है।" उसने पूछा, "क्यों?" मैंने कहा, "क्योंकि यह न केवल मूंगफलियों का अपमान है, यह उन्हें खाने वालों का भी तिरस्कार है। इससे ऐसा मालूम होता है कि लोग निठल्ले बैठे हैं, उनके पास करने को कोई काम-धाम नहीं, जो अब मूंगफली चबाकर समय काटेंगे।" वह "ठीक भाई" कहकर आगे बढ़ गया, पता नहीं उसने मेरी बात मानी या नहीं।

मूंगफली पूर्व-भूमंडलीकृत भारत की दीनता और सरलता का प्रतीक है। यों यह भारतीय-मूल का दाना नहीं, लातीन-अमरीका की तरफ से आया है। रवींद्र कालिया की एक कहानी में एक बेरोजगार युवा मूंगफली वाले के खोमचे के पास खड़ा रहता था, ताकि उसके जाने पर नीचे गिर पड़ी मूंगफलियां चुनकर खा सके। प्रभाष जोशी ने लिखा है, 'सिंकी हुई गीली मूंगफली के सलवटभरे दानों का स्वाद अद्भुत होता है!' अपने एक व्यंग्य में उन्होंने 'चवन्नी-क्लास' व्यक्ति को 'मुम्फली-छाप' कहकर पुकारा है और 'सोयाबीन-छाप' आदमी से उसका द्वैत उभारा है। मूंगफली के तेल- जिसको मीठा तेल कहा जाता था- को इधर सोयाबीन के तेल ने ही बाजार में हाशिये पर धकेला है। निमाड़ तरफ यह सींगदाना कहलाई है। गुजरात में भी। महाराष्ट्र में शेंगदाना-चटनी बहुत बिकती है। मूंगफली-गुड़ की चिक्की भी बहुत प्रसिद्ध है। अलबत्ता पीनट-बटर कुलीन-वर्ग का शगल है, किंतु उसका डेयरी-फ्री बटर होना मुझे आश्वस्त करता है।

### सामयिकी

## रफ्तार से हर दिन टूट रही 500 के जीवन की डोर

भारत में सड़क हादसों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है। देश में प्रतिदिन 474 से अधिक लोग सड़क हादसे में जान गंवा देते हैं। भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी 'सड़क हादसे 2023' की रिपोर्ट में ये आंकड़े सामने आए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में हर घंटे लगभग 55 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें 20 लोगों की जान जाती है। 2023 में लगभग 4.80 लाख सड़क हादसे हुए, जिनमें 1.72 लाख लोगों की मृत्यु हो गई। मंत्रालय ने युवाओं की मौतों पर चिंता व्यक्त की है, जिनमें 18-45 वर्ष के 66.4% युवा शामिल हैं। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत के मामले में भारत विश्व में सबसे आगे है। सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद देश में सड़क हादसों में कमी नहीं आई है, बल्कि साल दर साल इसमें इजाफा हो रहा है।



मनोज अग्रवाल
वरिष्ठ पत्रकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की सड़क दुर्घटनाएं, 2023 शीर्षक की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में हर घंटे 55 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। देश में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस विभागों ने वर्ष 2023 के दौरान कुल 4,80,583 सड़क दुर्घटनाओं की सूचना दी है, जिनमें 1,72,890 लोगों की जान गई और 4,62,825 लोग घायल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 में लगातार चौथे वर्ष तक सड़क दुर्घटना के शिकार ज्यादातर युवा थे। 18-45 वर्ष आयु वर्ग के वयस्कों की संख्या 66.4 प्रतिशत है। राजस्थान की बात करें तो इस अवधि में 24 हजार 694 सड़क हादसों में 11 हजार 400 लोगों की मौतें हुईं। भारत में सड़कों और हाईवे के साथ हादसों की रफ्तार भी थमने का नाम नहीं ले रही। सड़क पर ट्रक पार्क करना दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है और लोग यातायात अनुशासन का पालन नहीं करते।

मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली 1,72,890 मौतों में से 40% से अधिक मौतें हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न करने और नशे में वाहन चलाने के कारण हुई हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 में मारे गए 54,568 दोपहिया वाहन चालकों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिनमें 39,160 चालक और 15,408 यात्री शामिल थे। यह 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में हुई कुल मौतों का 31.6% था। इसी तरह, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले वाहन सवारों में 16,025 मौतें दर्ज की गईं, जिनमें 8,441 चालक और 7,584 यात्री शामिल थे, जो वर्ष के दौरान दर्ज कुल मौतों का 9.3% हैं।

देश में मोटर वाहन कानून 2019 लागू होने के बाद भले ही सरकार के राजस्व में वृद्धि हुई हो, मगर दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों की संख्या में कमी नहीं आई। नीति आयोग की रिपोर्ट है कि सड़क हादसों के शिकार 30 प्रतिशत लोगों की मौत जीवन रक्षक उपचार नहीं मिल पाने के कारण होती है। 2023 में सबसे ज्यादा सड़क हादसों में मौतें उत्तर प्रदेश में हुईं। यहां 23,652 लोगों की सड़क हादसे में जान गई है, जो 2022 (22,595) और 2021 (21, 227) से अधिक है। सबसे कम मौतें अंडमान और निकोबार में दर्ज की गईं। यहां सिर्फ 24 लोगों की जान गई है। 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में दिल्ली 1457, बेंगलुरु 915 और जयपुर 849 में सबसे ज्यादा मौतें हुईं। अमृतसर, चंडीगढ़ और श्रीनगर में सबसे कम लोगों की जान गई है। मौतों के ये आंकड़े चिंतित करते हैं। सरकार ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन जमीन पर वास्तविक बदलाव लाने के लिए अभी और बहुत कुछ करना बाकी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।





स्लॉथ बियर

बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान पहुंचकर होता है 'जंगल बुक' जैसा एहसास

जंगल की गोद में बाघ और हाथियों की धरती पर अद्भुत सफर

**200**
से ज्यादा प्रजातियां पक्षियों की और वनस्पतियों की विविधता यहां का आकर्षण और बढ़ाती है।

**872.24**
वर्ग किमी है कुल क्षेत्रफल बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान का

**3000**
रुपये प्रति व्यक्ति है जीप सफारी का किराया

## सफारी, सन्नाटा और सरप्राइज जैसा
# बांदीपुर का जादुई संसार



इंडियन रॉक पायथन

पश्चिमी घाट की सुरम्य पहाड़ियों में बसा बांदीपुर दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य में स्थित प्रकृति प्रेमियों और रोमांच चाहने वालों के लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल है। हरे-भरे जंगलों, कल-कल करती नदियों और नीरवता बढ़ाते प्राकृतिक दृश्यों से घिरे इस सुरम्य व सुंदर रमणीक स्थल पर पहुंचकर आप आज की भागदौड़ भरी जिंदगी की कशमकश कुछ देर के लिए भूलकर यहीं के हो जाएंगे। यह देश का बाघ आरक्षित राष्ट्रीय उद्यान है। यहां बंगाल टाइगर, एशियाई हाथी, तेंदुआ और गौर जैसे जीवों तथा तमाम दुर्लभ पक्षियों के साथ अजगर, किंग कोबरा और मगरमच्छ पाए जाते हैं। बांदीपुर पहुंचने के लिए हमने अपनी यात्रा कार द्वारा मैसूर से शुरू की। करीब 82 किलोमीटर की यात्रा दो घंटे में पूरी करके हम बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान के गेट पर थे। बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान को देश के सबसे सुंदर और बेहतर प्रबंधित राष्ट्रीय उद्यानों में गिना जाता है। कर्नाटक में मैसूर-ऊटी राजमार्ग पर विशाल पश्चिमी घाट के सुरम्य परिवेश में स्थित यह नीलगिरि रिजर्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके उत्तर-पश्चिम में कर्नाटक का राजीव गांधी राष्ट्रीय उद्यान (नागरहोल), दक्षिण में तमिलनाडु का मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य और दक्षिण-पश्चिम में केरल का वायनाड वन्यजीव अभयारण्य है। बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान का कुल क्षेत्रफल 872.24 वर्ग किमी है। यह आंशिक रूप से चामराजनगर जिले के गुंडलुपेट तालुका और आंशिक रूप से मैसूर जिले के एचडीकोटे और नंजनगुड तालुका में आता है।



### बाघों व हाथियों का यह प्रजनन स्थल, राजाओं का था शिकारगाह

- कभी यह उद्यान राजा–महाराजाओं का शिकारगाह था। बाद में आसपास के आरक्षित वन क्षेत्रों को इसमें शामिल कर दिया गया और इसका नाम बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान रखा गया। यह राष्ट्रीय उद्यान बाघों और हाथियों का प्रजनन स्थल था, इसलिए इन्हें बचाने के लिए इस अभयारण्य को देश भर के 30 अभयारण्यों में चिह्नित किया गया। बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान बाघ, हाथी, भालू और भारतीय गौर जैसे अनोखे और तमाम लुप्तप्राय वन्यजीव प्रजातियों का घर है। यह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है। नीलगिरी की तलहटी में बसे बांदीपुर का बाघों से पुराना नाता है। यह लुप्तप्राय एशियाई जंगली हाथियों का अंतिम आश्रय स्थल है। इस राष्ट्रीय उद्यान में स्लॉथ बियर, गौर, भारतीय रॉक अजगर, सियार, मगर और चार सींग वाले मृग जैसी कई अन्य लुप्तप्राय प्रजातियां देखने को मिलती हैं। यहां सांभर, चूहा हिरण, चीतल, सुस्त भालू और उड़ने वाली दुर्लभ छिपकली भी पाई जाती है। पक्षियों की 200 से ज्यादा प्रजातियां और वनस्पतियों की विविधता यहां का आकर्षण और बढ़ाती है। बांदीपुर में सागौन, शीशम, चंदन, भारतीय लॉरेल और कीनो के पेड़, गुच्छेदार बांस सहित इमारती लकड़ियों के पेड़ भी हैं।

नीली आंखों वाला तेंदुआ



### अविश्वसनीय! सावधान!
### यहां मिलते अलग–अलग रंग की आंखों वाले तेंदुए

इस तेंदुए की आंखें आपको सम्मोहित कर देंगी। बांदीपुर टाइगर रिजर्व में भारत में अपनी तरह के पहले दो अलग–अलग रंग की आंखों वाले तेंदुए भी हैं। एक आंख नीली–हरी तो दूसरी भूरी। यह एक जेनेटिक विशेषता हेटेरोक्रोमिया है, जिसके कारण तेंदुए की दोनों आंखों का रंग अलग–अलग होता है।

### प्रकृति की अद्भुत दुनिया में वन्य जीवों के घर देखने को सफारी

- उद्यान के द्वार से भीतर प्रवेश करते ही हमें घने जंगलों, लुढ़कती पहाड़ियों और विशाल घास के मैदानों के साथ एक अद्भुत दुनिया के दर्शन हुए। पक्षियों की चहचहाहट, बंदरों की खों–खों और पत्तों की सरसराहट से प्राकृतिक वन्य जीवन जीवंत हो उठा। जंगली फूलों की खुशबू हवा के साथ बहकर स्वर्ग जैसा अहसास दिला रही थी। बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान वनस्पतियों और जीवों की एक समृद्ध विविधता का घर है, जिसमें बाघ, हाथी, तेंदुए, हिरण, जंगली सूअर और पक्षियों की कई प्रजातियां शामिल हैं।
- यहां के जीवों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने के लिए उद्यान में सफारी की सुविधा उपलब्ध है। हमने वन विभाग द्वारा संचालित मिनी–बस सफारी की यात्रा रेंज कार्यालय से शुरू की। यहां से बस सफारी सुबह 6.15 से 9 बजे और दोपहर 2.15 से शाम 5 बजे के बीच चलती है। शुल्क 350 रुपये प्रति व्यक्ति है। जीप सफारी का किराया तीन हजार रुपये प्रति व्यक्ति है। जीप सफारी सुबह 6.15 से 8 बजे, सुबह 8 से 9.45 बजे, दोपहर 2.30 से 4.30 बजे और शाम 4.30 से 6.30 बजे के बीच संचालित होती है। पूर्व में चलने वाली हाथी सफारी अब यहां बंद की जा चुकी है। जीप और मिनी बस सफारी का समय भी मौसम और सुरक्षा कारणों से बदलता रहता है।

### आदिवासी गांवों की परंपराएं और रीति–रिवाजों को नजदीक से देखें


प्राकृतिक सुंदरता के अलावा, बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए भी जाना जाता है। यह उद्यान कई आदिवासी गांवों से घिरा हुआ है। हर एक गांव की अपनी अनूठी परंपराएं और रीति–रिवाज हैं। आपको इन गांवों में घूमते समय ऐसा लगेगा जैसे एक या दो शताब्दी पीछे चले गए हैं। आदिवासों गांवों का भ्रमण समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अनुभव दिलाता है। यहां लोगों की जीवन शैली बहुत करीब से देखी जा सकती है। हालांकि समय की कमी से हम इस अनूठे अवसर को बहुत थोड़े समय के लिए कार से ही देख पाए। लेकिन बांदीपुर घूमने के दौरान आसपास के आदिवासी गांवों में लोगों के रीति–रिवाजों और परंपराओं के बारे में जरूर काफी जानकारी हासिल की।



*लेखक – शिव कुमार अवस्थी, ब्रह्मावर्त, कानपुर*
उप वन संरक्षक (सेवानिवृत्त)

---

## 200 रुपये मूल्य वर्ग के नोट पर कहानी सांची स्तूप की
# रुपया बताता नीचे संसार ऊपर मोक्ष




भारतीय रिजर्व बैंक ने 25 अगस्त, 2017 को महात्मा गांधी नई श्रृंखला में रुपये 200 मूल्य वर्ग का नोट जारी किया था। यह नोट अपने पृष्ठ भाग में सांची के स्तूप की कहानी सुनाता है। सांची स्तूप मध्य प्रदेश में स्थित है। यह स्थान भोपाल से लगभग 40 किमी दूर एक पहाड़ी पर है। सांची स्थल में बौद्ध स्मारकों (एकाश्म स्तंभ, महल, मंदिर और मठ) का एक समूह है। इनमें से अधिकांश दूसरी और पहली शताब्दी ईसा पूर्व के हैं। यह सबसे पुराना बौद्ध अभयारण्य है और 12वीं शताब्दी ईस्वी तक भारत में एक प्रमुख बौद्ध केंद्र था। सांची के स्तूप, मंदिर, विहार और स्तंभ, प्राचीनतम और सबसे परिपक्व, प्राचीन कलाओं और स्वतंत्र वास्तुकला के उदाहरण हैं, जो तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से बारहवीं शताब्दी ईस्वी तक बौद्ध धर्म के इतिहास का विस्तृत दस्तावेजीकरण करते हैं। सांची स्तूप बुद्ध की निर्माण अवस्था मोक्ष को दर्शाता है। इसका ऊपर की ओर गोलाकार गुम्बद मोक्ष और नीचे की चौड़ी आधारशिला भौतिक संसार को दिखाती है।

- **सम्राट अशोक के पुत्र से जुड़ा पवित्र स्थान :** शांत और मनोरम वनीय पठार पर स्थित सांची के बौद्ध स्मारकों को श्रीलंकाई बौद्ध इतिहास में पवित्र चेतियागिरि भी माना जाता है। यहां सम्राट अशोक के पुत्र महेंद्र, श्रीलंका की अपनी धर्मप्रचारक यात्रा शुरू करने से पहले रुके थे। सांची में स्थापित सारिपुत्र और मौद्गल्यायन (बुद्ध के प्रमुख शिष्य) के अवशेषों की थेरवादियों द्वारा पूजा की जाती थी और आज भी उनका सम्मान किया जाता है।
- **शुंग और सातवाहन वंश ने अंलकृत किए स्तंभ व स्तूप :** सांची के एक पवित्र केंद्र के रूप में आरंभ का श्रेय मौर्य सम्राट अशोक को है। अत्यधिक विस्तृत शीर्ष वाले अखंड अशोक स्तम्भ की स्थापना के साथ, सम्राट अशोक ने सांची को एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल के रूप में प्रतिष्ठित किया। स्तम्भ के समकालीन एक ईंट का स्तूप था, जिसका आकार बाद में शुंग वंश के दौरान बढ़ाया गया, पत्थर की परत से ढका गया और अलंकृत कठघरा, हर्मिका, यष्टि, छत्र और चार तोरण युक्त प्रदक्षिणा पथों और सीढ़ियों से संवर्धित किया गया, जिन्हें बाद में पहली शताब्दी ईस्वी में सातवाहन वंश के दौरान अलंकृत किया गया।

*– अजय त्रिवेदी, उप निदेशक युवा कल्याण विभाग।*

# घरों में हरियाली का तरीका वर्टिकल गार्डनिंग

शहरों में खासकर अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों के पास बागवानी के लिए जगह नहीं होती है। लेकिन अपना खुद का बगीचा उगाना एक ऐसा सपना होता है, जिसे अधिकतर लोग कभी छोड़ना नहीं चाहते हैं। ऐसे में वर्टिकल गार्डन हमेशा से उन सभी लोगों के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र रहे हैं, जिन्होंने इन्हें देखा है। बेबीलोन के बगीचों से शुरू हुए वर्टिकल गार्डन के विचार का इस्तेमाल जगह बचाने और सुंदर दिखने वाले स्थान बनाने के लिए किया गया था, लेकिन आज, इस बागवानी तकनीक का दुनिया भर में इस्तेमाल किया जा रहा है।



### पौधों को दीवार, छत, पिलर या बालकनी में उगाने की विधि

वर्टिकल गार्डनिंग पौधों को ऊपर की ओर उगाने की एक विधि है, जिसमें अक्सर दीवारों, जालीदार ढांचों या विशेष रूप से डिजाइन किए गए गमलों जैसी संरचनाओं का उपयोग किया जाता है। यह तरीका छोटी जगह का अधिकतम उपयोग करता है, जिससे यह छोटे क्षेत्रों या शहरी परिवेश के लिए आदर्श बन जाता है। ज्यादातर फ्लैटों या छोटे घरों के अंदर वर्टिकल गार्डनिंग आज एक चलन के रूप में स्थापित हो गई है। यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें पौधों को वर्टिकल जगह पर जैसे दीवार, छत, पिलर या बालकनी की रेलिंग आदि पर उगाया जाता है। वास्तव में यह बागबानी का अर्बन तरीका है, जिसमें कम जगह में ज्यादा पौधे उगाए जाने की कोशिश की जाती है। लटकते पौधों के साथ–साथ गमलों में लगे पौधों से भी वर्टिकल गार्डनिंग की जा सकती है। घर के अंदर और बाहर होने वाली वर्टिकल गार्डनिंग को ग्रीन वॉल भी कहा जाता है। शहरों में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन वॉल कई शहरों में पुलों के नीचे, महत्वपूर्ण स्थलों पर देखी जा सकती है।

- **सबसे पहले उचित स्थान चुनें :** वर्टिकल गार्डनिंग के लिए पर्याप्त रोशनी वाली एक अच्छी जगह चुनना बेहद जरूरी है। यह देखें कि कौन से पौधे किस स्थान के लिए उपयुक्त होंगे और उन्हें लगाने के लिए दीवार, छत या बॉलकनी कितनी मजबूत है। पौधे चाहे किसी भी किस्म के चुने गए हों, इनडोर वर्टिकल गार्डनिंग की बदौलत हवा की गुणवत्ता और ड्राइंग रूम या कमरे के वातावरण में सुधार किया जा सकता है। इसके साथ ही यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि पौधे अलग–अलग ध्वनि अवरोधक के रूप में भी काम कर सकते हैं।
- **पौधों का चयन और पानी देने की व्यवस्था महत्वपूर्ण :** घर के अंदर पौधों की अच्छी वृद्धि के लिए पौधों को पर्याप्त पानी देना जरूरी है। इसके लिए कई तरह की सिंचाई प्रणालियां उपलब्ध हैं। वर्टिकल गार्डनिंग में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि पौधे उगाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बर्तन जलरोधी हों। पहले दीवार पर एक वाटरप्रूफ इंसुलेशन परत लगाना भी बेहतर विकल्प है। इससे दीवार पर नमी या फफूंदी लगने से बच सकते हैं।

### बालकनी के लिए करें व्यापक तैयारी

- बालकनी पर वर्टिकल गार्डनिंग की योजना बनाते समय, व्यापक तैयारी जरूरी है। बालकनी में प्रकाश की स्थिति पर विचार करना और उसके अनुसार पौधों का चयन करना महत्वपूर्ण है। बालकनी पर ऊर्ध्वाधर बागवानी के लिए जड़ी–बूटियां और सब्जियां, दोनों ही बेहतरीन विकल्प हैं। गर्मियों में अपनी उपज खुद इकट्ठा करने का आनंद अद्भुत हो सकता है। उदाहरण के लिए जुकनी और टमाटर धूप वाली जगह पर खूब फलते–फूलते हैं। फूल वाले पौधे बालकनी में रंग भर देते हैं। बालकनी पर ऊर्ध्वाधर बागवानी के लिए लोकप्रिय फूल वाले पौधों में चढ़ने वाले नास्टर्टियम शामिल हैं, जो खाने योग्य भी होते हैं। इसके साथ ही ट्रेलिंग पेटुनिया, जेरेनियम और मैंडेविला भी हैं। बालकनी पर बारहमासी फूल वाले पौधों के लिए, बौना झाड़ू या शीतकालीन चमेली अच्छे विकल्प हैं। खिलती हुई बालकनी का लंबे समय तक आनंद सुनिश्चित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरकों जैसे उर्वरकों और पोषक तत्वों के मिश्रण का उपयोग करना बेहतर रहेगा।

फीचर डेस्क, कानपुर

# जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को

## सीबीआईसी ने कहा- अभी की कीमत और जीएसटी में सुधारों के बाद की कीमतों पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



जीएसटी दरों में बदलाव के बाद कटौती का लाभ आम लोगों तक पहुंच पाएगा, इसको लेकर कयासों का दौर जारी है। इसी बीच केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कटौती का लाभ आम लोगों तक पहुंचे इसके लिए उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों समेत समूची स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

सीबीआईसी के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि सरकार जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों को दिलाने के लिए काम कर रही है। इसके लिए सीबीआईसी, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालयों समेत सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों और पूरी स्थिति पर नजर रख रहा है। अग्रवाल ने एक बातचीत में कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों के तहत एक तरह के सामान को एक ही कर दायरे में लाने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने से विवादों में कमी आने की उम्मीद है। केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों की भागीदारी वाली जीएसटी परिषद ने बुधवार को जीएसटी के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। हम कीमतों के रुख पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम देख रहे हैं कि अभी सामानों की क्या कीमत है और जीएसटी में सुधारों के बाद आगे क्या रुझान रहने वाला है। कंपनियों पर भी हमारी नजर होगी।

सीबीआईसी चेयरमैन ने कहा कि अगर दर कटौती का लाभ ग्राहकों को नहीं मिलने की शिकायत आती है, हम उसे उद्योग संगठनों के पास ले जाएंगे। उद्योग संगठनों ने कहा है कि दरों में कटौती से जो भी लाभ होगा, उसका फायदा ग्राहकों को दिया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने कदम उठाया है, प्रक्रिया को सरल किया गया है। उद्योगों को एक निश्चितता दी गयी है। ऐसे में उनका भी दायित्व बनता है। हमें पूरा विश्वास है कि वे जो भी लाभ हैं, ग्राहकों को देंगे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, जो माल पहले से बाजार में है और उस पर एमआरपी छपा है, उनमें 10 से 15 दिनों में बदलाव कर पाना थोड़ा मुश्किल लगता है लेकिन आपूर्ति श्रृंखला में बाजार में माल ज्यादा होते नहीं हैं। जो भी नई खेप आएगी, उसमें चीजें ठीक हो जाएंगी। अग्रवाल ने कहा कि चूंकि बाजार में काफी प्रतिस्पर्धा है, ऐसे में एक कंपनी ग्राहकों को लाभ दे और कोई दूसरी नहीं देती है तो यह बात सामने आ जाएगी। कंपनियों के लिए ऐसा कर पाना मुश्किल है। अगर कोई टीवी खरीदता है उसे तुरंत लाभ मिल जाएगा। एमआरपी पर बेचे जाने वाले छोटे सामानों पर हो सकता है कि कंपनियां डीलर के जरिये खुदरा दुकानदारों को छूट दें। विवादों के समाधान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि दरों को युक्तिसंत बनाया गया है। पहले चार दरें होती थी, अब दो हो गयी हैं। एक तरह के सामान को एक ही कर श्रेणी में रखा गया है, जैसे खाने के सामान पर अब पांच प्रतिशत कर लगेंगे। पहले एक ही तरह की वस्तुओं पर अलग-अलग दरें होने से कई नोटिस जाते थे। जीएसटी सुधारों से वह समस्या समाप्त होगी।

### अब विवाद की संभावना नहीं : अग्रवाल

अग्रवाल ने कहा कि कंपनियों के लिए जीएसटी वास्तव में सरल और पारदर्शी हो गया है और विवाद की संभावना लगभग खत्म हो गयी है। रिफंड, पंजीकरण प्रक्रियाओं को तेज और सरल बनाया गया है ताकि उन्हें कोई दिक्कत नहीं हो। नयी दरों के दिवाली से पहले लागू करने के बारे में पूछे जाने पर अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक दरों में कटौती की उम्मीद में अपनी खरीदारी टाल रहे थे और उद्योग जगत से जल्द कर सुधार लागू करने की मांग आने लगी थी। उन्होंने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए जीएसटी परिषद की बैठक तुरंत आयोजित की गई और यह निर्णय लिया गया कि नई दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी, जो नवरात्रि का पहला दिन है जिसके साथ त्योहारी मौसम शुरू हो जाता है।

### सरकार को 3,700 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा

**कोलकाता।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी नवीनतम शोध रिपोर्ट में कहा कि दरों में कमी के जरिये माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार से 3,700 करोड़ रुपये का न्यूनतम राजस्व नुकसान होगा। सरकार का अनुमान है कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने का शुद्ध राजकोषीय प्रभाव वार्षिक आधार पर 48,000 करोड़ रुपये होगा। रिपोर्ट के अनुसार, विकास और उपभोग में वृद्धि को देखते हुए न्यूनतम राजस्व हानि 3,700 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। इसका राजकोषीय घाटे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

# जीएसटी कटौती से दोपहिया वाहनों की बिक्री पांच से छह प्रतिशत बढ़ेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- छोटे वाहनों पर 30 हजार से 60 हजार व दोपहिया पर 3,000 से 7,000 की कटौती की उम्मीद

वाहनों पर जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने से चालू वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों की बिक्री पांच से छह प्रतिशत बढ़ जाने की उम्मीद है जबकि यात्री वाहनों की बिक्री में दो से तीन प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने एक बयान में कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की 22 सितंबर से प्रभावी होने वाली पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की नई दर संरचना से मोटर वाहन क्षेत्र में मांग फिर से बढ़ेगी।

क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा कि जीएसटी कटौती का पूरा लाभ मिलने से वाहनों की कीमतों में पांच-10 प्रतिशत (छोटे यात्री वाहनों पर 30 हजार से 60 हजार रुपये और दोपहिया वाहनों पर 3,000 से 7,000 रुपये) की कमी आने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि नवरात्रि और आगामी त्योहारों को देखते हुए इस दर कटौती से बाजार की धारणा को बल मिलेगा। नए उत्पादों की पेशकश, कम ब्याज दरों और बेहतर सामर्थ्य से मोटर वाहन क्षेत्र में दूसरी छमाही में मजबूती आनी चाहिए। बयान के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों की बिक्री में पांच से छह प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है जबकि यात्री वाहनों की बिक्री में दो से तीन बढ़ सकती है। अप्रैल-अगस्त अवधि में दोपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि दर शून्य से एक प्रतिशत के साथ लगभग स्थिर रही जबकि यात्री वाहनों की बिक्री में तीन से चार प्रतिशत की गिरावट आई।

### जीएसटी सुधारों से हीरे और आभूषण क्षेत्र को बड़ी राहत मिलेगी: जीजेईपीसी

नई दिल्ली। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने शुक्रवार को कहा कि जीएसटी प्रणाली में किए गए सुधारों से हीरे और आभूषण क्षेत्र को काफी राहत मिली है। जीजेईपीसी ने एक बयान में कहा कि ''हीरा अग्रिम प्राधिकार योजना'' (डीआईएएस) के तहत 25 सेंट तक के प्राकृतिक तराशे और पॉलिश किए हुए हीरों के आयात को आईजीएसटी (पहले 18 प्रतिशत) से छूट देने से कार्यशील पूंजी का दबाव कम होगा और छोटे हीरे के प्रसंस्करण में लगे निर्माताओं एवं निर्यातकों को मदद मिलेगी। इसके अलावा आभूषण बक्सों पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने से खुदरा विक्रेताओं और निर्यातकों की लागत कम होगी। साथ ही पैकेजिंग और उपहार देना उपभोक्ताओं के लिए अधिक किफायती हो जाएगा जिससे व्यवसायों और खरीदारों दोनों को लाभ होगा।

## हिंदुजा समूह करेगा 5,176 करोड़ का

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने हिंदुजा समूह और एस्ट्राज़ेन्का कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिनमें कुल 5,176 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है। इन दिनों तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ब्रिटेन यात्रा पर हैं। लंदन में श्री स्टालिन की उपस्थिति में हुये समझौते के तहत हिंदुजा समूह ई-वाहन, बैटरी प्रौद्योगिकी और स्पेयर पाट्‌र्स निर्माण में 5,000 करोड़ रुपये के निवेश से संयंत्र स्थापित करेगा और राज्य में 1,000 से अधिक रोज़गार के अवसर पैदा करेगा।

# जीएसटी में कटौती से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सस्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी**



जीएसटी दरों में कटौती करने के फैसले का चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने स्वागत करते हुए कहा कि इससे स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती होंगी।

आरजी हॉस्पिटल्स के प्रबंध निदेशक अविनाश ओझा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के वित्तीय बोझ को कम करने के लिए आवश्यक दवाओं और चिकित्सकीय उपकरणों पर जीएसटी में सरकार का हालिया सुधार स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती बनाने को लेकर मजबूत प्रतिबद्धता को बताता है। 33 जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी को पूरी तरह से माफ करना, साथ ही कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और पुरानी बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली महत्वपूर्ण दवाओं के लिए इसे घटाकर शून्य करना स्वागत योग्य राहत है। पारस हेल्थ के मुख्य परिचालन अधिकारी (ग्रुप) विनीत अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी सुधार भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## लेज के पैकिंग पर किसान

**नई दिल्ली।** स्वदेशी की अपनी छवि को बढ़ावा देने के लिए अमेरिकी कंपनी पेप्सीको की भारतीय इकाई पेप्सिको इंडिया ने लेज चिप्स के पैक पर किसानों को जगह दी है। पेप्सीको इंडिया ने शुक्रवार को बताया कि उसके आलू चिप्स ब्रांड लेज ने भारतीय किसानों को सम्मानित करने वाली अपनी पहल ''मिट्टी की चिट्ठी'' के तहत यह शुरुआत की है। लेज ने पहली बार लिमिटेड एडिशन पैक पेश किया है जिनमें भारतीय किसानों को दर्शाया गया है। इन पैकेट्स पर पुरुष और महिला किसानों के हाथ से बने चित्र हैं जिनके चारों ओर खेती के जीवंत दृश्य दिखाये गये हैं।

# टाटा मोटर्स ने कारों के दाम 1.55 लाख रुपये तक घटाए

**मुंबई, एजेंसी**




वाहन निर्माता कंपनी टाट मोटर्स ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कमी का पूरा लाभ ग्राहकों को हस्तांतरित करते हुये टियागो से लेकर सफारी तक अपने यात्री वाहनों के मूल्यों में 75 हजार रुपये से लेकर 1.55 लाख रुपये तक की कमी करने की शुक्रवार को घोषणा की।

नयी कीमतें 22 सितंबर को जीएसटी की नयी दरों के लागू होने के साथ प्रभावी हो जायेंगी। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार, टियागो की कीमत में 75 हजार रुपये तक, टिगोर में 80 हजार रुपये तक, ऑल्टोज में 1.10 हजार, पंच में 85 हजार, नेक्सॉन पर 1.50 लाख, कर्व में 65 हजार, हैरियर में 1.40 लाख और सफारी की कीमत में 1.45 लाख रुपये तक की कमी की जायेगी। कंपनी ने कहा है कि त्योहारी सीजन में मांग में उछाल की संभावना को देखते हुये वह ग्राहकों को सलाह देती है कि बुकिंग पहले करा लें ताकि उन्हें त्योहारों के दौरान डिलीवरी समय पर मिल सके। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा कि 22 सितंबर से यात्री वाहनों पर जीएसटी में कमी एक सकारात्मक और समय पर लिया गया फैसला है।

## आईएचसीएल की आईटी पर मैलवेयर हमला

**नई दिल्ली।** इंडियन होटल्स कंपनी लि. (आईएचसीएल) ने अपनी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली पर एक मैलवेयर हमला होने की जानकारी देते हुए कहा है कि इसके प्रभाव को कम करने के लिए तुरंत कार्रवाई की गई। देश की आतिथ्य क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी आईएचसीएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस साइबर हमले का प्रभाव कम करने और आईटी प्रणाली को सुरक्षित करने के लिए तुरंत जरूरी कदम उठाए गए हैं। टाटा समूह की इस कंपनी ने यह भी साफ किया है कि सभी होटल और सेवाएं सामान्य रूप से चालू हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। आईएचसीएल ने कहा कि हम शेयर बाजार को सूचित करना चाहते हैं कि कंपनी पर एक साइबर हमले की घटना का पता चला है जिससे कुछ चुनिंदा आईटी सिस्टम प्रभावित हुए हैं।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** : तुलसी 2615, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2210, रविन्द्रा 2650, फॉर्चुन 13kg 1940, जय जवान 1960, सचिन 2040, सूरज 1960, अवसर 1865, उजाला 1920, गृहणी 13 kg 1880, क्लासिक (kg) 2095, मोर 2150, चक्र टिन 2360, ब्लू 2110, आशीर्वाद मस्टर्ड 2460, स्वास्तिक 2555

**किराना :** (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14500, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि0) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 400-600, मखाना 900-1100

**चावल** : (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

**दाल दलहन** : मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9500-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 10300, उड़द धोवा इंदौर 13000, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 6950, दाल चना 7500, दाल चना मोटी 7850, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7000, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 9200, मोटा हीरा 11200, अरहर गोला मोटा 8500, अरहर पटका मोटा 8900, अरहर कोरा मोटा 9400, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300

**चीनी** : डालमियां 4420, पीलीभीत 4340, सितारगंज 4300, धामपुर 4420

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5000, मसूरी- 4100, बासमती- 9100, परमल- 3200

**दाल दलहन :** काला चना- 7100, साबुत चना दाल- 7000, मूंग साबुत- 9100, राजमा- 12200-14000, दाल उड़द- 9200, साबुत मसूर दाल- 7100, मसूर दाल- 7000, उड़द साबुत- 8200, काबुली चना- 10100, अरहर दाल- 11100, लोबिया/करमानी- 9300

# रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद कर दे भारत तो दुनिया में बढ़ेगी महंगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रूसी तेल से महज 50 करोड़ डॉलर सालाना कमाती है रिलायंस : रिपोर्ट




रूस से कच्चा तेल खरीदकर भारी मुनाफे पर उसे दूसरे देशों को बेचने के अमेरिका के आरोपों के बीच एक रिपोर्ट ने इस दावे का खंडन किया है और कहा है कि यदि भारत रूस के कच्चा तेल खरीदना बंद कर दे तो दुनिया में महंगाई बेतहाशा बढ़ जायेगी। वैश्विक ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए और अमेरिका निवेश बैंकिंग कंपनी जेफरीज ने अपने विश्लेषण में बताया है कि भारत को रूसी तेल से होने वाला वास्तविक लाभ बेहद सीमित है और यह लगातार घटता जा रहा है।

जेफरीज की रिपोर्ट में कहा गया है कि रूसी तेल से भारतीय कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को सालाना करीब 50 करोड़ डॉलर का अतिरिक्त लाभ मिलता है जो उसके परिचालन लाभ का महज 2.1 प्रतिशत है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने भी मौजूदा केंद्र सरकार पर आरोप लगाया था कि उसने रूस से मिलने वाले कच्चा तेल आयात का लाभ आम लोगों को देने की बजाय रिलायंस इंडस्ट्रीज को इससे कमाई करने की छूट दे रखी है। इससे पहले, सीएलएसए ने 28 अगस्त को प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में कहा था कि रूसी कच्चे तेल पर कीमत में लाभ लगातार कम होती जा रही है। वित्त वर्ष 2024 में यह औसतन 8.5 डॉलर प्रति बैरल थी, जो 2025 में घटकर तीन से पांच डॉलर पर आ गयी। हाल के महीनों में यह सिर्फ 1.5 डॉलर प्रति बैरल तक रह गयी है। इसके साथ ही परिवहन, बीमा और माल ढुलाई जैसी अतिरिक्त लागतें इस छूट का बड़ा हिस्सा खत्म कर देती हैं जिससे भारत को रूसी तेल से होने वाला वार्षिक शुद्ध लाभ अब घटकर केवल एक अरब डॉलर रह गया है। पश्चिमी मीडिया में पहले अनुमान लगाया जाता था कि भारत को रूस से 10 से 25 अरब डॉलर प्रति बैरल कम कीमत पर कच्चा तेल मिल रहा है।

## खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र 535 अरब डॉलर होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** बढ़ती खपत, निर्यात और 'मेक इन इंडिया' पर सरकार के जोर के साथ देश का खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र वित्त वर्ष 2025-26 तक 535 अरब डॉलर तक हो सकता है। एक कार्यक्रम में उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि एआई स्वचालन और स्मार्ट पैकेजिंग इस उद्योग को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं तथा भारत में खाद्य एवं पैकेजिंग सामग्री के वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने की क्षमता है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत का जैविक खाद्य बाजार वर्ष 2033 तक 20.13 प्रतिशत की संचयी सालाना वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 10.8 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। जबकि खाद्य सामग्री बाजार सात से आठ प्रतिशत सीएजीआर की दर से बढ़ रहा है।

# जेएएल के लिए वेदांता ने लगाई 17,000 करोड़ रुपये की बोली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कर्ज चुकाने में नाकाम रहने से दिवाला प्रक्रिया का सामना करना पड़ा जेपी एसोसिएटस को

खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांता ने कर्ज में फंसी जयप्रकाश एसोसिएट्स (जेएएल) के अधिग्रहण के लिए 17,000 करोड़ रुपये की सफल बोली लगाकर अदाणी समूह को पीछे छोड़ दिया है। सूत्रों ने कहा कि वेदांता की बोली की राशि 17,000 करोड़ रुपये है लेकिन मौजूदा समय की कीमत और भविष्य में मिलने वाले पैसों को ध्यान में रखने पर इसका शुद्ध वर्तमान मूल्य (एनपीवी) 12,505 करोड़ रुपये बैठता है।

जेपी एसोसिएट्स का कारोबार रियल एस्टेट, सीमेंट, ऊर्जा, होटल और सड़क परियोजनाओं में रहा है। लेकिन भारी कर्ज के बोझ से दबने और कर्ज चुकाने में नाकाम रहने की वजह से कंपनी को दिवाला प्रक्रिया का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की इलाहाबाद पीठ ने तीन जून, 2024 को जेपी एसोसिएट्स को कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया में भेज दिया था। सूत्रों ने बताया कि जेएएल के ऋृणदाताओं की समिति (सीओसी) ने कंपनी की बिक्री के लिए दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत चुनौती प्रक्रिया अपनाई। कर्जदाताओं की समिति की पांच सितंबर को हुई बैठक में चुनौती प्रक्रिया पूरी हुई। इसमें वेदांता ने दूसरे दावेदार अदाणी एंटरप्राइजेज को पीछे छोड़ते हुए बाजी मार ली।

## यूरोपीय संघ का गूगल पर 3.5 अरब डॉलर का जुर्माना

**लंदन, एजेंसी।** यूरोपीय संघ के नियामकों ने शुक्रवार को गूगल पर 2.95 अरब यूरो (3.5 अरब डॉलर) का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना कंपनी की डिजिटल विज्ञापन सेवाओं को प्राथमिकता देकर यूरोपीय संघ के प्रतिस्पर्धा नियमों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया।

यह कंपनी पर लगाया गया चौथा ऐसा एकाधिकार-विरोधी जुर्माना है। गूगल ने कहा कि यह निर्णय गलत है और वह इसके खिलाफ अपील करेगी। कंपनी की नियामक मामलों की वैश्विक प्रमुख ली-ऐन मुलहोलैंड ने एक बयान में कहा, ''यह एक अनुचित जुर्माना है और इसमें बदलावों की जरूरत है।

## अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले माह 22,000 नौकरियां जोड़ीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आर्थिक नीतियों पर अनिश्चितता के बीच श्रम बाजार में नरमी के चलते अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने केवल 22,000 नौकरियां जोड़ीं। श्रम विभाग ने शुक्रवार को कहा कि इससे पहले जुलाई 2025 में 79,000 नियुक्तियां हुईं थी। श्रम विभाग ने कहा कि बेरोजगारी दर बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई, जो अनुमान से अधिक और 2021 के बाद से उच्चतम स्तर पर है। श्रम विभाग ने एक महीने पहले जब नौकरियों पर निराशाजनक रिपोर्ट जारी की थी, तो ट्रंप ने गुस्से में आंकड़ों को संकलित करने के प्रमुख अर्थशास्त्री को बर्खास्त करके और उनकी जगह एक भरोसेमंद को नामित कर दिया था। ट्रंप ने इन आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रोगजार के वास्तविक आंकड़े एक साल बाद सामने आएंगे।

**असर** | अमेरिकी टैरिफ के असर से एमएसएमई यूनिट्स का नुकसान हुआ दोगुना

# निर्यात घटा, कच्चा माल हटा, कारोबारियों को लगा बड़ा झटका

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**



**अमृत विचार :** निर्यात घटने के साथ ही शहर की ऐसी इकाइयों पर भी असर पड़ रहा है जो सिर्फ लोकल मार्केट में ही डील करती हैं। यह इकाइयां एमएसएमई सेक्टर की हैं।

खासतौर पर यह धागे, गत्ते, पैकेजिंग, रसायन, पॉलिश, स्टिकर व प्रिंटिंग सहित अन्य का कार्य करती हैं। टैरिफ लगाए जाने के बाद इन इकाइयों का नुकसान पिछले महीने के मुकाबले दोगुना हो गया है। अब कारोबार में बने रहने का संकट गहरा गया है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि शहर का निर्यात प्रभावित होने से बड़ी निर्यात यूनिट्स के साथ जुड़ी छोटी इकाइयों का भी लगभग 20 फीसदी कारोबार प्रभावित हुआ है। यह प्रभाव पिछले महीने के मुकाबले दोगुना हो गया है। शहर में लगभग 90 हजार एमएसएमई यूनिट्स हैं। इनमें लगभग 5 हजार यूनिट्स ऐसी हैं जो निर्यात कारोबार से जुड़ी यूनिट्स के साथ सीधा कारोबार करती हैं। टैरिफ के ऐलान के बाद से ही इन यूनिट्स का कारोबार घटना शुरू हो गया था। सबसे पहले वे छोटी यूनिट्स प्रभावित हुईं जो सीधे अमेरिका के साथ कारोबार से जुड़ी यूनिट्स को कच्चा माल भेजती थीं। पिछले महीने कैंसिल हुए ऑर्डर के बाद से इन छोटी यूनिट्स का कारोबार प्रभावित हुआ।

इसके बाद अगस्त महीने के अंत में पेनाल्टी लागू होने के बाद और वैश्विक बाजार में परिवर्तन से इन छोटी यूनिट्स का कारोबार और अधिक समस्याओं से घिर गया। छोटी यूनिट्स के कारोबार की बात की जाए तो सिर्फ 2 महीनों में ही इन इकाइयों के 20 फीसदी के ऑर्डर प्रभावित हुए हैं।

### ऑर्डर को लेकर संशय बरकरार

टैरिफ लगने के बाद सितंबर महीने की शुरुआत में ही ऑर्डर पर दोगुना का असर पड़ने को कारोबारी अच्छा संकेत नहीं मान रहे हैं। कारोबारियों का कहना है कि निर्यात कारोबार में एमएसएमई यूनिट्स सहायता यूनिट्स के रूप में कार्य करती है। ऐसे में जब तक निर्यात यूनिट्स को तेज ऑर्डर मिलने शुरू नहीं होंगे उन लोगों का कार्य मध्यम गति से ही चलेगा।

| | |
|---|---|
| **90** हजार एमएसएमई यूनिट शहर में मौजूद | **02** महीनों में छोटी यूनिट के दोगुने ऑर्डर पर असर |
| **05** हजार छोटी यूनिट सीधे निर्यात यूनिट से जुड़ीं | **20** फीसदी ऑर्डर पर सीधे तौर पर पड़ रहा असर |
| **35** हजार से अधिक कर्मचारी सीधे तौर पर प्रभावित | **03** महीने में छोटी यूनिट की स्थिति सुधरने की संभावना |

### बाजार बढ़ाने पर जोर

शहर की ऐसी छोटी यूनिट्स जो फिलहाल सिर्फ निर्यात यूनिट्स पर ही ऑर्डर के लिए निर्भर थीं। वह अब खुद का बाजार बढ़ाने में जुट गई हैं। कारोबारियों का मानना है कि अभी तक निर्यात यूनिट्स को एमएसएमई के लिए सबसे मुफीद माना जाता था। इसकी वजह निर्यातकों को लगातार मिल रहे निर्यात रहते थे। बताया गया कि कोरोनाकाल के बाद यह पहली स्थिति है जब शहर की निर्यात यूनिट्स में सप्लाई चेन टूटी है। ऐसे में छोटी यूनिट्स के कारोबारी अब निर्यात यूनिट्स के अलावा इसके दूसरे विकल्प को तलाशने की शुरुआत की दी है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अनुतिन होंगे थाइलैंड के अगले प्रधानमंत्री

**बैंकॉक।** थाईलैंड के वरिष्ठ नेता अनुतिन चार्नविराकुल देश के अगले प्रधानमंत्री होंगे। संसद में हुए मतदान में शुक्रवार को उन्होंने बहुमत हासिल कर लिया। भूमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन ने प्रतिनिधि सभा के 492 सदस्यों में से 247 वोट हासिल किए हैं जो कि बहुमत के लिए जरूरी आंकड़ा है। मतदान पूरा होने के बाद उनके कुल मतों की पुष्टि होनी है। राजा महा वजीरालोंगकोर्न द्वारा औपचारिक तौर पर नियुक्ति किए जाने के बाद, अनुतिन और उनकी सरकार के कुछ ही दिन में पदभार ग्रहण करने की उम्मीद है। अनुतिन ने पैतोंगटार्न शिनावात्रा का स्थान लिया है, जिन्हें पिछले सप्ताह अदालत के आदेश पर प्रधानमंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

### अफगानिस्तान में फिर लगे भूकंप के झटके

**काबुल।** अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत में गुरुवार की रात आए भूकंप से 13 लोग घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभी घायल व्यक्ति दारा ए नूर जिले के हैं। प्रांतीय राजधानी जलालाबाद सहित कई जिलों में भी भूकंप का असर पड़ा है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक गुरुवार सुबह और रात को नांगरहार में क्रमश: 4.7 और 5.6 तीव्रता वाले दो भूकंप के झटके महसूस हुए। इससे पहले रविवार की रात पड़ोसी प्रांत कुनार में 6.0 की तीव्रता वाले भूकंप में 2,200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, 3,600 से अधिक घायल हुए और 7000 घर नष्ट हो गए।

### जॉर्जिया में आव्रजन छापे, 475 हिरासत में

**सवाना।** अमेरिका के जॉर्जिया में आव्रजन अधिकारियों की छापेमारी के दौरान लगभग 475 लोगों को हिरासत में लिया गया। जिस जगह छापेमारी की गयी, वहां दक्षिण कोरियाई ऑटो कंपनी हुंदै इलेक्ट्रिक वाहन बनाती है। गृह विभाग के तहत विशेष अधिकारी स्टीवन श्रैंक ने शुक्रवार को सवाना में संवाददाताओं से यह बात कही। हालांकि लोगों पर लगाए गए आरोपों की घोषणा नहीं की गई। श्रैंक ने बताया, यह कार्रवाई जॉर्जिया और अमेरिकी लोगों के लिए रोजगार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### चीन ने किया नए परीक्षण उपग्रह का प्रक्षेपण

**शीचांग।** चीन ने शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिमी प्रांत सिचुआन के शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से एक नया परीक्षण उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया। शियान-29 उपग्रह को बीजिंग समयानुसार प्रात: 10:34 बजे लॉन्ग मार्च-3सी रॉकेट के माध्यम से प्रक्षेपित किया गया, जिसमें युआनझेंग-1 (एक्सपीडिशन-1) का ऊपरी हिस्सा ले जाने वाले रॉकेट से जुड़ा हुआ था। उपग्रह सफलतापूर्वक पूर्व निर्धारित कक्ष में पहुंच गया।

## ब्रिटेन: टैक्स चोरी मामले में घिरीं उपप्रधानमंत्री एंजेला का इस्तीफा

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन की उपप्रधानमंत्री एंजेला रेनर ने घर खरीद पर कर का कम भुगतान जाने के मामले में स्वतंत्र जांच के बाद शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। लेबर पार्टी की एक प्रभावशाली नेता रेनर के खिलाफ इंग्लैंड के दक्षिणी तट पर स्थित घर पर सही स्टाम्प ड्यूटी का भुगतान के लिए विशेषज्ञ कर सलाह न लेकर मंत्री आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप है।

डेविड लैमी को नया उप प्रधानमंत्री बनाया गया है। रेनर ने अपना मामला मंत्रिस्तरीय मानकों पर स्वतंत्र सलाहकार लॉरी मैग्नस के पास भेजा, जिन्होंने शुक्रवार को प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर को रिपोर्ट सौंपी। स्टार्मर ने वरिष्ठ मंत्री रेनर के



● खरीदे गए घर की नहीं दी थी स्टांप ड्यूटी, डेविड लैमी ने ली जगह

इस्तीफे पर अफसोस जताया। स्टार्मर ने कहा, निजी तौर पर मुझे आपके सरकार से बाहर जाने पर बहुत दुख हो रहा है। रेनर ने प्रधानमंत्री को लिखे त्यागपत्र में कहा, मैं दोहराना चाहती हूं कि उचित राशि के भुगतान के अलावा कुछ और करने का मेरा कभी इरादा नहीं था। मुझे यह भी ध्यान रखना चाहिए कि मीडिया का दबाव मेरे परिवार पर कितना भारी पड़ रहा है।

## हिमालयी क्षेत्रों में मानवीय छेड़छाड़ का नतीजा

जलवायु परिवर्तन, अनियोजित विकास और शहरीकरण, वनों की कटाई और भूमि उपयोग में बदलाव, पर्यटन के दबाव और संसाधनों पर बढ़ते बोझ जैसे कई कारण हैं जिनके कारण भारत के हिमालयी क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं की न सिर्फ संख्या बल्कि भयावहता भी बढ़ी है। इसमें सबसे ज्यादा तबाही जल मौसम संबंधी घटनाओं की वजह से हुई है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध हिमालयी क्षेत्रों में मानवीय हस्तक्षेप सबसे ज्यादा विनाशकारी साबित हुआ है। भारतीय वन सर्वेक्षण, नीति आयोग और कई गैर सरकारी संगठनों की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में इनके गंभीर प्रभावों का साफ उल्लेख है। वनों के नुकसान, भूस्खलन में वृद्धि और प्राकृतिक झरनों के सूखने जैसे इनके दुष्परिणाम इन क्षेत्रों में बसे लोगों को झेलने पड़ रहे हैं। विडंबना यह है इसे रोकने के लिए अब तक कोई सख्त कदम भी नहीं उठाए गए हैं।

## प्राकृतिक आपदाएं



### लगातार बढ़ता संकट

- वर्ष 2024-25 में बाढ़, सूखा और तापमान वृद्धि जैसी अत्यधिक प्राकृतिक घटनाओं से 3,000 से अधिक लोगों की जान गई, जो पिछले 11 सालों में सबसे ज्यादा है।
- वर्ष 2019 से 2023 के बीच 281 प्राकृतिक आपदाएं दर्ज की गईं, जबकि केवल 2024 में 400 से अधिक घटनाएं सामने आईं, जो घटनाओं में तीव्र वृद्धि दर्शाती है।
- वर्ष 2023 में भारत को आपदाओं से 12 अरब अमेरिकी डॉलर (एक लाख करोड़ रुपये से अधिक) का नुकसान हुआ, जो पिछले दशक से काफी ज्यादा था।
- वर्ष 2015 से 2024 के बीच बाढ़, तूफान, भूस्खलन जैसी आपदाओं से 3.2 करोड़ लोग विस्थापित हुए, मगर 2024 में 4.58 करोड़ लोगों को घर छोड़ना पड़ा।
- हाल के कुछ वर्षों में आपदा राहत के लिए सरकारी खर्च में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती संख्या और तीव्रता को दर्शाता है।

### हाल ही में आईं आपदाएं

- जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में 17 अगस्त को बादल फटने से भूस्खलन होने के बाद भारी तबाही हुई जिसमें सात लोग मारे गए।
- उत्तरकाशी के धराली गांव में 5 अगस्त को आई अचानक बाढ़ ने पूरे गांव को तबाह कर दिया, यहां सैकड़ों लोग बेघर हो गए।
- आंध्र प्रदेश में आपदाओं में 343, मध्य प्रदेश में 243 और हिमाचल प्रदेश में 195 लोगों की मौत हुई, आपदाओं का सिलसिला जारी है।

### कहां कैसी आपदा

बादल फटना और बाढ़ जैसी घटनाओं की उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में वृद्धि हुई है। वनों की कटाई और अनियमित निर्माण के कारण भूस्खलन की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। हिमनदों का तेजी से पिघलना ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड को बढ़ा रहा है, सिक्किम में देखा गया।

### मानवीय हस्तक्षेप

- भारतीय वन सर्वेक्षण की स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट के अनुसार हिमालयी राज्यों में 2019 की तुलना में 1,072 वर्ग किमी वन आवरण कम हुआ है।
- नीति आयोग ने बताया है कि भारतीय हिमालयी क्षेत्र में 50% प्राकृतिक झरने सूख रहे हैं, जो वन कटान और अनियोजित विकास के कारण है।
- सुदूर संवेदन संस्थान की रिपोर्ट में पश्चिमी हिमालय में शहरीकरण में भारी वृद्धि, वनों के कटान और जल निकायों में गिरावट की पुष्टि।

### ये भी प्रमुख कारण

- ग्लोबल वार्मिंग से वर्षा की तीव्रता बढ़ रही है और तापमान में वृद्धि हो रही है, जिससे हिमनद तेजी से पिघल रहे हैं।
- वन कटान से मिट्टी की पकड़ कमजोर होती है, इससे भूस्खलन का खतरा, जल निकासी पैटर्न भी प्रभावित।
- पर्यटकों की बढ़ती संख्या से संसाधनों पर दबाव पड़ता है जो नाजुक क्षेत्रों को और ज्यादा असुरक्षित बनाता है।

# यूक्रेन युद्ध के परोक्ष परिणाम ग्लोबल साउथ के देशों पर डाल रहे हैं असर


## भारत का संयुक्त राष्ट्र महासभा में संबोधन, ईंधन की कीमतों पर जताई चिंता

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने यूक्रेन संघर्ष के 'परोक्ष प्रभावों' खासतौर पर ईंधन की कीमतों पर चिंता व्यक्त की और कहा है कि 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। भारत ने साथ ही कहा कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिए युद्ध को समाप्त किया जा सकता है और स्थाई शांति लाई जा सकती है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बृहस्पतिवार को कहा, भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान जाना अस्वीकार्य है और युद्ध के मैदान में कोई समाधान नहीं निकलता। संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों की स्थिति' विषय पर आयोजित चर्चा में हरीश ने कहा कि भारत को इस बात की चिंता है कि संघर्ष के परिणामस्वरूप ईंधन की कीमतें और अन्य चीजें पूरे विश्व को प्रभावित कर रहे हैं, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों को, जिन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। हमारा मानना है कि उनकी आवाज सुनी जाए और उनकी वैध चिंताओं का समुचित समाधान किया जाए।

'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि स्थाई शांति के लिए सभी हितधारकों की पूर्ण भागीदारी और प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है। हरीश ने कहा कि भारत ने पिछले महीने अलास्का में अमेरिक के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई शिखर बैठक का समर्थन किया और उसमें हुई प्रगति की सराहना की।



संयुक्त राष्ट्र महासभा बोलते भारतीय राजदूत पर्वतनेनी हरीश।

### मोदी के संदेश का किया जिक्र - ये युद्ध का युग नहीं

राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन संघर्ष का शीघ्र अंत सभी के हित में है, साथ ही उन्होंने मोदी के इस संदेश का जिक्र किया कि यह युद्ध का युग नहीं है। हरीश ने कहा, हम यूक्रेन के राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं के साथ बातचीत करने के अमेरिकी राष्ट्रपति के कूटनीतिक प्रयासों पर भी ध्यान देते हैं। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि ये सभी कूटनीतिक प्रयास यूक्रेन में जारी संघर्ष को समाप्त कराने और स्थायी शांति की संभावनाओं के लिए अहम हैं। हरीश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौजूदा स्थिति पर पुतिन, जेलेंस्की और यूरोपीय नेतृत्व के संपर्क में हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के बयान से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन से बातचीत की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आपसी हितों के मुद्दों और यूक्रेन में संघर्ष को जल्द समाप्त कराने के प्रयासों पर विचार विमर्श किया।

### जयशंकर ने की यूक्रेन के विदेश मंत्री से बात


विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को अपने यूक्रेनी समकक्ष आंद्रेई सिबिहा के साथ यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा की। जयशंकर के साथ फोन पर बातचीत के बाद सिबिहा ने कहा कि उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष को वर्तमान युद्ध की स्थिति और यूक्रेन की ओर से न्यायोचित शांति प्राप्त किए जाने के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, हम शत्रुता की पूर्ण समाप्ति और व्यापक अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयासों के समर्थन में भारत की बुलंद आवाज और सक्रिय भूमिका पर भरोसा करते हैं। यूक्रेनी विदेश मंत्री ने कहा कि वह और जयशंकर इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान मुलाकात करने पर सहमत हुए हैं। जयशंकर-सिबिहा वार्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात किए जाने के तीन दिन बाद हुई। बैठक में मोदी ने पुतिन को बताया कि भारत यूक्रेन में शांति स्थापित करने की दिशा में हाल ही में किए गए सभी प्रयासों का स्वागत करता है और यह मानवता का आह्वान है कि यथाशीघ्र शत्रुता को समाप्त करने का रास्ता खोजा जाए।

## पेंटागन का नया नाम युद्ध मंत्रालय, रक्षा मंत्री अब युद्ध मंत्री

**वाशिंगटन।** अमेरिकी के पेंटागन को युद्ध मंत्रालय और रक्षा मंत्री को युद्ध मंत्री के नाम से जाना जाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नया कानून बनाने जा रहे हैं जिसके अंतर्गत ये दोनों नाम बदल दिए जाएंगे।

नया नाम रक्षा मंत्रालय द्वितीयक पद के रूप में इस्तेमाल होगा। सरकार को इस पर कानून बनाने के लिए पहले अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी चाहिए होगी। नाम बदलने के तर्क में कहा गया है कि 'युद्ध मंत्रालय' नाम 'रक्षा मंत्रालय' की तुलना में कहीं अधिक तत्परता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। रक्षा शब्द से केवल रक्षात्मक क्षमताओं पर ही ध्यान जाता है।

## शिक्षक दिवस




पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने ओडिशा के पुरी में रेत की मूर्ति बनाकर देश को शिक्षक दिवस की बधाई दी। एजेंसी

## वैश्विक सद्भाव के लिए दुबई में शुरू हुआ 'आई एम पीसकीपर' अभियान

**दुबई।** बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच, दुबई में एक नया अंतरराष्ट्रीय अभियान, 'आई एम पीसकीपर' शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य वैश्विक सद्भाव के लिए संवाद और समझ को बढ़ावा देने के इच्छुक व्यक्तियों और संस्थाओं को एक मंच पर लाना है।

भारतीय फार्मा दिग्गज वॉकहार्ट के कार्यकारी निदेशक और वॉकहार्ट फाउंडेशन के सीईओ डॉ. हुजैफा खोराकीवाला ने बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम में इस आंदोलन की शुरुआत की, जिसमें दो नोबेल पुरस्कार विजेताओं समेत कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियों ने हिस्सा लिया। यह घटनाक्रम गाजा में जारी संघर्ष और खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच सामने आया है, जहां जून में ईरान और इजराइल के बीच कुछ समय तक युद्ध हुआ था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, खोराकीवाला ने कहा कि यह अभियान इस बात पर जोर देता है कि मानवीय मूल्यों की मुद्रा से अपने लिए आंतरिक शांति खरीदी जा सकती है, जो समाज में शांति की नींव रखती है।

## भारतीय छात्रों की अमेरिका में घटी रुचि, यूरोपीय देश बन रहे नई पसंद

**मुंबई।** अमेरिकी विश्वविद्यालयों में आवेदनों में साल-दर-साल 13 प्रतिशत की गिरावट आई है, क्योंकि भारतीय छात्र जर्मनी जैसे यूरोपीय देशों को पसंद कर रहे हैं, जहां 2024-25 में 32.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

एडटेक कंपनी अपग्रेड की ट्रांसनेशनल एजुकेशन रिपोर्ट 2024-25 में कहा गया है कि अमेरिका अब भारतीय छात्रों के लिए स्वभाविक और सबे पसंदीदा शैक्षणिक गंतव्य नहीं रह गया है। इसमें कहा गया कि अमेरिकी विश्वविद्यालयों में आवेदनों में साल-दर-साल 13 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि जर्मनी जैसे यूरोपीय गंतव्यों (2022 के 13.2 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 32.6 प्रतिशत) और संयुक्त अरब अमीरात में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है जहां 42 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय छात्र भारतीय हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया तेजी से भारतीय छात्रों के लिए व्यावहारिक और सुलभ विदेश अध्ययन स्थल बनता जा रहा है, जहां वैश्विक परिसरों से डिग्री कार्यक्रम उपलब्ध हैं। दुबई और कतर के एजुकेशन सिटी में जॉर्जटाउन, जॉन्स हॉपकिन्स, आरआईटी, कार्नेगी मेलॉन और वेइल कॉर्नेल सहित अमेरिकी विश्वविद्यालयों के सैटेलाइट परिसर अपने घरेलू संस्थानों के समान ही डिग्री प्रदान करते हैं।

## बोलीविया: अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

ला पाज, एजेंसी

● मुरिलो पर हैं हत्या, गबन धनशोधन और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप

विवादों में रहने वाले बोलीविया के पूर्व गृह मंत्री आर्तुरो मुरिलो को कई आरोपों में अमेरिका से प्रत्यर्पित करने के बाद बृहस्पतिवार को हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया।

उनके खिलाफ आरोपों में 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों पर दमनकारी कार्रवाई का आदेश देने के लिए मानवता के खिलाफ अपराध शामिल है। मुरिलो जून में अमेरिकी जेल से चार साल सजा काटने के बाद रिहा हुए थे। उन पर फ्लोरिडा की एक कंपनी से 5.32 लाख डॉलर की रिश्वत लेने और आंसू गैस बेचने का अनुबंध दिलाने का आरोप था। बुधवार रात उन्हें मियामी से निष्कासित कर बोलीविया भेजा गया, जहां वह पहले से दो मामलों में दोषी ठहराए जा चुके हैं। उन पर हत्या, धनशोधन, सत्ता का दुरुपयोग, गबन और महंगी आंसू गैस की खरीद में पद का दुरुपयोग करने जैसे आरोप भी हैं। ला पाज पहुंचने पर अभियोजन पक्ष ने कहा कि उन्हें अधिकतम सुरक्षा वाली चोनचोकोरो जेल में भेजा जाएगा। अटॉर्नी जनरल रोजर मरिका ने कहा, मुरिलो को जेल में रहना ही होगा।

## श्रीलंका: बस दुर्घटना में 15 लोगों की मौत

**कोलंबो।** श्रीलंका के उवा प्रांत के बडुल्ला ज़िले में एक बस दुर्घटना में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि इतने ही घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, 30 से अधिक लोग दक्षिणी श्रीलंकाई शहर तांगल्ले से पर्यटन यात्रा पर निकले थे, लेकिन बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे बस की टक्कर सामने से आ रही एक जीप से हुई, जिसके बाद बस सड़क की रेलिंग से टकराकर एल्ला कस्बे के पास 1000 फुट से अधिक गहरी खाई में गिर गई। मृतकों में नौ महिलाएं शामिल हैं। सभी लोग तांगाल्ले अर्बन काउंसिल (नगर परिषद) के कर्मचारी थे।

## ट्रंप ने टेक दिग्गजों को दी दावत, मस्क को नहीं बुलाया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में प्रौद्योगिकी जगत (टेक) के दिग्गजों के एक समूह की मेजबानी की और उनकी कंपनियों द्वारा देश में किए जा रहे निवेश की जानकारी ली। ट्रंप के मेहमानों में उनके करीबी रहे एलन मस्क शामिल नहीं थे?

ट्रंप ने एक लंबी मेज के चारों ओर बैठे इन दिग्गजों को बेहद बुद्धिमान करार दिया। कंपनियों के सीईओ ट्रंप की तकनीकी प्रगति से जुड़ी आकांक्षाओं पर चर्चा करते रहे लेकिन ट्रंप ने पूरा ध्यान निवेश पर केंद्रित रखा। उन्होंने मेज के चारों ओर घूमकर उनसे पूछा कि वे देश में कितना निवेश कर रहे हैं। ट्रंप के दाहिनी ओर बैठे मेटा के सहसंस्थापक मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि वह 600 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश कर रहे हैं। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने भी 600 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश की बात कही। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने 250 अरब डॉलर के निवेश का अनुमान जताया। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने कहा निवेश 80 अरब डॉलर प्रति वर्ष के करीब है। ट्रंप ने यह सुनकर कहा, अच्छा है, काफी अच्छा।

मेहमानों में ट्रंप के करीबी रहे एलन मस्क शामिल नहीं थे। इस साल के शुरू में मस्क और ट्रंप के बीच एक विधेयक को लेकर विवाद हुआ था और दोनों ने एक-दूसरे पर काफी कड़ी सार्वजनिक टिप्पणियां की थीं। मेहमानों के बीच एआई में मस्क के प्रतिद्वंद्वी रहे ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन और पेमेंट प्रॉसेसिंग कंपनी 'शिफ्ट4' के संस्थापक जेरेड इसाकमैन भी शामिल थे।



व्हाइट हाउस में प्रौद्योगिकी जगत के दिग्गजों के साथ ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया।


● सभी कंपनियों के सीईओ से देश में निवेश के बारे में ली जानकारी

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 सितंबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 7 सितंबर 01.41 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 22.55 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** - आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव कम होगा। महिलाएं खरीदारी पर काफी ध्यान दे सकती हैं। अपनी कल्पनाओं को साकार करने का अवसर मिलेगा। मन में नए कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना रहेगी।

**वृष** - आज कारोबार की स्थिति में सुधार आने की संभावना है। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। पुराने झगड़ों को लेकर दोबारा उलझने से बचें। आपको कोई गुमी हुई वस्तु वापस मिल सकती है।

**मिथुन** - आज व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। अध्यात्मिक विषयों पर गूढ़ अध्ययन कर सकते हैं।

**कर्क** - आज का दिन संघर्ष से युक्त हो सकता है। कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। आलस्य करने से बचें। प्रियजनों की सलाह पर गंभीरता से विचार करें। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आएगी।

**सिंह** - आज व्यवसाय में दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। थोड़े ही प्रयासों से आपके कार्य सफल हो जाएंगे। आपके मन में अनेक सवाल एक साथ चलते रहेंगे। इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो दिन सौभाग्यशाली रहेगा।

**कन्या** - आज प्रेम-संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। आपकी बातों से मित्र नाराज हो सकते हैं। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा।

**तुला** - आज सहकर्मी आपको अपमानित करने का प्रयास करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। दोस्तों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। परिवार के लोग आपके निर्णयों से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक** - आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। आपको अपनी छवि की चिंता हो सकती है। व्यवसाय में धन की कमी होने की आशंका है। आपके घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। घर में अचानक बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं।

**धनु** - आज मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। शांतिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। किसी रिश्तेदार के घर मिलने के लिए जा सकते हैं। प्रभावशाली लोगों के बीच आपका उठना-बैठना रहेगा।

**मकर** - आज गरिष्ठ व तला-भुना भोजन कब्ज व माइग्रेन का कारण बन सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। कार्यक्षेत्र में तनाव बढ़ने की संभावना है। नई संपत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। अपनी नकारात्मक आदतों पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ** - आज आपके करियर में नया मोड़ आ सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा। यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर कार्य पूर्ण करें।

**मीन** - आज पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है। स्वभाव में क्रोध और चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। आपकी राय लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। अधीनस्थ कर्मचारी उच्च अधिकारियों से असंतुष्ट हो सकते हैं।

## सुडोकू -91

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | 1 | | 4 | | |
| | 8 | | | | 9 | | 5 | |
| 4 | | | 2 | | | | 6 | |
| | 5 | | | | | | 4 | |
| | | | 8 | | 5 | | 1 | 7 |
| | 6 | | 7 | | | 8 | | |
| | | 3 | | 5 | | | | 4 |
| | 9 | | | | | 6 | | |

### सुडोकू - 90 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 |



मुझे गर्व है कि मैं क्रिकेट में नीली जर्सी पहनकर समोआ का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। यह ना सिर्फ मेरे पसंदीदा खेल में मेरी वापसी है, बल्कि अपनी विरासत, संस्कृति, गांव और परिवार का प्रतिनिधित्व करने का बड़ा सम्मान भी है। -रॉस टेलर


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

बरेली, शनिवार, 6 सितंबर 2025


## हाईलाइट

### महिला हॉकी टीम का शानदार आगाज

**हांगझोउ (चीन) :** उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां थाईलैंड को 11-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जबकि डुंग डुंग ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए। इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे।

### मुक्केबाज सुमित अंतिम सोलह में

**लिवरपूल :** भारतीय मुक्केबाज सुमित कुंडू ने शुक्रवार को यहां पुरुष मिडिलवेट वर्ग में जॉर्डन के मोहम्मद अल हुसैन को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अंतिम 16 में प्रवेश किया। सुमित ने मुकाबले के शुरुआती दौर से ही दबदबा कायम करते हुए अल हुसैन को रक्षात्मक होने पर मजबूर कर दिया। दोनों मुक्केबाजों ने कई बार सटीक मुक्के मारे लेकिन सुमित लगातार हावी रहे।

### रॉस टेलर की संन्यास से वापसी

**नई दिल्ली :** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान रॉस टेलर ने संन्यास से वापसी कर ली है। हालांकि अब वह न्यूजीलैंड से नहीं बल्कि समोआ की तरफ से खेलते हुए दिखाई देंगे। 41-वर्षीय मध्य क्रम के बल्लेबाज टेलर आगामी ईस्ट एशिया-पैसिफिक टी20 विश्व कप 2026 के क्वालिफ़ायर टूर्नामेंट में समोआ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### यू मुम्बा ने बेंगलुरु बुल्स को रौंदा

**विशाखापत्तनम :** अजीत चौहान के दमदार खेल से यू मुम्बा ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में शुक्रवार को यहां बेंगलुरु बुल्स को 48-28 से करारी शिकस्त दी। यू मुम्बा ने पहले हाफ में ही बेंगलुरु बुल्स को दो बार ऑल आउट कर 23-7 की बड़ी बढ़त कायम कर ली। मध्यांतर के समय टीम के पास 29-12 की बढ़त थी। बेंगलुरु बुल्स ने दूसरे हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन इससे सिर्फ हार का अंतर ही कम हुआ।



# एशिया कप फाइनल से एक कदम दूर भारतीय हॉकी टीम

**राजगीर (बिहार), एजेंसी**

फाइनल में जगह बनाने से एक कदम दूर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एशिया कप में शनिवार को सुपर 4 चरण के आखिरी मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत चीन के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया से 2-2 से ड्रॉ के बाद भारत ने दूसरे सुपर 4 मैच में मलेशिया को 4-1 से हराया। इस जीत से चीन के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले हरमनप्रीत सिंह की टीम का मनोबल बढ़ा होगा।

भारत दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि चीन और मलेशिया के तीन अंक है। कोरिया एक अंक लेकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। सुपर 4 चरण से शीर्ष दो टीमें फाइनल में जाएंगी और भारत के लिए एक ड्रॉ भी काफी होगा। कोरिया के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद भारत ने मलेशिया के खिलाफ बेहतर खेल दिखाया हालांकि शुरूआत बहुत अच्छी नहीं रही। भारत ने शुरुआती गोल गंवा दिया, लेकिन इसके बाद शानदार वापसी की। मलेशिया पर मिली जीत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि अभी भी यह टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं है और भारतीय खिलाड़ियों को पता है कि उनसे अपेक्षाएं बहुत ज्यादा है।

- चीन के खिलाफ अहम मुकाबले में आज करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**समय : शाम 7:30 से।**

सवाल यह है कि वे अपेक्षाओं पर कैसे खरे उतरें और इसका जवाब भी आसान है कि बारीकियों पर ध्यान देकर अपने प्रदर्शन में और सुधार किया जाए।

टूर्नामेंट में अभी तक मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद और राजिंदर सिंह ने मिडफील्ड में अच्छा खेल दिखाया है। मलेशिया के खिलाफ फॉरवर्ड पंक्ति से उनका तालमेल कमाल का था। हार्दिक ने खास तौर पर तेज ड्रिबलिंग और अकेले गेंद लेकर दौड़ते हुए कई मौके बनाए। बरसों से भारतीय हॉकी की सेवा कर रहे मनप्रीत ने दिखा दिया कि अभी भी उनके भीतर जीत की भूख कम नहीं हुई है । उन्होंने न सिर्फ मौके बनाए बल्कि गोल के सूत्रधार भी रहे।

अभिषेक, सुखजीत सिंह और मनदीप सिंह ने आक्रमण का जिम्मा बखूबी संभाला और आगे भी इस लय को कायम रखना चाहेंगे। भारत को हालांकि सर्कल के भीतर मिले हर मौके को भुनाना होगा और इसके लिए हड़बड़ाने से बचना जरूरी है। सुपर 4 चरण के एक अन्य मैच में मलेशिया का सामना दक्षिण कोरिया से होगा।

### पेनल्टी कॉर्नर है परेशानी का सबब

- पेनल्टी कॉर्नर कोच फुल्टोन की परेशानी का सबब होगा। अच्छी शुरुआत के बाद कप्तान हरमनप्रीत पेनल्टी कॉर्नर भुनाने में नाकाम रहे। जुगराज सिंह, संजय और अमित रोहिदास का भी यही हाल था। मलेशिया के खिलाफ छह में से एक ही पेनल्टी कॉर्नर पर गोल हो सका और वह भी रिबाउंड पर था। दूसरी ओर पूल चरण में भारत से 3-4 से हारने के बाद से चीन ने अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है।

# सबालेंका और अमांडा के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

## यूएस ओपन : सेमीफाइनल में सबालेंका ने पेगुला और अमांडा ने ओसाका को हराया

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका और उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा बीच यूएस ओपन में महिला एकल वर्ग में खिताबी भिड़ंत होगी। बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता और मानसिक शक्ति का परिचय देते हुए एक सेट से पिछड़ने के बाद चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया।

गुरुवार रात दो घंटे तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी पेगुला को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया।

पेगुला ने न्यूयॉर्क के शोरगुल में उत्साहित दर्शकों के बीच पहला सेट जीतकर पासा पलटने की चेतावनी दी। अमेरिकी खिलाड़ी ने पेगुला ने सबालेंका की सहज गलतियों का फायदा उठाया और दो बार सर्विस ब्रेक करके 6-4 से पहला सेट अपने नाम कर लिया।



बेलारूस की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी पेगुला के खिलाफ शॉट लगाती हुईं। एजेंसी

इसके बाद बेलारूसी खिलाड़ी ने ऑफ-कोर्ट ब्रेक के बाद नए दृढ़ संकल्प के साथ वापसी की। उन्होंने अपने ग्राउंडस्ट्रोक की तीव्रता बढ़ाई और दूसरे सेट को 6-3 से जीत के साथ मैच को निर्णायक बना दिया। अंतिम सेट में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ने दबाव के क्षणों में अपना धैर्य बनाए रखा। अपने तीसरे मैच पॉइंट पर, उन्होंने राहत और जश्न की गर्जना के साथ जीत पक्की कर ली। 27 वर्षीय खिलाड़ी की इस जीत ने उन्हें सेरेना विलियम्स (2011-2014) के बाद लगातार तीन यूएस ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बना दिया है। मैच के बाद सबालेंका ने कहा यह वाकई एक कड़ा मुकाबला था। उसने अविश्वसनीय टेनिस खेला और मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। मैं बस अंदर ही अंदर प्रार्थना कर रही थी और अच्छे की उम्मीद कर रही थी। शनिवार को होने वाले चैंपियनशिप मैच में सबालेंका का सामना उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा ने अपने करियर के सबसे उल्लेखनीय उलटफेरों में से एक की कहानी गढ़ते हुए रोमांचक मुकाबले में जापान की नाओमी ओसाका को 6-7(4), 7-6(3), 6-3 से हराकर पहली बार यूएस ओपन फाइनल में जगह बनाई। यह जीत अमेरिकी टेनिस प्रशंसकों के लिए, यह नई उम्मीद का क्षण है, क्योंकि अनिसिमोवा 2017 में स्लोएन स्टीफंस के बाद यूएस ओपन महिला एकल फाइनल में पहुंचने वाली पहली घरेलू खिलाड़ी बन गई हैं।



अमांडा अनिसिमोवा।

### भांबरी और वीनस का सफर थमा

- **न्यूयॉर्क :** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में हार गए, जो किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भांबरी और वीनस को नील स्कूप्स्की और जो सैलिसबरी की छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी से रोमांचक मुकाबले में 7-6(2) 6-7(5) 4-6 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इससे पहले भारतीय खिलाड़ी ने इतिहास रच दिया था। दिल्ली के रहने वाले 33 वर्षीय भांबरी ओपन युग में आनंद अमृतराज, विजय अमृतराज, लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल छठे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। सानिया मिर्जा युगल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनने वाली और टेनिस ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली एकमात्र अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं। भांबरी और वीनस की जोड़ी ने फ्लशिंग मीडोज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था और अंतिम चार तक के अपने सफ़र में वरीयता प्राप्त जोड़ियों को भी हराया। हार के बाद भांबरी ने कहा यह मेरे लिए एक विशेष सप्ताह रहा है। इस स्तर पर खेलना और किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ा क्षण है। पिछले दशक में कई चोटों से जूझने वाले दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ी सफलता है।



### स्लोवाकिया ने जर्मनी को उलटफेर का शिकार बनाया

**लंदन :** स्लोवाकिया ने जर्मनी को 2-0 से हराकर फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफायर में बड़ा उलटफेर किया। डेविड हैन्को और डेविड स्ट्रेलेक ने जर्मनी की रक्षापंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर स्लोवाकिया को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

स्लोवाकिया ने आखिरी बार 2010 में विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था। इस हार से जर्मनी की 2026 में होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की राह मुश्किल हो गई है। प्लेऑफ से बचने के लिए जर्मनी को शेष सभी पांच मैच जीतने होंगे।



विश्व कप ग्रुप ए क्वालीफाइंग फुटबॉल मैच में जर्मनी को हराने के बाद जश्न मनाते स्लोवाकिया के खिलाड़ी। एजेंसी

# बीसीसीआई ने टीम की जर्सी प्रायोजन की दरों में बढ़ोतरी की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी को अब प्रायोजित करना और महंगा हो जाएगा। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने द्विपक्षीय सीरीजके लिए दाम प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपये और बहुपक्षीय टूर्नामेंट में प्रति मैच 1.5 करोड़ रुपये कर दिए हैं।

क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, नई दरें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा स्वीकृत और आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं पर लागू होंगी। रिपोर्ट में उद्योग से जुड़े सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि ये आंकड़े मौजूदा दरों से थोड़े ज्यादा हैं। पहले द्विपक्षीय मैचों के लिए 3.17 करोड़ रुपये और बहुपक्षीय मैचों के लिए 1.12 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाता था। यह बदलाव ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 के आने के बाद ड्रीम 11 के जर्सी प्रायोजक के रूप में हटने के बाद हुआ है।

सरकार द्वारा हाल ही में पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 के बाद बीसीसीआई ने भारतीय टीम के प्रमुख प्रायोजक ड्रीम 11 का अनुबंध रद्द कर दिया। यह संशोधन आगामी एशिया कप के समाप्त होने के बाद ही लागू होगा। बीसीसीआई को हालांकि 400 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई होने का अनुमान है। बोली के परिणाम के आधार पर अंतिम आंकड़ा अधिक भी हो सकता है। नई दरें आगामी एशिया कप के बाद से प्रभावी होंगी। बीसीसीआई संभावित रूप से प्रति मैच 400 करोड़ रुपये से अधिक कमा सकता है। अंतिम आंकड़ा हालांकि बोली के परिणाम के आधार पर अधिक हो सकता है।

**3.5** करोड़ रुपये दाम द्विपक्षीय सीरीज के लिए प्रति मैच होगा।

**1.5** करोड़ रुपये बहुपक्षीय टूर्नामेंट में प्रति मैच के लिए होगा।

ड्रीम 11 के हटने के बाद भारतीय टीम के मुख्य प्रायोजक अधिकारों के लिए बीसीसीआई ने मंगलवार को बोलियां आमंत्रित कीं। बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में कहा गया बोली लगाने वाले (जिसमें उसके समूह की कोई भी कंपनी शामिल है) को भारत में या दुनिया में कहीं भी ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाओं में संलग्न नहीं होना चाहिए, भारत में किसी भी व्यक्ति को कोई ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाएं प्रदान नहीं करनी चाहिए और भारत में सट्टेबाजी या जुए में संलग्न किसी भी व्यक्ति में कोई निवेश या स्वामित्व हित नहीं होना चाहिए। भारतीय टीम यूएई में नौ सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप में बिना किसी मुख्य प्रायोजक के खेलेगी, क्योंकि बोर्ड ने बोली जमा करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर तय की है। ड्रीम 11 ने हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के कारण अपने वास्तविक धन से जुड़े ऑनलाइन गेम को बंद कर दिया है।

# जगदीशन दोहरे शतक से चूके दक्षिण क्षेत्र ने बनाए 536 रन

**बेंगलुरु, एजेंसी**

नारायण जगदीशन (197 रन) अपना दोहरा शतक पूरा करने से महज तीन रन से चूक गए जिससे दक्षिण क्षेत्र ने शुक्रवार को यहां दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में दूसरे दिन उत्तर क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 536 रनों का प्रभावशाली स्कोर बनाया।

दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 297 रन से करने के बाद दक्षिण क्षेत्र ने पूरे दिन (88.2 ओवर) बल्लेबाजी की लेकिन बाकी विकेट खोकर केवल 239 रन ही बना सका। जगदीशन ने रन आउट होने से पहले 352 गेंद में 16 चौके और तीन छक्के लगाए। दक्षिण के बाकी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके लेकिन टीम को सराहनीय स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे। उत्तर क्षेत्र के बल्लेबाजों के पास अब पहली पारी में 537 के स्कोर तक पहुंच कर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए पूरे दो दिन हैं।

**दलीप ट्रॉफी**



नारायण जगदीशन। एजेंसी

### मध्य क्षेत्र का पश्चिम क्षेत्र को माकूल जवाब

**बेंगलुरु :** दानिश मालेवार और शुभम शर्मा की अगुवाई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से मध्य क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को उत्तर क्षेत्र के 438 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 229 रन बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। दिन का खेल खत्म होते समय शुभम शर्मा (60) के साथ कप्तान रजत पाटीदार (47) क्रीज पर डटे हुए थे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 69 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। टीम पहली पारी में उत्तर क्षेत्र से 209 रन पीछे है और उसके आठ विकेट शेष है। क्वार्टर फाइनल में पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ दोहरा शतक जड़ने वाले मालेवार ने धैर्य के साथ पारी की शुरुआत करते हुए 76 रन बनाये। उन्होंने पहले विकेट के लिए आयुष पांडे (40) के साथ 67 रन की साझेदारी कर ठोस शुरुआत दिलाई।

### दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को हराकर वनडे सीरीज जीती

**लंदन :** दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स में मैट ब्रीट्ज़के की 85 रन की रिकॉर्ड पारी की बदौलत दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच रन से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की सीरीज एक मैच शेष रहते अपने नाम कर ली।

दक्षिण अफ्रीका में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 330 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम नौ विकेट पर 325 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से जो रूट (61), जैकब बैथेल (58) और जोस बटलर (61) ने अर्धशतक जमाए। मैच आखिरी ओवर तक गया, जिसमें इंग्लैंड को एक विकेट शेष रहते 16 रन चाहिए थे, पर पुछल्ले बल्लेबाज जोफ्रा आर्चर की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद मेजबान टीम लक्ष्य तक पहुंचने से चूक गई।

**विश्व तीरंदाजी** | आज से शुरू हो रही प्रतियोगिता में अनुभवी दीपिका और युवा गाथा पर रहेंगी सबकी निगाहें

# तीरंदाजों की अगली पीढ़ी चमक बिखेरने को तैयार

**ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

अपने करियर के अंतिम पड़ाव में अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी एक बार फिर विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में पदक जीतने की कोशिश करेंगी। इसमें भारत 15 साल की गाथा खडके की अगुआई में अगली पीढ़ी का प्रदर्शन करने को तैयार है। पुणे की गाथा ने राष्ट्रीय ट्रायल्स में चमकदार प्रदर्शन की बदौलत शनिवार से शुरू हो रहे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए सीनियर टीम में अपनी जगह पक्की की।

अनुभवी दीपिका और अंकिता भकत के साथ गाथा की उपस्थिति ने अतीत और भविष्य की तीरंदाजों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर प्रतिस्पर्धा करने का मंच तैयार कर दिया है। ट्रायल्स में अव्वल रहीं दीपिका के साथ अंकिता और गाथा ने भारत की तीन सदस्यीय रिकर्व महिला टीम बनाई। गाथा ने जुलाई में मैड्रिड में पदार्पण किया था और चीनी ताइपे की ओलंपियन और विश्व कप पदक विजेता चिउ यी-चिंग को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।



दीपिका कुमारी। एजेंसी

उनका अंतिम-16 में पहुंचना इस प्रतियोगिता में भारतीय महिलाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा जिससे वह दीपिका और अंकिता से आगे हो गईं।

वहीं मां बनने के बाद 31 वर्षीय दीपिका के लिए विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का एक और मौका है क्योंकि ओलंपिक के साथ यह पदक भी उनकी कैबिनेट में नहीं है। 2011 में पहली बार हिस्सा लेने बाद से इस सबसे प्रतिष्ठित भारतीय तीरंदाज ने केवल टीम रजत पदक (2011, 2015) जीते हैं लेकिन कोई व्यक्तिगत पदक नहीं जीता है। यह उनकी छठी विश्व चैंपियनशिप होगी। अंकिता महिला टीम की तीसरी सदस्य हैं जिन्होंने दो साल पहले बर्लिन विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था लेकिन पहले ही दौर में बाहर हो गई थीं।

भारतीयों के सामने दक्षिण कोरिया की कड़ी चुनौती होगी जिसकी अगुआई तोक्यो ओलंपिक चैंपियन एन सान तथा मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज लिम सिह्योन कर रही हैं। महिला रिकर्व में कोरियाई टीम प्रबल दावेदार हैं और यह देखना होगा कि क्या भारतीय उनकी बाधा पार कर पाते हैं। पुरुष रिकर्व में धीरज बोम्मादेवरा, नीरज चौहान और राहुल के साथ भारत की अगुवाई करेंगे।

### भारतीय टीम

- **रिकर्व पुरुष :** धीरज बोम्मदेवरा, नीरज चौहान, राहुल। **रिकर्व महिला :** दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, गाथा खडके। **कंपाउंड पुरुष :** प्रथमेश फुगे, अमन सैनी, ऋषभ यादव। **कंपाउंड महिला :** परनीत कौर, पृथिका प्रदीप, ज्योति सुरेखा वेन्नम।